सुप्रभात
रांची, बुधवार
05.04.2023
* नगर संस्करण । पेज : 12

धरती आबा की ऊर्जावान भूमि से प्रकाशित लोकप्रिय दैनिक

# खबर मन्त्र

सबकी बात सबके साथ



khabarmantra.net चैत्र, शुक्ल पक्ष, चतुर्दशी, संवत 2080 मूल्य : ₹ 3 । वर्ष : 10 । अंक : 260

12 'येंतम्मा गाना' पर राम चरण, सलमान और वेंकटेश ने एक साथ दिखाया स्वैग

05 अप्रैल का इफ्तार शाम 6:07 बजे
06 अप्रैल का सेहरी भोर 4:14 बजे




## न्यूज डायरी

### जमशेदपुर में बैंक मैनेजर ने की आत्महत्या

**जमशेदपुर।** बागबेड़ा थाना इलाके में रहने वाले 30 साल के बैंक मैनेजर आनंद भगत ने अपने कमरे में आत्महत्या कर ली। मामले में बागबेड़ा थाना पुलिस का कहना है कि आत्महत्या के कारणों का पता लगाया जा रहा है।

### धीरेंद्र शास्त्री के खिलाफ मुंबई में एफआइआर दर्ज

**मुंबई।** शिरडी के साईबाबा के बारे में विवादित बयान देकर धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री महाराज मुश्किल में फंस गये हैं। बांद्रा पुलिस स्टेशन में धीरेंद्र शास्त्री के खिलाफ शिकायत दर्ज हुई है। उद्धव ठाकरे गुट की युवा सेना के नेता राहुल कनाल ने मुंबई के बांद्रा पुलिस स्टेशन में यह शिकायत दर्ज करायी है।

### टॉप इनामी नक्सली कमांडर काजेश गंझू गिरफ्तार

**पलामू।** प्रतिबंधित नक्सली संगठन भाकपा माओवादी को लगातार झटके लग रहे हैं। पिछले दो दिनों के अंदर माओवादियों का एक इलाके से सफाया हो गया है और उनके टॉप पांच कमांडर मारे गये हैं। पुलिस और सुरक्षाबलों के अभियान में माओवादियों का टॉप कमांडर काजेश गंझू को लातेहार से गिरफ्तार कर लिया है।

### राज्य के तीन खिलाड़ी राष्ट्रीय कैंप में आमंत्रित

**रांची।** जूनियर भारतीय महिला हॉकी टीम का राष्ट्रीय कैंप साई सेंटर, बेंगलुरु में 10 अप्रैल से 27 मई तक लगेगा। इसके लिए झारखंड की तीन महिला हॉकी खिलाड़ियों को भी आमंत्रित किया गया है। दीपिका सोरेंग, महिमा टेटे और काजल बाड़ा को राष्ट्रीय कैंप के लिए बुलाया गया है। तीनों ही खिलाड़ी सिमडेगा जिले की हैं।

### देवघर में पशु तस्करी के नौ आरोपित गिरफ्तार

**देवघर।** जिले के बुढ़ई थाना क्षेत्र अंतर्गत पशु तस्करी के नौ आरोपितों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। आरोपितों में लालु यादव, दिनेश कुमार राय, नंद किशोर यादव, राजा, राजेश राय, अटल यादव, कुंदन कुमार, विनय कुमार, तुलसी यादव शामिल हैं। सभी को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत भेजा गया तथा मवेशियों को देवघर गोशाला में रखा गया।

### ट्विटर के लोगो में चिड़िया की जगह अब डॉगी ने ली

वाशिंगटन। एलन मस्क माइक्रो-ब्लॉगिंग साइट ट्विटर के मालिक बनने के बाद से वह लगातार अपने यूजर्स के लिए कुछ चौंकाने वाला काम करते रहे हैं। इस कड़ी में उन्होंने एक बार फिर एक बड़ा बदलाव किया है। उन्होंने वर्षों पुराना लोगो नीले रंग की चिड़िया को बदल दिया है। इसकी जगह डॉगी को रखा गया है। यह डॉगी डॉगक्वाइन क्रिप्टोकरेंसी जैसा है।

### गहलोत और वसुंधरा राजे कोरोना संक्रमित

**जयपुर।** राजस्थान के सीएम अशोक गहलोत और पूर्व सीएम वसुंधरा राजे कोरोना संक्रमित हो गये हैं। दोनों ने मंगलवार को ट्वीट कर इसकी जानकारी दी। वसुंधरा ने ट्वीट किया- कोविड की जांच में मेरी रिपोर्ट पॉजिटिव आयी है। चिकित्सकों की सलाह पर मैं पूर्ण रूप से पृथक-वास में हूं।

### गहना आभूषण

| | | |
|---|---|---|
| सोना (बिक्री) | : | 57,500 रु./10 ग्राम |
| चांदी | : | 78,000 रु./प्रति किलो |

## नक्सली मुठभेड़ के बाद लावालौंग पहुंचे डीजीपी ने जवानों का बढ़ाया हौसला, कहा

# नक्सली सरेंडर करें या मरने को तैयार रहें

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची/चतरा।** डीजीपी अजय कुमार सिंह ने कहा कि नक्सलियों का समय अब पूरी तरह से समाप्त हो चुका है। वे या तो सरकार की आत्मसमर्पण नीति का लाभ उठाकर हथियार डाल कर मुख्यधारा में लौटें या हमारे सुरक्षा बल उन्हें आमने-सामने की लड़ाई में ढेर कर देंगे। उन्होंने कहा कि चतरा-पलामू सीमांत इलाके पर मिली बड़ी सफलता से नक्सलियों की कमर टूट गयी है। निश्चित तौर पर हमारे जवान प्रोत्साहन के योग्य हैं और उन्हें आगे की रणनीति के लिए भी कई निर्देश दिये गये हैं। सोमवार को चतरा के घोर नक्सल प्रभावित चतरा-पलामू बार्डर पर स्थित लावालौंग में मुठभेड़ में सफलता के बाद राज्य के डीजीपी मंगलवार को वरिष्ठ अधिकारियों संग चतरा के नक्सल गढ़ कहे जाने वाले लावालौंग पहुंचे। डीजीपी ने मुठभेड़ में शामिल जवानों का हौसला बढ़ाते हुए उनके बीच इनाम की राशि का वितरण भी किया।

**पुलिस की बड़ी सफलता :** डीजीपी ने कहा कि गौतम पासवान की टीम को माओवादियों के एक सशक्त दस्ते के रूप में जाना जाता था जो लगातार कई वर्षों से पुलिस बल एवं आम लोगों को क्षति पहुंचा रहा था। यह झारखंड पुलिस के लिए बहुत बड़ी सफलता है। उन्होंने कहा



गुलदस्ता देकर डीजीपी का स्वागत करते डीआइजी व अन्य अधिकारी।

कि उग्रवाद उन्मूलन में झारखंड पुलिस की चौतरफा कार्रवाई जारी रहेगी। झारखंड पुलिस और सीआरपीएफ कुशल नेतृत्व, रणनीति और दृढ़ संकल्प के साथ नक्सलियों के खात्मे के लिए कटिबद्ध है। डीजीपी ने दावा किया कि अन्य नक्सली भी पुलिस के गोली से घायल हुए हैं, जिसकी जांच जारी है। जल्द ही शेष बचे नक्सलियों को भी या तो ढेर कर दिया जायेगा या फिर सलाखों के पीछे भेज दिया जायेगा। जो भी नक्सली अब राज्य में बचे है वे सरेंडर कर दे और सरेंडर पॉलिसी का लाभ उठायें।

(शेष पेज 11 पर)

### लगातार मिल रही सफलता

मौके पर सीआरपीएफ के एडीजी वितुल कुमार ने कहा कि पिछले 2 वर्षों में पुलिस को नक्सलियों के विरुद्ध अच्छी सफलता मिली है। पुलिस महानिदेशक एवं पुलिस महानिरीक्षक के नेतृत्व में झारखंड राज्य में भाकपा माओवादी नक्सली संगठन के विरुद्ध रणनीति बनाकर करारा प्रहार किया जा रहा है। शीर्ष उग्रवादियों की धर-पकड़ के लिए झारखंड पुलिस के द्वारा चलाये जा रहे योजनाबद्ध नक्सल अभियान काफी प्रभावशाली साबित होंगे। मुठभेड़ में मारे गये नक्सलियों के विरुद्ध सरकार ने इनाम घोषित कर रखा था। सैक मेंबर गौतम पासवान के विरुद्ध सरकार ने 25 लाख, सैक मेंबर अजीत उराव उर्फ चार्लिस पर 25 लाख रुपए का इनाम था। जबकि सब जोनल कमांडर अमर गंझू व अजय यादव उर्फ नंदू के विरुद्ध पांच-पांच लाख रुपए का इनाम घोषित था। वहीं संजीत भुईया बिहार में सक्रिय था।

### ये रहे मौजूद

मौके पर एडीजी अभियान संजय आनंद राव लाटकर, आईजी अभियान एवी होमकर, आईजी सीआरपीएफ विधि कुमार बिरदी, डीआइजी हजारीबाग नरेंद्र सिंह, सीआरपीएफ के डीआईजी डीके चौधरी, एसपी राकेश रंजन, 190 बटालियन के कमांडेंट मनोज कुमार मौजूद थे।

# लोहरदगा से आज शुरू होगी कांग्रेस की भारत संकल्प यात्रा

➲ देश में खत्म हो रहे लोकतंत्र को बचाना जरूरी : अविनाश पांडेय

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** झारखंड कांग्रेस प्रभारी अविनाश पांडे मंगलवार को रांची पहुंचे। उन्होंने भाजपा पर निशाना साधते हुए कहा कि आज देश में लोकतंत्र को खत्म किया जा रहा है। इसी के खिलाफ पार्टी पूरे देश और झारखंड में आंदोलन कर रही है और लोगों को इसके बारे में बता रही है। इसके लिए झारखंड में वह जय भारत सत्याग्रह में शामिल होंगे। इसी कड़ी में झारखंड प्रदेश कांग्रेस बुधवार को लोहरदगा से जय भारत संकल्प यात्रा की शरुआत करने जा रही है। जय भारत संकल्प यात्रा में आम जनता को यह बताने की कोशिश करेंगे कि कैसे एक उद्योगपति से पीएम मोदी की दोस्ती देश पर भारी पड़ रही है। हिंडनबर्ग की रिपोर्ट में हुए खुलासे की जेपीसी जांच क्यों जरूरी है। इस कार्यक्रम में झारखंड कांग्रेस के नेता, मंत्री अपने प्रभारी कांग्रेस महासचिव अविनाश पांडे के साथ होंगे।

कांग्रेस, हिंडनबर्ग रिपोर्ट के बाद मोदी और अडाणी के संबंधों को लेकर लगातार आक्रामक रही है। राहुल गांधी की सदस्यता खत्म करने, उनका बंगला खाली कराने के साथ-साथ महंगाई और बेरोजगारी जैसे मुद्दे पर अब जनता के बीच जाने की रणनीति बना चुकी है। राहुल गांधी के समर्थन में पूरे प्रदेश में जय भारत सत्याग्रह यात्रा की शुरूआत झारखंड कांग्रेस कर रही है। उन्होंने कहा कि लोकतंत्र में सबसे बड़ी ताकत होती है सवाल पूछना इसमें विपक्ष की अहम भूमिका होती है, लेकिन अब सवाल पूछने पर अगर हमारे नेता की सदस्यता रद्द कर दी जाये, तो इसके विरोध में जन जन तक संदेश पहुंचाने के लिए कांग्रेस पार्टी शांतिपूर्ण तरीके से आनंदोलन कर रही है।

### 13 दिन यहां रहेंगे राष्ट्रीय महासचिव



झारखंड प्रदेश के प्रभारी बनने के बाद ऐसा पहली बार है, जब 13 दिनों के प्रवास पर राष्ट्रीय महासचिव अविनाश पांडे झारखंड में रहेंगे। इसमें से 12 दिनों में 24 जिलों की यात्रा अविनाश पांडे करेंगे। उनके साथ प्रदेश अध्यक्ष राजेश ठाकुर भी मौजूद रहेंगे। जगह जगह पार्टी कोटे से मंत्री, कांग्रेस विधायक, पार्टी पदाधिकारी, जिला कांग्रेस कमेटी के पदाधिकारी भी शामिल रहेंगे। वहीं जय भारत संकल्प यात्रा को लेकर प्रदेश कांग्रेस कार्यालय में कंट्रोल रूम का गठन किया गया है। जिसके संयोजक पूर्व विधायक केशव महतो कमलेश को बनाया गया है।

## केंद्रीय गृह मंत्रालय ने बंगाल हिंसा पर लिया एक्शन

# ममता सरकार से मांगी रिपोर्ट

- सीएस से पूछा- पुलिस ने क्या कार्रवाई की, हिंसा रोकने को क्या-क्या कदम उठाया
- दो दिन पहले ही राज्यपाल से केंद्रीय गृह मंत्री ने की थी बातचीत

**एजेंसी**

**नयी दिल्ली।** पश्चिम बंगाल में रामनवमी जुलूस के दौरान हिंसा और राज्य की की कानून व्यवस्था को लेकर केंद्रीय गृह मंत्रालय ने ममता सरकार से रिपोर्ट मांगी है। इससे पहले बंगाल भाजपा अध्यक्ष सुकांत मजूमदार ने होम मिनिस्ट्री को चिट्ठी लिखी थी। चिट्ठी के बाद अब गृह मंत्रालय ने ममता सरकार से जवाब मांगा है। उल्लेखनीय है कि पिछले कुछ दिनों में रामनवमी की शोभायात्रा के दौरान हुगली और हावड़ा जिलों में हिंसा की घटनाएं हुई थीं। गृह मंत्रालय की ओर से बंगाल सरकार को जल्द रिपोर्ट देने के लिए कहा गया है। राज्य के मुख्य सचिव को लिखे पत्र में पूछा गया है कि राज्य पुलिस की ओर से हिंसा को लेकर क्या कार्रवाई की गयी। राज्य पुलिस ने हिंसा को लेकर क्या कदम उठाये। इस बाबत पूरी जानकारी मांगी गयी है।

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने हिंसा को लेकर शुक्रवार को पश्चिम बंगाल के राज्यपाल सीवी आनंद बोस से फोन पर बात की थी और स्थिति का जायजा लिया था। शाह ने इस संबंध में भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष सुकांत मजूमदार से भी बात की थी। अब गृह मंत्रालय ने बंगाल सरकार से राज्य में बढ़ती हिंसा और राज्य में कथित रूप से बिगड़ती कानून-व्यवस्था की स्थिति पर रिपोर्ट मांगी है। वहीं पुलिस ने कहा है कि 30 मार्च को उत्सव के दौरान दो समूहों के बीच झड़पें हुईं। इलाके में कई वाहनों को आग लगा दी गयी और दुकानों में तोड़फोड़ की गयी।। हावड़ा में हुई हिंसा के सिलसिले में 30 से अधिक लोगों को गिरफ्तार किया गया था।



### बंगाल पुलिस पर लगाया आरोप

बंगाल हिंसा के बाद पश्चिम बंगाल के भाजपा प्रमुख सुकांत मजूमदार ने राज्य में कानून और व्यवस्था की स्थिति पर केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह को पत्र लिखा था। इस पत्र में उन्होंने आरोप लगाया है कि पश्चिम बंगाल पुलिस हिंदुओं को परेशान कर रही है और उन्हें गिरफ्तार कर रही है। वास्तविक अपराधियों और अल्पसंख्यक समुदाय के अपराधियों को लेकर पुलिस ने आंख मूंद रखी है। उन्होंने गृह मंत्री से मामले में हस्तक्षेप करने की मांग की थी।

### भाजपा और टीएमसी में तकरार

हिंसा की घटना को लेकर भाजपा और टीएमसी में तकरार जारी है। एक ओर भाजपा, पश्चिम बंगाल की टीएमसी सरकार पर जानबूझकर और पूरे प्लानिंग के साथ हमला करवाने का आरोप लगा रही है। वहीं, पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने भी इसके लिए भाजपा को जिम्मेदार ठहराया।

### हिंसा के बाद स्थिति तनावपूर्ण

इधर हिंसा के बाद बंगाल में स्थिति तनावपूर्ण बनी हुई है। हालांकि बंगाल पुलिस ने स्थिति को नियंत्रण में रखा है। स्थिति को नियंत्रण में रखने के लिए भारी संख्या में पुलिस बलों की तैनाती की गयी है। रिसड़ा में इंटरनेट सेवा भी बंद है। वहीं हुगली में सोमवार से ही धारा 144 लागू है।

# तालाब में डूबकर तीन स्कूली छात्राओं की मौत

- नहाने के दौरान हुआ हादसा, गांव में मातम, सन्नाटा

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**गुमला।** सदर थाना क्षेत्र के असनी नवाटोली गांव की तीन स्कूली छात्राओं की तालाब (टांड़ बांध) में डूबने से मौत हो गयी। जानकारी मिलने के बाद परिजन मौके पर पहुंचे और तीनों को तालाब से बाहर निकाला गया। आनन फानन में अस्पताल ले गये, जहां डाक्टरों ने तीनों को मृत घोषित कर दिया। मृतकों में मोनिका कुमार (5), अनीमा कुमारी(8) और अनिता कुमारी (6) के नाम शामिल है।

तालाब के पास कपड़ा धो रही महिलाओं ने जब तीनों को डूबते देखा तो ग्रामीणों को इसकी जानकारी दी। परिजन सहित ग्रामीण मौके पर पहुंचे। कुछ लोग पानी में उतरे और तीनों को बाहर निकाला। जानकारी मिलते ही सदर थाना की पुलिस मौके पर पहुंची। परिजनों ने बताया कि सुबह में तीनों बच्चियां नकटी बरिसा स्कूल गयीं थीं। महावीर जयंती को लेकर के स्कूल में छुट्टी थी, जिसके बाद तीनों बच्चे अपने घर लौट नहाने के लिए एक तलाब चली गयीं।

जानकारी के अनुसार तीनों बच्चियां टांड बांध में नहाने गयी थी। नहाने के क्रम में गहरे पानी में चली गयी जिसे तीनों बच्चियों की मौत हो गयी। घटना की जानकारी बच्चों के परिजनों को गांव के ही सोमरा नामक व्यक्ति ने दी।

(शेष पेज 11 पर)

# गुड न्यूज : आज रिम्स को सीएम देंगे एकेडमिक भवन समेत कई सौगात

➲ डॉक्टरों को नियुक्ति पत्र, कई मशीनों का भी करेंगे उद्घाटन

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** राज्य की हेमंत सोरेन सरकार स्वास्थ्य व्यवस्था की सुधार की दिशा में लगातार काम कर रही है। इसी कड़ी में राज्य के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन बुधावर को रिम्स के एकेडमिक भवन सहित कई मशीनों का उद्घाटन सीएम हेमंत सोरेन करेंगे। मौके पर राज्य के स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता भी रहेंगे। भवन के लोकार्पण के बाद मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन कैथ लैब, एक फोर डी इको मशीन और 128 स्लाइस के सीटी स्कैन मशीन का उदघाटन करेंगे। साथ ही 172 चिकित्सा पदाधिकारियों और 297 सामुदायिक स्वास्थ्य पदाधिकारियों (सीएचओ) के बीच नियुक्ति पत्र भी देंगे। रिम्स में मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के कार्यक्रम को लेकर बरियातू थाने को विधि व्यवस्था संधारण के लिए आयुष निदेशक ने थाना प्रभारी को पत्र लिखा है।

(शेष पेज 11 पर)

### नियुक्त हो रहे 172 चिकित्सा पदाधिकारी



बताते चलें कि सभी 172 चिकित्सा पदाधिकारियों की नियुक्ति जेपीएससी की अनुशंसा पर साक्षात्कार के माध्यम से हुई है। आयोग के द्वारा साक्षात्कार के आधार पर चिकित्सा पदाधिकारियों का चयन किया गया था। झारखंड राज्य के स्वास्थ्य, चिकित्सा शिक्षा एवं परिवार कल्याण विभाग के अंतर्गत चिकित्सा पदाधिकारी मूलकोटि के पदों पर नियमित नियुक्ति परीक्षा विज्ञापन संख्या 07/2021 एवं चिकित्सा पदाधिकारी मूलकोटि के पद पर बैकलॉग नियुक्ति परीक्षा विज्ञापन संख्या 08/2021 के परीक्षा फल का प्रकाशन 6 दिसंबर 2022 को किया गया था।

# खेलो इंडिया : झारखंड की दीप्ति ने जीता गोल्ड

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** सोनीपत (हरियाणा) में आयोजित खेलो इंडिया वूमेंस नेशनल रैंकिंग आर्चरी टूर्नामेंट (फाइनल) में झारखंड की बेटियों ने इतिहास रचा है। सीनियर रिकर्व डिवीजन में मंगलवार को खेले गये मैच में बिरसा मुंडा आर्चरी सेंटर सिल्ली (जोन्हा, रांची) की दीप्ति कुमारी ने गोल्ड मेडल जीता। झारखंड की ही अंकिता भगत फाइनल वूमेंस नेशनल रैंकिंग आर्चरी टूर्नामेंट में दूसरे स्थान पर रही जिसे सिल्वर मेडल मिला है। विजेता दीप्ति को साई की ओर से 5 लाख रुपये का प्राइज मनी दिया गया। झारखंड के ही दो खिलाड़ियों का इस टूर्नामेंट में शीर्ष पोजिशन हासिल करने पर आर्चरी कोच रोहित कोइरी, बिरसा मुंडा आर्चरी एकेडमी की अध्यक्ष नेहा महतो, पूर्व डिप्टी सीएम सुदेश कुमार महतो, आर्चरी कोच प्रकाश राम समेत खेल पदाधिकारियों ने बधाई दी है। गौरतलब है कि खेलो इंडिया वूमेंस नेशनल रैंकिंग आर्चरी टूर्नामेंट के लिए झारखंड से 8 खिलाड़ियों ने क्वालिफाई किया था। क्वालिफिकेशन टेस्ट में सीनियर कंपाउंड डिवीजन में मधुमिता कुमारी, अनिता कुमारी का जबकि जूनियर कंपाउंड में बबीता कुमारी, सीनियर डिवीजन में दीप्ति कुमारी, जूनियर रिकर्व डिवीजन में भावना कुमारी, कोमोलिका बारी, अंकिता भगत और रीता सवैया ने इस टूर्नामेंट में भाग लिया था।

(शेष पेज 11 पर)

➲ अंकिता ने सिल्वर पर साधा निशाना





# ये है पाक की जेड प्लस सुरक्षा, बुर्के में कोर्ट पहुंचे इमरान

**एजेंसी**

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान बुर्के में कोर्ट पहुंचे। यह सुनने में अटपटा जरूर लगता है, लेकिन उनकी पार्टी ने इसे ट्वीट कर सही बताया है। इमरान खान का एक वीडियो सोशल मीडिया पर खूब वायरल हो रहा है। वीडियो में बुर्का पहने इमरान खान को कड़ी सुरक्षा घेरे में कोर्ट ले जाया जा रहा है।

तस्वीर में जो सबसे अधिक चौंकाने वाली बात है, वह है इमरान के चेहरे का ढंका होना। तस्वीर में इमरान के चेहरे को काले बुर्के से ढंक दिया गया है। उस बुर्के से बाहर देखने के लिए दो छोटे-छोट छेद भी बने हुए हैं। दरअसल, बुर्के की शक्ल का बुलेटप्रूफ जैकेट है। इसे इमरान खान ने कंधे तक ओढ़ रखी है। साथ ही उनके चारों ओर बड़ी संख्या में सुरक्षा कर्मी मौजूद हैं। वे बुलेटप्रूफ बैलिस्टिक शील्ड को लेकर चल रहे हैं। इस शील्ड के जरिये उन्होंने इमरान को घेर रखा है। इसका उद्देश्य यह है कि कहीं से भी कोई आक्रमण न कर दे।

अब सोशल मीडिया पर खूब तंज कसे जा रहे हैं। किसी ने कहा कि देखो, पाकिस्तान का जेड प्लस सुरक्षा इंतजाम, तो किसी ने कहा कि इमरान खान को क्या हो गया है। दरअसल, इमरान खान मंगलवार को लाहौर के एंटी टेररिज्म कोर्ट में पेश हुए थे। कोर्ट ने इमरान खान को आदेश दिया था कि वे सुनवाई के दौरान उपस्थित रहें, इसलिए उन्हें कोर्ट लाया गया था।



बुर्का पहन कोर्ट में हाजिरी लगाने जाते पाकिस्तान के पूर्व पीएम इमरान खान।

### इमरान पर है गंभीर आरोप

इमरान पर पुलिस टीम पर हमला करने का आरोप है। उन पर हाथापाई और आगजनी को लेकर भी आरोप लगे हैं। इमरान खान पर तीन नवंबर 2022 को हमला किया गया था। हमले में उन्हें पैर में गोली लगी थी। इस घटना के बाद से इमरान खान और उनके समर्थकों का आरोप है कि उन्हें आसानी से निशाना बनाया जा सकता है, इसलिए कड़ी सुरक्षा व्यवस्था जरूरी है।

# नाथुला में हिमस्खलन सात की मौत, 80 फंसे

➲ सेना ने मोरचा संभाला, कई लोग अब भी लापता

**एजेंसी**

**गंगटोक/दार्जिलिंग।** सिक्किम के नाथुला इलाके में मंगलवार को हुए एक भीषण हिमस्खलन में 7 पर्यटकों की मौत हो गयी। 20 अन्य घायल हैं। 50 लोगों के लापता होने की भी खबर आ रही है। हिमस्खलन मंगलवार दोपहर करीब 12 बजकर 20 मिनट पर हुआ। मरने वालों में चार पुरुष, एक महिला और एक बच्चा शामिल है। हादसे में 150 लोग फंस गये थे। मंगलवार दोपहर सिक्किम की राजधानी गंगटोक से 28 किलोमीटर दूर पूर्वी सिक्किम में सांगामो झील के पास जेएन रोड पर मील 17 पर हिमस्खलन हुआ। इससे पर्यटकों की कई कारें खाई में गिर गयीं। भारतीय सेना, सिक्किम पुलिस, आपदा प्रतिक्रिया दल और विभिन्न स्वयंसेवी संगठनों ने सूचना मिलते ही बचाव कार्य शुरू कर दिया।



(शेष पेज 11 पर)


## आयोग ने चार प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए जारी किया विज्ञापन

# जेपीएससी और जेएसएससी में आज से 3849 पदों के लिए कर सकते हैं ऑनलाइन आवेदन

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** राज्य के युवाओं के लिए अच्छी खबर है। झारखंड लोक सेवा आयोग (जेपीएसएस) झारखंड कर्मचारी चयन आयोग (जेएसएससी) ने नियुक्ति नियमावली में संशोधन के बाद पिछले दिनों 3849 पदों पर नियुक्ति को लेकर चार प्रतियोगिता परीक्षाओं के लिए विज्ञापन जारी किया था। योग्य अभ्यर्थी 5 अप्रैल से इसके लिए ऑनलाइन आवेदन कर सकेंगे।

### इन पदों के लिए कर सकते हैं आवेदन



- झारखंड प्रयोगशाला सहायक प्रतियोगिता परीक्षा-2023 के लिए भौतिक शास्त्र, रसायन शास्त्र और जीव विज्ञान विषयों के लिए कुल 690 पद (हर विषय के लिए 230)। 5 अप्रैल से 6 मई तक कर सकते हैं ऑनलाइन आवेदन।
- स्नातकोत्तर प्रशिक्षित शिक्षक प्रतियोगिता परीक्षा - 2023 (बैकलॉग) के कुल 265 पद के लिए 5 अप्रैल से 4 मई तक कर सकते हैं ऑनलाइन आवेदन।
- स्नातकोत्तर प्रशिक्षित शिक्षक प्रतियोगिता परीक्षा - 2023 (नियमित) के कुल 2855 पदों के लिए 5 अप्रैल से 4 मई तक कर सकते हैं ऑनलाइन आवेदन।
- 59 राजकीय/राजकीयकृत बालक एवं बालिका प्लस-टू में प्राचार्य (प्रिंसिपल) पद पर सीधी नियुक्ति के कुल पद - 39 पदों के लिए 5 अप्रैल से 8 मई तक कर सकते हैं ऑनलाइन आवेदन।

### पूर्व में जिन अभ्यर्थियों ने फॉर्म भरा है, उन्हें आवेदन फीस से मिलेगी छूट

बताते चलें कि उपरोक्त पदों में से प्रयोगशाला सहायक और स्नातकोत्तर प्रशिक्षित शिक्षकों की नियुक्ति के लिए पिछले साल विज्ञापन जारी हुआ था। हजारों अभ्यर्थियों ने ऑनलाइन फॉर्म भी भरा था। लेकिन दिसंबर 2022 में हाईकोर्ट द्वारा नियोजन नीति रद्द किए जाने के बाद जेएसएससी ने कई विज्ञापनों को वापस ले लिया था। पिछली कैबिनेट में नियुक्ति नियमावली में संशोधन कर नए सिर से विज्ञापन जारी किया गया है। जारी विज्ञापन में जेएसएससी ने कहा है कि जिन अभ्यर्थियों ने पहले आवेदन किया था, उन्हें किसी तरह की फीस नहीं देनी होगी। ऐसे अभ्यर्थियों को पूर्व में मिले अपने रजिस्ट्रेशन नंबर और जन्मतिथि को आवेदन के साथ भरना होगा। इन उम्मीदवारों को फीस में छूट दी जा रही है। परंतु उन्हें नये सिरे से आवेदन करना होगा।

# वंदे भारत एक्सप्रेस रांची से अप्रैल माह के अंतिम सप्ताह में होगी शुरू

### लोको पायलट और चालक दल का प्रशिक्षण शुरू

खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेन रांची से पटना का संचालन अप्रैल महीने के अंतिम सप्ताह में होगा। यह ट्रेन झारखंड की पहली वंदे भारत एक्सप्रेस होगी। वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेन आने से रांची से पटना की दूरी में करीब 6 घंटे की कटौती होने की उम्मीद है। साथ ही वंदे भारत ट्रेन टाटीसिलवे, बीआईटी मेसरा, बरकाकाना और हजारीबाग शहरों से होते हुए पटना और रांची को कवर करेगी और अन्य वंदे भारत ट्रेनों की तरह सप्ताह में 6 दिन चलेगी। जानकारी हो कि इस ट्रेन के लॉन्च होने के बाद यह भारत की 15वीं वंदे भारत एक्सप्रेस होगी। हाल ही में 1 अप्रैल को भोपाल-नई दिल्ली वंदे भारत ट्रेन के रूप में भारत की 11वीं वंदे भारत एक्सप्रेस का शुभारंभ हुआ। लोको पायलटों और चालक दल के सदस्यों को वंदे भारत ट्रेनें चलाने का प्रशिक्षण देना शुरू हो चुका है। खबरों की मानें तो दक्षिण पूर्व रेलवे के अधिकारियों को वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेन चलाने के लिए तैयार रहने को कहा गया है और इस ट्रेन का मेंटेनेंस हटिया यार्ड में किया जाएगा।

### 350 किमी की दूरी 6 घंटे से कम समय में



यह अपने उद्घाटन के दौरान 160 किमी प्रति घंटे की गति सीमा को पार करने वाली पहली वंदे भारत एक्सप्रेस भी है। उम्मीद है कि पटना-रांची वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेन के रांची जंक्शन से सुबह 7:30 बजे खुलेगी और दोपहर 2 बजे पटना रेलवे स्टेशन पहुंचेगी, जो 350 किमी की दूरी को 6 घंटे से कम समय में तय करती है। वहीं, वापसी में सेमी-हाई स्पीड ट्रेन पटना से दोपहर साढ़े तीन बजे रवाना होगी और 6 घंटे में दूरी तय कर रात साढ़े दस बजे रांची पहुंचेगी।

# परिवारवादी पार्टियों को लोकतंत्र पर बोलने का नहीं है नैतिक अधिकार : दीपक प्रकाश

### भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष ने कहा- भारत के डीएनए में लोकतंत्र है समाया




खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष एवं सांसद दीपक प्रकाश ने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के उस बयान पर तीखी प्रतिक्रिया दी है, जिसमें उन्होंने केंद्र सरकार पर लोकतंत्र को समाप्त करने का आरोप लगाया है। श्री प्रकाश ने कहा कि परिवारवादी पार्टियों को लोकतंत्र पर बोलने का कोई नैतिक अधिकार नहीं है। झामुमो जैसी परिवारवादी पार्टी राजतंत्र की मानसिकता से ग्रसित हैं। उन्होंने कहा कि झामुमो बताये जिस पार्टी में पिता अध्यक्ष, पुत्र कार्यकारी अध्यक्ष, मां उपाध्यक्ष और भाभी एवं भाई सभी केंद्रीय पदाधिकारी हों, उसमे कौन सी लोकतांत्रिक व्यवस्था चल रही है। उन्होंने कहा सीएम हेमंत जी बतायें कि आपातकाल लगाकर देश में लोकतंत्र को समाप्त करने की साजिश करने वाली कांग्रेस से लोकतंत्र का कैसे भला होगा। उन्होंने कहा कि कांग्रेस और उसकी परिक्रमा करने वाली झामुमो, राजद, समाजवादी पार्टी, तृणमूल आदि सभी क्षेत्रीय पार्टियां मिलकर देश में परिवार तंत्र लाना चाहते हैं। उन्होंने कहा कि देश की जनता ऐसा कभी नहीं होने देगी। भारत की आत्मा लोकतंत्र है। यहां के डीएनए में लोकतंत्र है। उन्होंने कहा कि देश की जनता ने अब ऐसी पार्टियों के मंसूबों पर पानी फेरना शुरू कर दिया है। ऐसी पार्टियों की वास्तविकता उजागर हो चुकी है। उन्होंने कहा कि तुष्टिकरण और परिवार कल्याण में जी जान से जुटे मुख्यमंत्री ने तीन वर्षों में राज्य को बबार्दी के कगार पर पहुंचा दिया है।

# सभी जिलों में बनेगा डिस्ट्रिक्ट अर्ली इंटरवेंशन सेंटर

## बच्चों में जन्मजात बीमारियों का होगा खेल-खेल में इलाज

### कोडरमा के डिस्ट्रिक्ट अर्ली इंटरवेंशन सेंटर को मिली मंजूरी



सुधीर

**रांची।** स्वास्थ्य विभाग ने राज्य के सभी जिलों में एक-एक डिस्ट्रिक्ट अर्ली इंटरवेंशन सेंटर बनाने का निर्णय लिया है। यहां बच्चों में जन्मजात बीमारियों (कान, आंख, मस्तिष्क, विकलांगता आदि की बीमारी से जन्म से पीड़ित) का बेहतर तरीके से इलाज किया जायेगा। वहीं सेंटर में बच्चों के खेलने-कूदने का भी इंतजाम होगा, ताकि बच्चों का खेल-खेल में इलाज किया जा सके। सरकार के स्तर पर राज्य के हॉस्पिटलों की व्यवस्था सुधारने को लगातार कोशिश हो रही है। इसी कड़ी में बच्चों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं मुहैया कराने की व्यवस्था भी की जा रही है। विभाग की ओर से कोडरमा जिले में बच्चों के इलाज के लिए डिस्ट्रिक्ट अर्ली इंटरवेंशन सेंटर (डीईआइसी) खोलने की इजाजत दे दी गयी है। इसके साथ ही यहां डीईआइसी खोलने का रास्ता साफ हो गया है।

### एक करोड़ रुपए मिले हैं सेंटर को

कोडरमा में एक करोड़ में रुपए में डीईआइसी का निर्माण कराया जाएगा। यह सुविधा डिस्ट्रिक्ट सदर हॉस्पिटल में ही मिलेगी। इस फंड से बिल्डिंग स्ट्रक्चर, मशीन, इक्विपमेंट्स की खरीदारी की जाएगी। अपर मुख्य सचिव स्वास्थ्य अरुण कुमार सिंह ने इसकी स्वीकृति दे दी है। जल्द ही यह राशि कोडरमा जिले को आवंटित कर दी जाएगी। इसके बाद वहां पर बच्चों का इलाज शुरू कर दिया जाएगा।

### क्या होता है डीईआइसी

डीईआइसी सेंटर में जन्मजात बीमारियों से पीड़ित बच्चों का इलाज किया जाएगा। भवन निर्माण के बाद जिला स्वास्थ्य समिति सेंटर के लिए जल्द ही जरूरी सामग्री की खरीद की जायेगी। सामग्री की खरीद के लिए एक करोड़ रुपये दिये जा चुके हैं। सेंटर शुरू होने से वैसे बच्चों को सहुलियत होगी जो कान, आंख, मस्तिष्क, विकलांगता आदि की बीमारी से जन्म से पीड़ित होते हैं। इसके लिए स्वास्थ्य विभाग की टीम सभी आंगनबाड़ी केंद्रों और स्कूलों में भी कैंप लगायेंगे। सेंटर पर ऑडियोमेट्रिस्ट, फिजियोथेरेपिस्ट, स्पीचथेरेपिस्ट और पेडियाट्रीशियन भी मौजूद रहेंगे।

# राहुल गांधी के समर्थन में कांग्रेसियों ने निकाला मशाल जुलूस



खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** झारखंड प्रदेश कांग्रेस के निर्देश पर राहुल गांधी के समर्थन में मंगलवार को रांची महानगर एवं राची जिला कांग्रेस के संयुक्त तत्वावधान में जय भारत सत्याग्रह संकल्प यात्रा कार्यक्रम के तहत लोकतंत्र बचाओ मशाल शांति मार्च महानगर कांग्रेस अध्यक्ष डॉ कुमार राजा एवं जिला कांग्रेस अध्यक्ष डॉ राकेश किरण महतो के नेतृत्व में निकाला गया। कार्यक्रम में प्रदेश कांग्रेस प्रभारी अविनाश पांडे, प्रदेश अध्यक्ष राजेश ठाकुर, कार्यकारी अध्यक्ष बंधु तिर्की, मंत्री बन्ना गुप्ता एवं बादल पत्रलेख, विधायक नमन विकसल कोंगाड़ी, राजेश कच्छप, दीपिका पाण्डे सिंह, युवा कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष अभिजीत राज की गरिमायी उपस्थिति रही। मशाल जुलूस में हजारों की संख्या कांग्रेस कार्यकर्त्ताओं ने कांग्रेस का झंडा एवं मशाल लेकर राजभवन तक पैदल मार्च किया और केंद्र की मोदी सरकार एवं उनके देश-विरोधी नीतियों एवं अडानी महाघोटाले के विरुद्ध जमकर आवाज बुलंद की।

इस मौके पर प्रदेश प्रभारी अविनाश पाण्डे ने मोदी सरकार पर कहा कि ये लड़ाई मित्रकाल के विरुद्ध लोकतंत्र को बचाने की लड़ाई है। आज भाजपा ने झूठ-प्रपंच की सारी हदें पार कर ली है। ये सत्य की लड़ाई है, कांग्रेस पार्टी ना पहले तानाशाहों के आगे कभी झुका है और न कभी झुकेगी।

प्रदेश अध्यक्ष राजेश ठाकुर ने कहा कि मौजूदा दौर में केंद्र सरकार देश की आत्मा यानि लोकतंत्र को ध्वस्त करने में लगी है। यह बात सिर्फ कांग्रेस पार्टी नहीं कह रही है, दुनिया भर के तमाम मीडिया संस्थान भी बोल रहे हैं।

मंत्री बन्ना गुप्ता ने कहा कि आज विदेश के अखबारों में भारतीय लोकतंत्र पर लगातार हमले को लेकर खबरे छप रही हैं। लोगों के बीच आज भी सवाल बना हुआ है कि मोदी जी का अडानी से क्या रिश्ता है एवं 20,000 करोड़ किसके हैं?

महानगर अध्यक्ष डॉ. कुमार राजा ने कहा कि प्रधानमंत्री आज अडानी से मित्रता निभाने में देश के करोड़ों लोगों की गाढ़ी कमाई को एसबीआई-एलआईसी के जरिए लुटा रहे हैं।

रांची जिला कांग्रेस अध्यक्ष डॉ. राकेश किरण महतो ने कहा कि अडानी के खिलाफ राहुल गांधी संसद में आवाज उठाते हैं तो उनका माइक म्यूट कर दिया जाता है, सड़क पर आवाज उठाते हैं, तो वहां रोक दिया जाता है और तो और साजिश करके संसद की सदस्यता को रद्द करा दिया जाता है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी जी देश को क्यो नहीं बता रहे हैं कि अडानी के विभिन्न शेल कंपनियों में 20,000 करोड़ रुपये किसके हैं? केंद्र क्यों नहीं जेपीसी गठन कराकर इसकी जांच करा रहा है।

कार्यक्रम में केशव महतो कमलेश, रवींद्र सिंह, राजीव रंजन प्रसाद, राकेश सिन्हा, डॉ. एम तौसिफ, ईश्वर आनंद, अजय नाथ शाहदेव, शिव कुमार भगत, जवाहर महथा, कुमार गौरव, रमा खलखो, केदार पासवान, गजेन्द्र सिंह, आभा सिंहा, विनय सिन्हा दीपू, सुरेश बैठा, संजय कुमार, इंदिरा देवी, विनोद सिंह, माधो कच्छप, शिव उरांव, मेरी तिर्की, सुंदरी तिर्की, महताब आलम, साबिर अंसारी, समेत अन्य लोग शामिल थे।

# भाजपा के नेताओं की दिल्ली में हुई बैठक 11 अप्रैल के प्रदर्शन की तैयारी पर चर्चा की



खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष एवं सांसद दीपक प्रकाश के दिल्ली स्थित आवास पर मंगलवार को आवश्यक बैठक हुई। इस बैठक में पार्टी के सांसदगण उपस्थित थे। इसमें 11 अप्रैल के प्रदर्शन की तैयारी पर चर्चा की गयी। इसमें प्रदेश प्रभारी लक्ष्मीकांत वाजपेई, नेता विधायक दल बाबूलाल मरांडी, संगठन महामंत्री कर्मवीर सिंह सहित सभी सांसद शामिल थे। इसमें सभी सांसदों को जिम्मेवारी मिली। सांसद आदित्य साहू, अनुसूचित जनजाति मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष सांसद समीर उरांव, केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा, अन्नपूर्णा देवी, डॉ निशिकांत दुबे, पीएन सिंह, सुदर्शन भगत, जयंत सिन्हा, सुनील सिंह, सुनील सोरेन, बीडी राम, संजय सेठ, विद्युत वरण महतो शामिल थे। बैठक में पूर्व प्रदेश अध्यक्ष डॉ दिनेशानंद गोस्वामी, महामंत्री डॉ प्रदीप वर्मा, बालमुकुंद सहाय भी उपस्थित थे।

बैठक में राज्य संपोषित भ्रष्टाचार, राज्य सरकार की वादा खिलाफी, तुष्टिकरण की पराकाष्ठा, ध्वस्त विधि व्यवस्थ, युवा,महिला, किसान, पिछड़ा विरोधी निर्णय पर विस्तार से चर्चा हुई और जनभावनाओं के अनुरूप राज्य सरकार के खिलाफ आंदोलन तेज करने का निर्णय लिया गया। बैठक में आगामी 11 अप्रैल को रांची में आयोजित प्रोजेक्ट भवन घेराव कार्यक्रम को सफल बनाने केलिए सभी सांसदों को जिम्मेवारी सौंपी गई।

# चुआड़ विद्रोह के महानायक क्रांतिवीर रघुनाथ महतो का शहादत दिवस मनाएगी आजसू पार्टी

### शहादत स्थल में बने प्रवेश द्वार का उद्घाटन करेंगे आजसू प्रमुख सुदेश महतो

खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** अंग्रेजी हुकुमत के विरूद्ध प्रथम संगठित विद्रोह के महानायक वीर शहीद क्रांतिवीर रघुनाथ महतो के शहादत दिवस पर आजसू पार्टी पूरे राज्य में श्रद्धांजलि सभा का आयोजन करेगी। आजसू पार्टी के केंद्रीय मुख्य प्रवक्ता डॉ. देवशरण भगत ने कहा कि वीर शहीद रघुनाथ महतो सहित झारखंड के वीर सपूतों के साथ इतिहासकारों ने न्याय नहीं किया। उन्हें वो जगह, वो स्थान नहीं मिला, जिसके वे असली हकदार थे। स्वतंत्रता सेनानियों एवं आंदोलनकारियों को सम्मान देने को लेकर हमारी पार्टी हमेशा से मुखर रही है। हमारी सात सूत्री मांगों में यह मांग भी प्राथमिकता से शामिल है। शहीदों के सम्मान के लिए झारखंड के पूर्व उपमुख्यमंत्री एवं केंद्रीय अध्यक्ष सुदेश कुमार महतो ने निरंतर प्रयासरत रहे हैं और विधानसभा के पटल पर इस मुद्दे पर मुखर होकर अपनी बात तथा अपने सुझाव रखते आए हैं।

डॉ. भगत ने कहा कि कल रघुनाथ महतो की शहादत स्थली लोटा-किता में श्रद्धांजलि सभा सह रक्तदान शिविर का आयोजन किया जाएगा। इस दौरान आजसू प्रमुख सुदेश कुमार महतो शहीद रघुनाथ महतो की शहादत स्थली के सौंदर्यीकरण हेतु कई योजनाओं का शिलान्यास करेंगे, नवनिर्मित प्रवेश द्वार का उद्घाटन करेंगे तथा शहीद परिवारों को सम्मानित भी करेंगे।

## जिला खेल पदाधिकारी उपवन बाड़ा का निलंबन वापस

**रांची।** राज्य के खेल मंत्री हफीजुल हसन के आदेश पर जिला खेल पदाधिकारी उपवन बाड़ा को निलंबन मुक्त कर दिया गया है। इसे लेकर विभाग की ओर से सोमवार को अधिसूचना जारी कर दी गयी है। इसके साथ ही उपवन बाड़ा ने 102 दिन बाद फिर से अपनी जिम्मेवारी संभाल ली है। उपवन बाड़ा को लोहरदगा का डीएसओ बनाया गया है। जारी अधिसूचना के अनुसार, लोहरदगा डीएसओ का प्रभार लातेहार डीएसओ शिवेंद्र सिंह के पास था। अतिरिक्त प्रभार होने की वजह से डीएसओ स्तर के काम प्रभावित हो रहे थे। अब उपवन बाड़ा को लोहरदगा डीएसओ का प्रभार दिया गया है। बताते चलें कि उपवन बाड़ा को सरकारी आदेश की अवहेलना और अपने दायित्वों के निर्वहन में लापरवाही के आरोप में निलंबित किया गया था।

# अंडमान में बसे झारखंडी मजदूरों को मिले हक : भाजपा


### भारत के संविधान के तहत अनुसूचित जनजाति में शामिल कराने के लिए अंडमान निकोबार के उप राज्यपाल को प्रशान्त राज शाहदेव ने सौंपा ज्ञापन

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** भाजपा किसान मोर्चा के प्रदेश कार्यसमिति सदस्य सह लोहरदगा प्रभारी प्रशांत राज शाहदेव ने मंगलवार को अंडमान निकोबार द्वीप समूह के उप राज्यपाल को पत्र सौंप कर प्रवासी मजदूरों को उचित हक देने की मांग की। उन्होंने अंडमान निकोबार में स्थित 400 से भी अधिक परिवार जो की मूलतः झारखंड के दक्षिणी छोटानगपुर के सिमडेगा, गुमला, लोहरदगा, खूंटी, रांची के आदिवासी और जिसमें बड़ी संख्या में मुंडा, उरांव, लोहरा, खड़िया समाज के आदिवासी हैं, उन्हें अभी तक अनुसूचित जनजाति के अधिकारों से वंचित रखा गया है।

श्री शाहदेव ने बतलाया कि जब वह अंडमान निकोबार गये तो झारखंड के आदिवासी भाई बहनों से उन्हें मिलने का मौके मिला लेकिन जब उनकी परिस्थिति के बारे में जानकारी हुई तो बड़ा दुख हुआ। उन्होंने बताया कि वे आदिवासी परिवार 1906 में झारखंड से अंडमान के जंगलों को काटने के लिए लाए गए थे और 1946 से 1950 के बीच 12000 आदिवासी को झारखंड से लाकर यहां वन विभाग के कार्यों में लगाया था। उन आदिवासियों ने अपनी कर्मशीलता का परिचय देते हुए विषम समय में अंडमान के जंगलों को काट कर सड़क का निर्माण किया। उन्होंने उप राज्यपाल से आग्रह किया कि झारखंड के इन आदिवासी परिवारों को संरक्षण देने का और इनके मौलिक अधिकारों के साथ साथ सामाजिक उत्थान करायें।

# राज्य में धार्मिक उन्माद फैलानेवालों के खिलाफ सरकार धर्मनिरपेक्ष दलों की बैठक करे : वामदल




खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** सीपीआई, सीपीआईएम एवं सीपीआई एमएल सहित वामदलों की संयुक्त बैठक मंगलवार को भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी कार्यालय में केडी सिंह की अध्यक्षता में हुई। बैठक में महेंद्र पाठक, केडी सिंह, अजय कुमार सिंह, प्रकाश विप्लव, मनोज भक्त उपस्थित थे।

बैठक के बाद भाकपा के राज्य सचिव महेंद्र पाठक ने बताया कि देश में धर्म के नाम पर संप्रदायिक तनाव पैदा कर 2024 के लिए बहुसंख्यक मतों के ध्रुवीकरण कराने के लिए भारतीय जनता पार्टी बेताब है। यही कारण है कि वर्तमान समय में देश के कई राज्यों में जहां पर धर्मनिरपेक्ष सरकार है। उन्हें बदनाम करने के लिए बीजेपी कई हथकंडे अपना रही है। रामनवमी जैसे त्योहार में बिहार के कई जिलों के साथ झारखंड में भी बीजेपी और आरएसएस द्वारा संचालित उत्पाती संगठनों ने उत्पात मचाने का प्रयास किया था। जिसे राज्य की जनता ने नकार दिया।

महेन्द्र पाठक ने कहा कि रामनवमी बीत जाने के बाद भी संताल परगना प्रमंडल के साहेबगंज जिला मुख्यालय में उपद्रवियों द्वारा बार-बार अशांति उत्पन्न कर सद्भाव को कमजोर किए जाने का षड्यंत्र किया जा रहा है। बीजेपी के साजिश को नाकाम करने के लिए मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को सर्वदलीय बैठक बुलाकर इस पर रोक लगाने की पहल करनी चाहिए।

वहीं प्रकाश विप्लव ने कहा कि राज्य सरकार धनबाद जिले के निरसा, जमशेदपुर और साहेबगंज में घटित घटनाओं की त्वरित जांच कर दोषियों को कड़ी सजा दिलाये। भाकपा माले के राज्य सचिव मनोज भट ने कहा कि मुख्यमंत्री राज्य में घटित उपरोक्त घटनाओं पर प्रशासनिक कदमों के साथ-साथ राजनीतिक रुप से भी आगे बढ़ें।

## जय भारत संकल्प यात्रा में शामिल होने रांची पहुंचे प्रदेश कांग्रेस प्रभारी अविनाश पांडेय, कहा

# लोकतंत्र समाप्त करने कोशिश कर रही भाजपा



खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** राहुल गांधी की सदस्यता समाप्त होने पर पूरे देश में सियासी घमासान मचा हुआ है। इसी के मद्देनजर झारखंड में भी कांग्रेस के नेता और कार्यकर्ता लगातार विरोध कर रहे हैं। इसके लिए राहुल गांधी के समर्थन में पूरे प्रदेश में जय भारत संकल्प यात्रा की शुरूआत प्रदेश कांग्रेस बुधवार को लोहरदगा से कर रही है। कांग्रेस के इसी कार्यक्रम में शामिल होने के लिए प्रदेश प्रभारी अविनाश पांडेय मंगलवार को रांची पहुंचे। रांची पहुंचने के साथ ही उन्होंने भारतीय जनता पार्टी पर आक्रोश जाहिर करते हुए कहा कि आज की तारीख में लोकतंत्र को समाप्त करने की कोशिश की जा रही है।

झारखंड प्रदेश कांग्रेस के प्रभारी अविनाश पांडे ने रांची पहुंचने पर कहा कि बीजेपी की कोशिश देश में लोकतंत्र को समाप्त करने की है। इसी को नाकामयाब करने के लिए कांग्रेस ने जब सवाल उठाए तो भारतीय जनता पार्टी ने उनका मुंह बंद करने की कोशिश की है। अविनाश पांडे ने रांची एयरपोर्ट पर पत्रकारों से बात करते हुए कहा कि लोकतंत्र में सबसे बड़ी ताकत होती है सवाल पूछना इसमें विपक्ष की अहम भूमिका होती है, लेकिन अब सवाल पूछने पर अगर हमारे नेता की सदस्यता रद्द कर दी जाए, तो इसके विरोध में जन जन तक संदेश पहुंचाने के लिए कांग्रेस पार्टी शांतिपूर्ण तरीके से आनंदोलन कर रही है।

कांग्रेस प्रभारी ने बताया कि 5 अप्रैल से 16 अप्रैल तक प्रदेश के सभी 24 जिलों में सभाएं की जाएंगी। इसके जरिए कांग्रेस पार्टी के साथ जितने भी संगठन हैं एक साथ आवाज उठाएंगे। कार्यक्रम के माध्यम से लोगों की समस्या को सदन तक पहुंचाने का भी काम किया जाएगा। भारत जोड़ो यात्रा, हाथ से हाथ जोड़ो कार्यक्रम के बाद भारत संकल्प यात्रा कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। इन सभी कार्यक्रमों का एक ही उद्देश्य है कि ज्यादा से ज्यादा लोगों तक पहुंच कर कांग्रेस के प्रति उनका विश्वास बढ़ाया जा सके।

वहीं, अविनाश पांडे ने ये भी कहा कि भले ही चुनाव करीब हों लेकिन हमारे कार्यक्रम का उद्देश्य चुनाव जीतना नहीं है बल्कि जनता को जागरूक करना है। इसे जनता यह जान सकेगी कि वह जो वोट कर रहे हैं वह लोकतंत्र के पक्ष में कर रहे हैं या विपक्ष में। वहीं, एनसीईआरटी किताब से मुगलों के चैप्टर को हटाने पर कांग्रेस प्रभारी अविनाश पांडे ने कहा कि ये बहुत ही दुखद है, पूरे मामले पर कांग्रेस नजर बनाई हुई है। जिस तरह से देश में तुगलकी फरमान चल रहे हैं उससे कहीं ना कहीं आम जनता परेशान है। इन सब चीजों को लेकर आने वाले समय में कांग्रेस आवाज उठाएगी और जनता को साथ लेकर चलेगी।

# 2014 में विस चुनाव लड़ चुकी है नक्सली गौतम की पत्नी मनोरमा!

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** पलामू-चतरा सीमा पर तीन अप्रैल को सुरक्षा बलों के साथ मुठभेड़ में मारे गये पांच इनामी नक्सलियों में सबसे खुंखार गौतम उर्फ सुरेश उर्फ अरूण उर्फ ब्रम्हदेव पासवान की पत्नी मनोरमा देवी के बारे में नया खुलासा हुआ है। मनोरमा देवी वर्ष 2014 में विधानसभा चुनाव लड़ी थी। तब उस इलाके में गौतम पासवान का जबरदस्त प्रभाव था, लेकिन अनुसूचित जाति के लिए रिजर्व इस क्षेत्र के वोटरों ने माओवादी से बेखौफ होकर मनोरमा के बजाय अपना नेता किसी और को मान लिया था। चुनाव में मनोरमा देवी की जमानत जब्त हो गई थी। चुनाव में सात उम्मीदवार मैदान में खड़े थे, जिनमें से मनोरमा देवी अकेली महिला प्रत्याशी थी। चुनाव में कुल 1,81,904 वोटरों ने वोट डाले गए थे, इसमें 38.34 वोट के साथ भाजपा के प्रत्याशी जय प्रकाश भोक्ता ने जीत हासिल की थी। दूसरे नंबर पर 27.03 प्रतिशत वोट के साथ जेवीएम प्रत्याशी सत्यानंद भोक्ता का स्थान रहा था। तीसरे स्थान पर 20.52 प्रतिशत वोट के साथ राजद प्रत्याशी जनार्दन पासवान को संतोष करना पड़ा था।

## मनोरमा देवी को मिले थे सबसे कम वोट

इस चुनाव में 25 लाख के इनामी माओवादी गौतम पासवान की पत्नी मनोरमा देवी को सबसे कम सिर्फ 3,041 वोट मिले थे। जानकारी के मुताबिक मारे गये माओवादी गौतम पासवान के तीन पुत्र हैं। घर में ट्रैक्टर, स्कॉर्पियो भी था, जिसे पुलिस जब्त कर चुकी है।

## आंगनबाड़ी सेविका भी रही हैं मनोरमा

जानकारी के मुताबिक मनोरमा देवी प्रतापपुर के कठौतिया लिपता स्थित आंगनबाड़ी में सेविका का काम करती थीं। वह मूल रूप से प्रतापपुर थाना क्षेत्र के बभने पंचायत के सोनबरसा गांव की निवासी हैं। चुनाव लड़ने से पूर्व मनोरमा देवी ने आंगनबाड़ी सेविका के पद से इस्तीफा दे दिया था। कुछ दिन पहले सोनबरसा वाले घर पर पुलिस ने छापा मारा था। संबंधित पंचायत के कुछ लोगों ने बताया कि मनोरमा देवी मूलरूप से कुंदा थाना क्षेत्र के हेसातू गांव की निवासी हैं। मारा गया गौतम पासवान मूल रूप से बिहार में गया के डुमरिया के महुगांव निवासी था।

## परिजनों ने एनकाउंटर को बताया फर्जी

पुलिस-नक्सली मुठभेड़ में पांच इनामी माओवादियों को ढेर करने के मामले में पुलिस पर प्रश्नचिह्न लग रहा है। मुठभेड़ में मारे गए नक्सलियों के परिजनों ने इसे फर्जी मुठभेड़ बताया है। परिजनों ने कहा कि इस मामले को लेकर मानवाधिकार आयोग व अदालत में जाने की बात कही है। साथ ही उच्चस्तरीय जांच कराने की मांग की जाएगी। परिजनों ने बताया कि सभी नक्सली सरेंडर करना चाह रहे थे, लेकिन पुलिस ने सभी को पकड़ कर गोली मार दी। मंगलवार की सुबह सदर अस्पताल में पोस्टमार्टम के बाद शव लेने पहुंचे परिजनों ने गंभीर आरोप लगाया। नक्सली गौतम पासवान की पत्नी मनोरमा देवी ने कहा कि उनके पति का एनकाउंटर नहीं किया गया है, बल्कि बांधकर मारा गया है। सरेंडर करने के बाद उन्हें बांधकर सिर में गोली मारकर हत्या की गई है। पुलिस ने धोखा देकर हत्या की है। मनोरमा देवी ने कहा कि मानवाधिकार आयोग में केस करेंगे और मामले की जांच कराएंगे। वह सरेंडर कराने के प्रयास में लगी हुई थी। पुत्री प्रियंका देवी ने कहा कि पिता ने पुलिस के समक्ष सरेंडर किया था। इसके बाद पुलिस ने धोखा देकर गोली मार दी। इससे पहले उनके पिता को रस्सी से बांधकर पीटा गया है। गौतम के बड़े पुत्र चंदन कुमार ने कहा कि फर्जी एनकाउंटर में पिता को मारा गया है। पिता को पकड़कर मारा गया।

# पुलिस महानिदेशक आज संगठित अपराध की करेंगे समीक्षा बैठक



खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** झारखंड में सक्रिय संगठित आपराधिक गिरोहों पर नकेल कसने के लिए डीजीपी अजय कुमार सिंह आज समीक्षा बैठक करेंगे। समीक्षा बैठक में सीआईडी डीजी, सभी रेंज के डीआईजी और एटीएस एसपी और सभी जिले के एसएसपी, एसपी शामिल होंगे। डीजीपी द्वारा जारी आदेश में कहा गया है कि बीते 17 मार्च को हुई बैठक में दिये गये दिशा निर्देश के अनुरूप अद्यतन अनुपालन प्रतिवेदन के साथ सभी पदाधिकारी बैठक में भाग लेंगे।

**संगठित आपराधिक गैंग के सदस्यों पर लगाम लगाने का निर्देश :** डीजीपी अजय सिंह ने पिछले बार हुई समीक्षा बैठक में सभी जिलों में सक्रिय संगठित अपराधिक गैंग और उसके सदस्यों की गतिविधियों को लेकर चर्चा की थी। बैठक में बड़े अपराधियों पर कार्रवाई के लिए योजना बनायी थी। सभी पुलिस अधीक्षकों को जिम्मा दे दिया गया है कि अगर जेल में बंद अपराधी रंगदारी मांग रहे हैं, तो उन पर सीसीए के तहत कार्रवाई की जाये। वहीं जेल से जमानत पर छूटे अपराधियों पर लगाम कसा जा सके, इसके लिए जिलाबदर की कार्रवाई और जिलों के एसपी को अपराधिक मामलों में संलिप्तता पाये जाने पर उनकी जमानत रद्द करने का निर्देश दिया गया था। फिलहाल झारखंड में 12 से अधिक संगठित आपराधिक गिरोह सक्रिय हैं। जिसमें डॉन अखिलेश सिंह, डब्लू सिंह, सुजीत सिन्हा, अमन सिंह, अमन साहू, सुशील श्रीवास्तव, भोला पांडे और अनिल शर्मा जैसे कुख्यात गैंग शामिल हैं।

## रांची नगर निगम में प्रमोशन का मामला

# हाइकोर्ट ने लगायी फटकार, डीएमए शीघ्र वापस ले विभागीय कार्रवाई का आदेश

खबर मन्त्र संवाददाता



**रांची।** रांची नगर निगम में फोर्थ ग्रेड में नियुक्त कर्मियों के थर्ड ग्रेड में प्रमोशन से संबंधित अवमानना याचिका की सुनवाई झारखंड हाईकोर्ट में हुई। सुनवाई के दौरान डायरेक्टरेट ऑफ म्युनिसिपल एडमिनिस्ट्रेशन- डीएमए की ओर से प्रार्थी की हस्तक्षेप याचिका पर जवाब दाखिल किया गया। कोर्ट ने डीएमए के जवाब पर असंतोष जताते हुए मौखिक कहा कि आपने इस बात का जवाब नहीं दिया है कि कंटेम्प्ट प्रोसीडिंग के बीच में नगर निगम कर्मचारी संघ के सिर्फ इन्हीं कर्मियों को नोटिस जारी किया, इनकी क्या गलती थी। डीएमए को अनुशंसा या प्रपोजल भेजने वाले नगर आयुक्त, उप नगर आयुक्त एवं अन्य उच्चाधिकारियों के खिलाफ क्यों कार्रवाई नहीं हुई। विभागीय कार्रवाई का आदेश देने में पीक एंड चूज क्यों किया गया? अवमानना की प्रोसिडिंग के बीच इस तरह का एक्शन क्यों लिया? खंडपीठ ने डीएमए को कड़ी फटकार लगाते हुए कि कहा कि निगम कर्मचारी संघ के कर्मियों के खिलाफ विभागीय कार्रवाई के आदेश को वापस ले अन्यथा कोर्ट जब इस मामले में आदेश देगा तो कड़ा आदेश दे सकता है। कोर्ट ने मामले में डीएमए डीएमए को पूरक शपथ पत्र दाखिल करने का निर्देश देते हुए मामले की सुनवाई 11 अप्रैल निर्धारित की है।

प्रार्थी की ओर से आईए दायर कर रांची नगर निगम कर्मचारी संघ के दो कर्मियों को डीएमए के द्वारा शो-काउज नोटिस जारी करने एवं उनपर विभागीय कार्रवाई शुरू करने के आदेश पर सवाल उठाया गया है।

दरअसल, प्रार्थी फोर्थ ग्रेड कर्मियों की ओर से वर्ष 2013 में हाई कोर्ट में रिट दाखिल की गई थी। जिस पर हाईकोर्ट की एकल पीठ ने वर्ष 2020 में मामले को निष्पादित करते हुए आदेश दिया था कि रांची नगर निगम की बोर्ड ने जब निर्णय लिया है कि ये कर्मी उच्च पद पर काम कर रहे हैं और वे थर्ड ग्रेड के पद के लिए एलिजिबल है इसलिए उन्हें प्रमोट कर देंगे, तो रांची नगर निगम की बोर्ड अपने इस निर्णय को लागू करे लेकिन निगम की ओर से कोर्ट के इस आदेश का पालन नहीं किया गया। जिसके बाद प्रार्थी रांची नगर निगम कर्मचारी संघ की ओर से हाईकोर्ट में अवमानना याचिका दाखिल की गई।

# रिम्स के लॉन्ड्री कर्मियों को 9 महीने से वेतन नहीं, आज करेंगे कार्य बहिष्कार

**रिम्स में सीएम हेमंत सोरेन से करेंगे शिकायत**

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** रिम्स में इलाजरत मरीजों को प्रबंधन द्वारा बेडशीट और कंबल दिये जाता है। वहीं अस्पताल के ऑपरेशन थियेटर के कपड़े, चिकित्सकों के गाउन समेत अन्य कपड़ों की धुलाई रिम्स के लॉन्ड्री में की जाती है। साथ ही धुली हुई बेडशीट को आयरन कर वार्डों में पहुंचाने की जिम्मेवारी भी यहां काम करने वाले कर्मचारियों पर होती है। परंतु बीते 9 महीने से इन्हें पैसे का भुगतान नहीं किया जा रहा है। इस कारण कर्मचारियों में आक्रोश है। लॉन्ड्री कर्मियों ने कहा कि रोज अपनी ड्यूटी निभाने के बाद भी अपनी मेहनत के पैसे के लिए भटक रहे हैं। हमारी सुनने वाला कोई नहीं है। अधिकारियों के कार्यालय का चक्कर काट कर थक चुके हैं। सभी ने एक स्वर में कहा कि बुधवार को सीएम हेमंत सोरेन रिम्स के एक कार्यक्रम में आ रहे हैं। उनसे मिलकर अपनी बातों को रखेंगे। कर्मियों ने कहा कि बुधवार को लॉन्ड्री के कामकाज को ठप करेंगे।

# इटालियन डेलीगेट पहुंचे रांची स्मार्ट सिटी, किया भ्रमण

खबर मन्त्र संवाददाता



**रांची।** यूरोपियन यूनियन इंटरनेशनल अर्बन एंड रीजनल कॉपरेशन प्रोग्राम (आईयूआरसी) के तहत इटली का एक प्रतिनिधिनिमंडल तीन दिनों के रांची प्रवास पर है। इसमें इटली के रेजियो एमीलिया की डिप्टी मेयर कारलोटा बॉनविसिनी और उनके दो सहयोगी शामिल हैं। मंगलवार को प्रतिनिधिमंडल ने रांची में निमार्णाधीन रांची स्मार्ट सिटी का दौरा किया और स्मार्ट सिटी की सुविधाओं की जानकारी ली। इस दौरान स्मार्ट सिटी के जीएम राकेश कुमार नंदक्योलियार ने उन्हें पावर प्वाइंट प्रेजेंटेशन के जरिए सारी जानकारी दी। प्रतिनिधिमंडल को कमांड कंट्रोल एंड कम्यूनिकेशन सेंटर भी दिखाया गया।

बता दें कि रांची और रेजियो एमीलिया के बीच कॉपरेशन सस्टनेबल अर्बन डेवलपमेंट इनॉगरेशन प्रोग्राम की शुरूआत हुई है। जिसके तहत दोनों शहरों के बीच नन मोटराइज्ड ट्रांसपोर्ट को बढ़ावा देने के लिए नॉलेज शेयरिंग के कार्यक्रम होने हैं। रांची स्मार्ट सिटी कॉरपोरेशन की ओर से बताया गया कि नन मोटराइज्ड ट्रांसपोर्ट को बढ़ावा देने के लिए रांची शहर में पब्लिक बाइसिकल शेयरिंग सिस्टम कार्यरत है, जिसका लाभ हर वर्ग के लोग ले रहे हैं।

# सीएम से मिलकर शिक्षा की समस्याओं के निराकरण की पहल करेगा शिक्षक मोर्चा

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ झारखंड प्रदेश की कोर कमेटी की बैठक मंगलवार को रांची में हुई। महासंघ के प्रांत संयोजक आशुतोष कुमार ने अध्यक्षता की। मौके पर शिक्षा सचिव ने निर्गत आदर्श दिनचर्या की समीक्षा की। सदस्यों ने कहा कि उक्त दिनचर्या से झारखंड की शिक्षा व्यवस्था पर प्रतिकूल असर पड़ेगा। भिन्न-भिन्न सामाजिक, आर्थिक, नैतिक, सांस्कृतिक एवं भौगोलिक क्षेत्रों से आने वाले बच्चों को राज्य में रोबोटिक की तरह से एक समान दिनचर्या लागू करना अव्यवहारिक होगा। पदधारियों ने कहा कि मात्र शैक्षणिक काल बढ़ाने से ही शिक्षा में गुणवत्ता को प्राप्त नहीं किया जा सकता। इसके लिए छात्र एवं कक्षा के अनुरूप शिक्षक की उपलब्धता, विद्यालयों में जरूरी भौतिक संसाधनों के साथ पीने के पानी एवं खेल मैदान जैसी न्यूनतम आवश्यकताएं पूरी करनी होंगी। इसके बाद ही मानक राष्ट्रीय नई शिक्षा नीति 2020 के अनुरूप गुणवत्तायुक्त शिक्षा व्यवस्था के लक्ष्य को प्राप्त किया जा सकेगा। सदस्यों ने कहा कि आरटीई के मानक वार्षिक शैक्षणिक घंटे से लगभग 350 घंटे ज्यादा वार्षिक शिक्षण कार्य सरकारी विद्यालयों में किए जा रहे हैं। इसके बाद भी सिर्फ शैक्षणिक घंटे पर जोर देना अव्यावहारिक सोच से ज्यादा कुछ भी नहीं है।

भीषण गर्मी में अपराह्न 1 से 2 तक और सर्दी में अपराह्न 3 से 4 तक खेलकूद की गतिविधियां विद्यार्थियों की सेहत के अनुकूल नहीं है। इसके साथ बच्चों को 6 से 7 घंटे तक लगातार विद्यालय में ठहराव, बाल मनोविज्ञान मोंटेसरी, मोंटेसरी शिक्षा व्यवस्था के प्रतिकूल होगी। इससे बच्चों में शिक्षा के प्रति अरुचि पैदा होगी। बच्चों में ड्रॉपआउट बढ़ने की आशंका बढ़ेगी।

महासंघ ने कहा कि राज्य के सरकारी विद्यालयों में पढ़ने वाले अधिकांश बच्चे प्रातःकालीन विद्यालय में बिना खाना खाए आते हैं। उन्हें 11.30 बजे तक भूखे पेट रखना उनके नैसर्गिक अधिकार से वंचित रखने के समान होगा। इस संबंध में झारखंड प्रदेश संयुक्त शिक्षक मोर्चा के बैनर तले मुख्यमंत्री से लेकर राज्य के तमाम शिक्षा पदाधिकारियों को ज्ञापन सौंपा जाएगा। वार्ता के माध्यम से उक्त समस्याओं का निराकरण करने की पहल की जाएगी।

सदस्यों ने कहा कि विभाग के द्वारा विकसित ई-विद्या वाहिनी एप के माध्यम से पूरे राज्य के शिक्षक अपने मोबाइल से प्रतिदिन अपनी उपस्थिति ऑनलाइन दर्ज करते हैं। इसके लिए सरकार द्वारा पूर्व में सभी विद्यालयों को टेबलेट आवंटित किया गया था, जो अब पूरी तरह खराब हो चुका है। महासंघ ने सरकार से बार-बार उच्च गुणवत्तायुक्त टेबलेट उपलब्ध कराने की अपील की, परंतु अभी तक इस संबंध में पहल नहीं हुई है। गोड्डा जिला के प्रतिनिधि ने बताया कि जिला में महज 1 या 2 मिनट अपने मोबाइल में उपस्थिति दर्ज करने वाले शिक्षकों को चिन्हित कर उनका वेतन रोकने का आदेश जिला शिक्षा पदाधिकारी ने दिया है और यह गलत है।

## झारखंड पुलिस के समक्ष जनवरी में ही सरेंडर कर चुका है नवीन यादव

# नक्सली मुठभेड़ में पुलिस के लिए तुरूप का पत्ता साबित हुआ कमांडर नवीन यादव!

**वर्ष 2011 में चतरा के तत्कालीन सांसद इंदर सिंह नामधारी के काफिले पर किया था हमला**

कुबेर सिंह

**रांची।** तीन अप्रैल को चतरा के लावालौंग में सैक सदस्य सह 25 लाख इनामी नक्सली गौतम पासवान समेत पांच नक्सलियों के मुठभेड़ में मार गिराने में नक्सली कमांडर नवीन यादव पुलिस के लिए तुरूप का पत्ता साबित हुआ। हालांकि, इस बाबत झारखंड पुलिस ने चुप्पी साध ली है। नक्सली नवीन यादव ने जनवरी, 2023 के महीने में ही पुलिस के समक्ष सरेंडर कर दिया है। नवीन उर्फ सर्वजीत यादव भी 25 लाख का इनामी नक्सली है।



**48 जवानों की हत्या का है आरोपी :** झारखंड-बिहार में पुलिस और सुरक्षाबलों के 48 जवानों की हत्या का आरोप इनामी नक्सली कमांडर नवीन यादव उर्फ सर्वजीत यादव पर है। झारखंड के चतरा जिला अंतर्गत प्रतापपुर थाना क्षेत्र का बांसखूटा गांव निवासी नवीन हाल तक माओवादियों के सुरक्षित गढ़ बूढ़ा पहाड़ में सक्रिय था। पुलिस और सुरक्षाबलों ने ऑपरेशन ऑक्टोपस के तहत तीन महीने पहले जब बूढ़ा पहाड़ को नक्सलियों से मुक्त कराया, तभी से वह सरेंडर की कोशिश में लगा था।

नवीन माओवादियों की रीजनल कमेटी का मेंबर रहा है। उसका आतंक झारखंड के पलामू, लातेहार, चतरा, गढ़वा और मध्य बिहार के औरंगाबाद, गया आदि जिलों में पिछले कई वर्षों से कायम था। इन इलाकों में पिछले एक दशक में नक्सलियों के ज्यादातर हमलों में वह शामिल रहा है। उसके ऊपर बिहार-झारखंड के विभिन्न थाना क्षेत्रों में 60 से ज्यादा मामले दर्ज हैं। पुलिस ने जनवरी 2019 में नवीन यादव की पलामू के रेड़मा में 18.5 एकड़, चतरा के प्रतापपुर में 12.78 एकड़ जमीन भी जब्त की थी।

## 2016 में 10 जवानों पर हमले में था शामिल

नवीन यादव पर 48 जवानों की हत्या का आरोप है। जून 2016 में बिहार के औरंगाबाद-गया सीमा पर बड़ा नक्सल हमला हुआ था, जिसमें 10 जवान शहीद हुए थे। इस हमले में माओवादियों का नेतृत्व नवीन यादव ही कर रहा था। वह वर्ष 2013 में लातेहार के कटिया में सुरक्षा बलों पर हमले का भी मुख्य आरोपित है, जिसमें एक साथ 17 जवान शहीद हुए थे। 2011 में चतरा के तत्कालीन सांसद इंदर सिंह नामधारी के काफिले हमले में आठ जवान और जनवरी 2012 में गढ़वा के भंडरिया में नक्सल हमले में थाना प्रभारी समेत 13 जवान शहीद हुए थे। इन हमलों में भी नवीन यादव शामिल रहा है।

# दक्षिण पूर्व रेलवे जोन : वित्त वर्ष में 202.62 मिलियन टन माल ढुलाई कर बनाया रिकार्ड

खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** रेलवे की कुल कमाई में बड़ा हिस्सा माल ढुलाई से आता है। माल ढुलाई में दक्षिण पूर्व रेलवे जोन ने नया रिकॉर्ड बनाया है। दक्षिण पूर्व रेलवे जोन ने वित्त वर्ष 2022-23 में 202.62 मिलियन टन की माल ढुलाई की है। यह दक्षिण पूर्व रेलवे जोन का अब तक का सर्वाधिक माल लोड किया है। पिछले वर्ष की तुलना में इस साल माल ढुलाई में 3.9 फीसदी की वृद्धि हुई है। इसी के साथ दक्षिण पूर्व रेलवे ने मंत्रालय द्वारा दिये गये लक्ष्य को वित्तीय वर्ष में पार कर लिया है। इस दौरान दक्षिण पूर्व रेलवे ने माल ढुलाई से सबसे अधिक राजस्व 16,350.56 करोड़ अर्जित की है जो पिछले साल की तुलना में 11.46% अधिक है। इस प्रारंभिक वर्ष में माल ढुलाई से 18,225.47 करोड़ रुपये अर्जित किया गया है।

**वित्त वर्ष में 51.86 मिलियन टन कोयला लोड हुआ :** वित्त वर्ष के दौरान 51.86 मिलियन टन कोयले लोड किया गया। जो पिछले वर्ष की तुलना में 24% अधिक है। इस्पात संयंत्रों की माल ढुलाई में 7%, सीमेंट में 17%, उर्वरक में 3% और पेट्रोलियम उत्पादों में 5% की वृद्धि हुई है। माल ढुलाई और राजस्व के अलावा दूसरे सेक्टर में भी दक्षिण पूर्व रेलवे जोन ने अब तक का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन किया है।

**16 फीसदी बढ़ा राजस्व :** 2022-23 में दक्षिणी पूर्वी रेलवे ने 21,333 करोड़ की कमाई कर अब तक का सर्वाधिक सकल मूल राजस्व हासिल किया है। जो पिछले वित्तीय वर्ष की तुलना में 16% अधिक है। इस रेलवे जोन ने टिकट चेकिंग से 105.80 करोड़ की कमाई की जो पिछले साल की तुलना में 148% अधिक है। इस वर्ष दक्षिण जोन ने 8.70 करोड़ का सर्वश्रेष्ठ गैर-किराया आय अर्जित किया। जो पिछले साल तुलना में 89% अधिक है। रेलवे रिकॉर्ड के अनुसार, दक्षिण पूर्व रेलवे ने 390.30 करोड़ स्क्रैप बिक्री की कमाई से हासिल की है। जो पिछले वित्तीय वर्ष की तुलना में 21% अधिक है। इस जोन ने ट्रैक नवीनीकरण कार्य में भी सर्वश्रेष्ठ प्रर्दशन किया है।

## खबर एक नजर में

### कैबिनेट की बैठक कल होगी

**रांची।** मंत्रिमंडल सचिवालय एवं निगरानी विभाग समन्वयद्ध द्वारा सूचित किया गया है कि मंत्रिपरिषद् की बैठक गुरुवार 6 अप्रैल को अपराह्न 4 बजे से झारखंड मंत्रालय स्थित में होगी।

### सीएम ने दी महावीर जयंती की बधाई



**रांची।** मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन ने सभी को महावीर जयंती की हार्दिक बधाई और शुभकामनाएं दी है। उन्होंने कहा कि जैन धर्म के 24वें तीर्थंकर महावीर स्वामी जी का जीवन त्याग और तपस्या का प्रतीक था। उन्होंने दुनिया को सत्य,अहिंसा, संयम और क्षमा का उपदेश दिया। उनके दर्शन को अपनाकर मानव अपने जीवन को सार्थक बना सकता है।

### सीएम से मिले मेजर जनरल विकास चौधरी



**रांची।** मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन से मंगलवार को मेजर जेनरल श्री विकास चौधरी ( युद्ध सेवा मेडलद्ध जीओसी-23 डिवीजन, दीपाटोली कैंट) रांची ने शिष्टाचार भेंट की। इस मौके पर राज्य में मिलिट्री सिविलाइजेशन और फायरिंग रेंज एरिया को लेकर विचार विमर्श हुआ।

### सीएम से मिले कार्टूनिस्ट मनोज सिन्हा



**रांची।** मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन से मंगलवार को कार्टूनिस्ट और कैरिकेचर कलाकार मनोज सिन्हा ने औपचारिक मुलाकात की। इस अवसर पर उन्होंने खुद से उकेरी गई दिशोम गुरु शिबू सोरेन और मुख्यमंत्री की तस्वीर उन्हें सप्रेम भेंट की।

### पत्नी की हत्या के आरोपी को नहीं मिली बेल

**रांची।** अपर न्यायायुक्त पीके शर्मा की अदालत ने पत्नी की हत्या के आरोप में जेल में बंद कोकर के न्यू आदर्श नगर निवासी आरोपी पिंटू शर्मा की जमानत अर्जी सुनवाई बाद खारिज कर दी है। उस पर अपनी पत्नी पूजा शर्मा की हत्या करने का आरोप है। घटना को लेकर मृतक की मां ने सदर थाना में प्राथमिकी कांड संख्या 73/23 दर्ज कराई है। मालूम हो कि आरोपी 18 फरवरी 2023 से जेल में है। पिंटू शर्मा की शादी फरवरी 2013 में पूजा से हुई थी।

### अपराधी शिव शर्मा की जमानत याचिका खारिज

**रांची।** एटीएस मामले के विशेष न्यायाधीश पीके शर्मा की अदालत ने गैंगस्टर अमन श्रीवास्तव के अपराध में शामिल बिहार के बेगूसराय जिले मझौल निवासी कुमार शिवेंद्र उर्फ शिव शर्मा की जमानत याचिका सुनवाई के बाद खारिज कर दी है। एटीएस ने आरोपी को 17 दिसंबर 2022 को गिरफ्तार किया था। तब से वह जेल में है। आरोपी पर अमन श्रीवास्तव से नियमित संपर्क में रहने का आरोप है। एटीएस की ओर से दाखिल चार्जशीट में उस पर अपराध में संलिप्तता पाई गई है। अदालत ने सभी तथ्यों और परिस्थितियों को ध्यान में रखते हुए उसकी जमानत अर्जी खारिज कर दी। मालूम हो कि एटीएस ने गैंगस्टर अमन श्रीवास्तव समेत 15 के खिलाफ 18 जनवरी 2022 को प्राथमिकी दर्ज की थी।

### धन शोधन मामले में विनोद गंझू की जमानत याचिका पर इडी ने जवाब के लिए मांगा समय

**रांची।** मनी लांड्रिंग मामले में आरोपी भोक्ता कंस्ट्रक्शन, चतरा के मालिक विनोद कुमार गंझू की जमानत याचिका की सुनवाई झारखंड हाईकोर्ट में हुई। मामले में ईडी ने जवाब दाखिल करने के लिए समय की मांग की। हाईकोर्ट के न्यायमूर्ति गौतम कुमार चौधरी की कोर्ट ने मामले की अगली सुनवाई 17 अप्रैल निर्धारित की है। बताते चले कि विनोद कुमार गंझू के चतरा स्थित आवास से वर्ष 2016 में पुलिस की छापेमारी में करीब 91 लाख बरामद हुए थे। इस मामले को लेकर टंडवा थाने में कांड संख्या 2/ 2016 दर्ज किया गया था। इसी मामले को लेकर एनआईए ने केस दर्ज किया था। इसी के आधार पर ईडी ने भी विनोद कुमार गंझू के खिलाफ मनी लांड्रिंग का आरोप लगाते हुए केस दर्ज किया है। दरअसल, विनोद कुमार गंझू मगध ऑगेर्नाइजिंग कमेटी के प्रेसिडेंट है, ट्रांसपोर्ट कंपनी चलाते हैं। वर्ष 2016 में उनके आवास पर पुलिस की छापेमारी में 91 लाख रुपए बरामद हुए थे। नक्सली संगठनों के साथ उनकी संलिप्तता का आरोप है।

### शहीद रघुनाथ महतो की प्रतिमा का अनावरण आज

**रांची।** अंग्रेजी शासन काल के दौरान हुए चुआड़ विद्रोह के महानायक शहीद रघुनाथ महतो के शहादत दिवस पर बुधवार को उनके आदमकद प्रतिमा का अनावरण किया जाएगा। प्रतिमा हाईटेंशन मैदान नामकुम में लगायी गयी है। इस कार्यक्रम में कई मंत्री, पूर्व मंत्री, सांसद, पूर्व सांसद, विधायक, पूर्व विधायक सहित कई गणमान्य लोग शामिल होंगे। यह जानकारी रघुनाथ महतो न्यास समिति के संरक्षक पूर्व मंत्री केशव महतो कमलेश एवं अध्यक्ष कौशल्या देवी ने दी है।

### झारखंड पुलिस मेंस एसोसिएशन भंग

**प्रदेश अध्यक्ष ने दिया इस्तीफा**

**रांची।** झारखंड पुलिस मेन्स एसोसिएशन के अध्यक्ष राकेश पांडेय ने मंगलवार को कार्यकारिणी भंग करते हुए अपने पद से इस्तीफा दे दिया। राकेश पांडेय ने डीजीपी को पत्र लिखा है, क्योंकि डीजीपी इसके सर्वे सर्वा हैं। साथ ही 24 मार्च 2021 से प्रत्यक्ष सभी 19 केंद्रीय कार्यकारिणी सदस्यों को उनके पैतृक जिला, वाहिनी में योगदान देने की बात लिखी है। राकेश पांडेय ने कहा है कि पुलिस मेन्स एसोसिएशन में सिपाही व हवलदारों से चंदा राशि गबन की बात प्रकाश में आने पर डीआईजी कार्मिक द्वारा एसोसिएशन को मिली चंदे के ऑडिट का निर्देश मिला है। सभी शाखाओं, जिला वाहिनी से रिकॉर्ड मांगते हुए कोषाध्यक्ष व महामंत्री को पत्र लिखा गया है। केन्द्रीय कार्यालय में शाखाओं से प्राप्त अभिलेखों की जांच केंद्रीय एसोसिएशन कार्यकारिणी ने किया। जिसमें गड़बड़ी पाये जाने पर संबंधित निर्वाचित एसोसिएशन पदाधिकारी को बताया गया। लेकिन संबंधित पदाधिकारी इसपर बहाना बनाकर चुप्पी साधे रहे। वहीं एक ही कैडर के सिपाही/ हवलदार होने की वजह से निर्णय नहीं लिया जा सका। राकेश पांडेय के लिखे पत्र में कहा गया है, गुटबाजी करते हुए रोज केन्द्रीय एसोसिएशन परिसर में जमावड़ा लगाया जाने लगा। जिससे भय का माहौल बनने लगा। केन्द्रीय एसोसिएशन में ही पुलिस कर्मियों के ठहरने वाले एलएस गेस्ट हाउस में भी वित्तीय अनियमितता पायी गई है। वहां भी अवैध रूप से कब्जा है और आम लोगों का जमावड़ा लगाया जा रहा है। जिसकी लिखित सूचना संबंधित अधिकारी को भी दी गयी। फिर भी कुछ असर नहीं हुआ।

### अप्लास्टिक एनीमिया का सफल इलाज राजधानी रांची के सैंटेविटा हॉस्पिटल में

**रांची।** अप्लास्टिक अनीमिया जैसे दुर्लभ व गंभीर रोग का इलाज राजधानी रांची में उपलब्ध हो गया है। पूरे झारखंड के लिए यह पहला केस है जिसमें डॉ अभिषेक रंजन ने हॉर्स एटीजी के साथ इम्यूनोसप्रेसिव पद्धति द्वारा 84 वर्षीय महिला का सफल इलाज कर उसकी जान बचाई। डॉ अभिषेक रंजन ने बताया कि अप्लास्टिक एनीमिया एक दुर्लभ व गंभीर बीमारी है जो एक लाख में एक को होती है। डॉ अभिषेक रंजन ने कहा कि हॉर्स ए.टी.जी. बहुत महंगी दवा है, इसे देने की प्रक्रिया अब तक सीएमसी वेल्लोर, टाटा कैंसर अस्पताल मुंबई और क्लिनिकल हेमेटोलॉजी विभाग के बड़े कॉर्पोरेट अस्पतालों जैसे उन्नत केंद्रों में ही सम्भव है। डॉ रंजन ने कहा कि सेन्टेविटा हॉस्पिटल में 15 से 18 लाख के न्यूनतम खर्च पर इस दुर्लभ बीमारी का सफल इलाज किया गया।

## आज का राशिफल 05-04-2023

**मेष** : आज का दिन अच्छा रहेगा। आकस्मिक धन लाभ होने की संभावना है, जिससे आर्थिक स्थिति मजबूत होगी। मित्रों का सहयोग मिलेगा। गुस्से पर नियंत्र और वाणी पर संयम रखें, अन्यथा वाद-विवाद हो सकता है। हितशत्रुओं से भी सावधान रहें। स्वास्थ्य का ध्यान रखें।

**वृषभ** : आज का दिन शुभ रहेगा। मनोरंजन के भरपूर अवसर मिलेंगे। मित्रों के साथ पार्टी या पिकनिक पर जा सकते हैं। कारोबार में लाभ के अवसर रहेंगे। मान-प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी। परिश्रम की अधिकता रहेगी। वस्त्राभूषण, वाहन तथा भोजन का अच्छा सुख प्राप्त होगा।

**मिथुन** : आज का दिन अच्छा रहेगा। प्रतिस्पर्धियों पर विजय प्राप्त होगी। नौकरी और व्यावसायिक स्थल पर वातावरण अनुकूल रहेगा। भाई-बंधुओं का सहयोग मिलेगा। शारीरिक रूप से स्वस्थता और मानसिक रूप से प्रफुल्लता का अनुभव करेंगे। घर का वातावरण आनंदप्रद रहेगा।

**कर्क** : विद्याप्राप्ति के लिए आज का दिन अनुकूल है। शैक्षिक कार्यों के सुखद परिणाम मिलेंगे। आय में वृद्धि के योग रहेंगे। आर्थिक आयोजन भी अच्छी तरह से होंगे। कुछ पुराने मित्रों से मुलाकात हो सकती है। अधिनस्थ कर्मचारियों से इच्छानुसार सहयोग में कमी रहेगी।

**सिंह** : आज का दिन मिला-जुला रहेगा। आर्थिक लाभ मिलने की संभावना रहेगी। संतान की ओर से सुखद समाचार मिल सकते हैं। माता-पिता और मित्रों से अच्छा सहयोग मिलेगा। खर्चों में वृद्धि होने से मानसिक रूप से भी परेशान रहेंगे।

**कन्या** : आज का दिन अच्छा रहेगा। व्यवसायी अच्छा लाभ कमाएंगे। आमदनी बढ़ाने के प्रयास सफल होंगे और अनुभवों का लाभ मिलेगा। कारोबार से जुड़ी यात्रा पर जा सकते हैं। सामाजिक रूप से मान-सम्मान में प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी। अनावश्यक खर्चों में वृद्धि से मन अशांत रहेगा।

**तुला** : आज का दिन सामान्य रहेगा। कार्यक्षेत्र में बाधाएं आएंगी, लेकिन अपने प्रयासों से कारोबार में मुनाफा और नौकरी में तरक्की मिलने की संभावना है। कार्यभार की अधिकता रहेगी। क्रोध पर नियंत्रण और वाणी पर संयम बरतें, अन्यथा किसी से वाद-विवाद हो सकता है। स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहें।

**वृश्चिक** : आज का दिन अच्छा रहेगा। धनप्राप्ति के योग रहेंगे। कारोबार में अच्छा मुनाफा मिलेगा। नौकरी में अफसरों का सहयोग तो मिलेगा, लेकिन स्थान परिवर्तन की संभावना बन रही है।

**धनु** : आज का दिन मिला-जुला रहेगा। अनावश्यक खर्च अधिक होंगे, लेकिन आर्थिक स्थिति में सुधार लाने के अवसर मिलेंगे। परिवारजनों के साथ कलह होने की संभावना है। किसी धार्मिक स्थान की यात्रा पर जा सकते हैं।

**मकर** : आज का दिन अच्छा रहेगा। कारोबार में आर्थिक लाभ मिलने की संभावना रहेगी। नौकरी में अफसरों का सहयोग मिलेगा और तरक्की के अवसर मिल सकते हैं। आर्थिक योजनाएं भी सफलतापूर्वक संपन्न कर सकेंगे।

**कुम्भ** : आज का दिन शुभ फलदायी रहेगा। कार्य क्षेत्र में प्रगति के अवसर में मिलेंगे। नौकरी में स्थान परिवर्तन की संभावना बन रही है। उच्च अधिकारियों पर आपके कार्य का सकारात्मक असर होने से आप पर प्रसन्न रहेंगे। कारोबार में लाभ प्राप्त करेंगे, लेकिन अनावश्यक खर्च की अधिकता से मन अशांत रहेगा। गुस्से पर काबू रखें। पिता के साथ संबंध प्रेमपूर्ण रहेंगे और उनसे लाभ भी होगा। परिजनों का पूरा सहयोग मिलेगा।

**मीन** : आज का दिन मिला-जुला रहेगा। आय वृद्धि के स्रोत विकसित हो सकते हैं। सरकारी काम पूरे कर सकेंगे। कारोबार में अच्छा लाभ मिलेगा। आर्थिक स्थिति में सुधार होगा। पारिवारिक जीवन अच्छा रहेगा। विदेश यात्रा की संभावना है। बातचीत में संयत रहें। मित्रों से भेंट हो सकती है। व्यस्तता के चलते शारीरिक रूप से स्फूर्ति का अभाव व थकान का अनुभव होगा। संतान के स्वास्थ्य की चिंता रहेगी और उनके साथ मतभेद भी हो सकता है। ससुराल पक्ष से मधुरता रहेगी।



भाजपा नेता रमेश सिंह मंगलवार को अमर छात्र क्लब गाड़ीखाना में विशाल भंडारा में शामिल हुए।

# बीआइटी मोड़ में अस्त्र-शस्त्र चलाने की प्रतियोगिता कल

## विजेताओं को दिये जायेंगे कई आकर्षक इनाम

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** बीआईटी मेसरा चौक में दुर्गा मंदिर के समीप बुधवार की दोपहर 2 बजे से अस्त्र-शस्त्र चालन प्रतियोगिता सह झांकी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया है। इसकी जानकारी देते हुए अध्यक्ष बालकिशुन महतो ने बताया कि यह अस्त्र शस्त्र प्रतियोगिता का कार्यक्रम विगत कई वर्षों से रामनवमी के बाद षष्ठी के दिन, बीआईटी मोड़ स्थित दुर्गा मंदिर के बगल में किया जाता है, जिसमें अनेकों प्रतिभागी अखाड़ा धारियों द्वारा अपने अस्त्र-शस्त्र विद्या का प्रदर्शन किया जाता है। यहां बेहतर प्रदर्शन करने वाले विजेता टीमों को कई आकर्षक पुरस्कार प्रदान किया जाता है। हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी झांकी के प्रतियोगिता पर प्रथम पुरस्कार के रूप में एक तलवार, झंडा व नगद ग्यारह हजार रुपये। द्वितीय पुरस्कार - एक तलवार,झंडा और सात हजार रुपए नगद एवं तृतीय पुरस्कार - एक तलवार, झंडा और पांच हजार रुपए नगद राशि इनाम के तौर पर दिया जाएगा। वहीं अस्त्र शस्त्र प्रतियोगिता में भी इसी प्रकार से प्रथम पुरस्कार - तलवार, झंडा और नगद ग्यारह हजार रुपए, द्वितीय पुरस्कार - तलवार,झंडा और सात हजार रुपये एवं तृतीय पुरस्कार- तलवार, झंडा और पांच हजार रुपये नगद इनाम के तौर पर दिया जाएगा। इसके अलावा बेहतर प्रदर्शन करने वाले अखाड़ा धारियों को श्री श्री 108 महावीर मंडल बीआईटी मोड़ की ओर से एक हजार एक रूपैया व तलवार एवं कप प्रदान कर विशेष रूय से पुरस्कृत करने की घोषणा की है। साथ आने वाले सभी टीमों को सांत्वना पुरस्कार के रुप में एक-एक झंडा व तलवार देकर सम्मानित किया जाएगा। उन्होंने सभी राम भक्तों व अखाड़ा धारियों से शांतिपूर्वक एवं अनुशासित ढंग से अच्छे खेल का प्रदर्शन करने का अपील करते हुए उक्त प्रतियोगिता में आकर निशुल्क रूप से अपना खेल का प्रदर्शन करने को लेकर आमंत्रित किया है।

## पाहन महासंघ ने कहा- सरना झंडा जलाने से मर्माहत है आदवासी समुदाय

# 8 अप्रैल को किया रांची बंद का आह्वान

### महासंघ ने धर्म की अवहेलना व धार्मिक भावनाओं को मर्माहत करने वाला घिनौना अपराध कहा

### जयपाल सिंह मुंडा स्टेडियम से अलबर्ट एक्का चौक तक मशाल जुलूस 7 को संध्या 5:00 बजे




**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** असामाजिक तत्वों व भू माफिया द्वारा सरना झंडे को उखाड़ कर जलाए जाने और उसके स्थान पर सिर्फ रामनवमी झंडा लगाकर दो समुदायों के बीच धार्मिक उन्माद पैदा करने तथा अराजकता का माहौल उत्पन्न कर राज्य में अशांति फैलाने, आदिवासी समाज की धर्म और उपासना की उपेक्षा करने से आदिवासी समुदाय में होने वाले आक्रोश के विरोध में आदिवासी समाज के झारखंड पाहन महासंघ के तत्वावधान में मंगलवार को राजधानी रांची के लोअर करमटोली में एक प्रेस वार्ता की। इस मौके पर जगदीश पाहन, हलधर चंदन पाहन, सुकरा पाहन, सोमा पाहन सहित विभिन्न मौजा, प्रखंड, पंचायत और जिलों से आए पाहनों ने एक स्वर में कहा कि इस प्रकार किसी भी धर्म की अवहेलना करना, उपेक्षा करना या अपमान करते हुए उनकी धार्मिक भावनाओं को आहत करना एक घिनौना अपराध है।

उन्होंने कहा कि ऐसे अपराधियों के खिलाफ कड़ी से कड़ी कार्रवाई होनी चाहिए क्योंकि आदिवासी समाज और सरना धर्मावलंबी हमेशा से शांति के उपासक रहे है। लेकिन कोई भी असामाजिक तत्व या बाहरी ताकत आदिवासी समाज के धर्मों को कुचलने का प्रयास करेगा तो उसे कदापि बर्दाश्त नहीं करेंगे और जिन लोगों ने इस प्रकार का अपराध किया है उनके खिलाफ राज्य सरकार और जिला प्रशासन के द्वारा कोई कार्रवाई नहीं किए जाने से झारखंड पाहन महासंघ आक्रोश है। महासंघ ने बतौर घोषणा निर्णय लिया कि इसके विरोध में 7अप्रैल शाम 5:00 बजे जयपाल सिंह मुंडा स्टेडियम से अल्बर्ट एक्का चौक के लिए मशाल जुलूस निकाली जाएगी। 8 अप्रैल को रांची बंद किया जाएगा। आदिवासी सरना समाज अपने इस अपमान के लिए स्वयं करवाई करने को बाध्य हैं इसके लिए जिम्मेवार प्रशासन व सरकार है। कहा कि इस घटना को हुए 10 दिन होने के बाद भी प्रशासन के द्वारा इससे संबंधित किसी प्रकार की कोई प्राथमिकी दर्ज न किया जाना जिला प्रशासन व राज्य सरकार की लापरवाही व बेवशी को स्पष्ट करता है। लगता है जिला प्रशासन व सरकार असमाजिक ताकतों के नीचे दब गयी है। लेकिन आदिवासी समाज दबने वाली नहीं है।

उन्होंने कहा कि हम अपने धर्म, संस्कृति, सभ्यता व परंपरा की रक्षा करना जानते हैं। कहीं ना कहीं पुलिस प्रशासन इस मामले में सम्मिलित है इसकी जांच होनी चाहिए और भ्रष्ट पुलिस पदाधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई होनी चाहिए। पूरे सम्मान के साथ प्रशासन सरना के सारे झंडे लगवाए ताकि आदिवासी समुदाय के लोगों की सामाजिक धार्मिक आस्था बनी रहे।

मौके पर उपस्थित लोगो में महासंघ से शिबू पाहन, बहादुर पाहन, जुड़ा पाहन, बसंत पाहन, निर्मल पाहन, सोमनाथ पाहन, महादेव पाहन, समरा पाहन, आनंद पाहन, अमित पहन, राजकुमार पाहन, राजू पाहन, भुनेश्वर पाहन, रंजीत पाहन, बबलू पाहन,तरू पाहन, परदेसी पाहन, राजेंद्र चौहान सहित सामाजिक संगठन के अगुआ फूलचंद तिर्की निरंजना हेरेंज टोप्पो गीता लकड़ा आदि शामिल थे।

## दूसरों की सेवा के लिए है पुरोहित का जीवन : आर्चबिशप टोप्पो



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** चालीसा पुण्यकाल के पवित्र सप्ताह के अन्तर्गत मंगलवार को डॉ कामिल बुल्के पथ स्थित संत मेरिज कैथेड्रल में पवित्र क्रिस्मा मिस्सा चढ़ाई गयी साथ ही मुख्य अनुष्ठाता महाधर्माध्यक्ष बिशप फेलिक्स टोप्पो एसजे, सहायक धर्माध्यक्ष बिशप थियोडोर मसकरेन्हस एसएफएक्स और उनके सहयोगी में पल्ली पुरोहित फादर आनंद डेविड खलखो के द्वारा विलेपन के तीन पवित्र तेलों की आशीष विधि-विधान के साथ संपन्न हुई।

इस अवसर पर संत मेरिज कैथेड्रल में क्रिस्मा मिस्सा के मुख्य अनुष्ठाता व उपदेशक आर्चडायसिस रांची के आर्चबिशप फेलिक्कस टोप्पो एसजे रहे। बताते चलें कि क्रिस्मा की यह पवित्र मिस्सा प्रत्येक वर्ष चालीसा पुण्यकाल में पुण्य वृहस्पतिवार के पूर्व की जाती है। अपने प्रवचन में आर्चबिशप फेलिक्स टोप्पो ने कहा कि एक पुरोहित का जीवन बुलाहट का जीवन है और उनका यह जीवन दूसरों की सेवा के लिए है। उन्होंने सभी पुरोहितों को स्मरण दिलाया कि वे अपनी प्रेरितिक सेवा के जीवन की महिमा और गरिमा को बरकरार रखें तथा येसु ख्रीस्त की भांति दीनता व विनम्रता के साथ लोगों की सेवा करें। साथ ही उन्होंने लोकधर्मियों से आग्रह किया कि वे पुरोहितों के लिए प्रार्थना करें और उनकी सहायता करें।

## काउंसिल ऑफ आर्किटेक्चर के उपाध्यक्ष बने गजानंद राम

**रांची।** भारत सरकार के उच्च शिक्षा मंत्रालय अंतर्गत काउंसिल ऑफ आर्किटेक्चर के विभिन्न पदों पर हुए चुनाव में झारखंड सरकार के प्रतिनिधि और रांची स्मार्ट सिटी कॉरपोरेशन के महाप्रबंधक (ऑपरेशन एंड टाउन प्लैनिंग) गजानंद राम ने बाजी मारी है। राष्ट्रीय राजधानी नयी दिल्ली में सोमवार को आयोजित इस चुनाव में विभिन्न राज्यों और केंद्र सरकार से कुल 52 प्रतिनिधि सदस्य शामिल हुए, जिसमें 47 सदस्यों ने वोटिंग में हिस्सा लिया। उपाध्यक्ष पद पर हुए मतदान में सीधी टक्कर में गजानंद राम को कुल 31 मत प्राप्त हुए उन्होंने अपने निकटतम प्रतिद्वंदी को 15 मतों से पराजित किया। मालूम हो कि अध्यक्ष पद पर हुए मतदान में चतुष्कोणीय मुकाबले में महज 1 वोट से चुनाव जीत कर नागपुर के अभय पुरोहित नवनियुक्त अध्यक्ष चुने गए हैं। इस चुनाव में गजानंद राम को मिली सफलता के बाद झारखंड में कार्य कर रहे आर्किटेक्ट संगठनों के बीच खुशी की लहर देखी जा रही है।

## रमजान माह में खूब करें पवित्र कुरआन की तिलावत : हाफिज जुबैर अहमद

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**रांची।** रमजान का पवित्र महीना बरकत का महीना है। इस महीने में एक नेकी करने पर सतर गुणा सवाब मिलता है। दुनियावी नजरिए से समझा जाए तो रमजान के इस पाक महीने में अल्लाह का कोई बंदा किसी को एक रुपया भी खुले दिल और सच्चे मन से सहर्ष देता है तो 70 रुपये प्राप्त करते है। मदरसा दारुल कुरआन सह हेरा मस्जिद के सह इमाम हाफिज जुबैर ने यह जानकारी दी।

उन्होंने रमजान के संबंध में जानकारी देते हुए बताया कि अल्लाह ने रमजान के इस महीने की बरकत इतनी रखी है कि अल्लाह एक अमल को सत्तर अमल करने के बराबर सवाब देता है। अगर हम एक पवित्र कुरआन को पढकर खत्म करते हैं तो अल्लाह पाक हमें सत्तर कुरआन खत्म करने का सवाब देता है। क्या हम गैर रमजान में सत्तर पवित्र कुरआन पढ़ कर खत्म कर सकते हैं?

हाफिज जुबैर ने इसके साथ ही तमाम इमानवालों का आह्वान करते हुए कहा है कि मेरे भाइयों, अल्लाह के पैगंबर, हजरत मुहम्मद मुस्तफा ने इस महीने में सभी वजाइफ को कम करते थे और ज्यादा कुरआन पढ़ते थे। उसी तरह हम लोगों को भी अपना व्यापार, नौकरी, व्यापार और अन्य चीजें थोड़ी कम कर पवित्र कुरआन पढ़ना चाहिए। अगर हम कुरआन पढ़ना नहीं जानते हैं, तो जितने सूरह याद हैं, उसी को पढ़ लें। इस तरह हमारा समय अल्लाह की याद में बीतेगा, तो अल्लाह हमसे राजी होगा।

# झारखंड में प्रतिमाह औसतन 76 डायन के मामले होते हैं दर्ज

**लैंगिक असमानता : रूढ़िवादी सोच में बदलाव के लिए संघर्ष पार्ट-6**



**झा**रखंड डायन-बिसाही हत्याओं के मामले में अग्रिम पंक्ति में है। प्रतिमाह औसतन 3 से 4 हत्याएं हो ही जाती हैं। हत्यारों का शिकार 99 प्रतिशत महिलाएं ही होती है। झारखंड अपराध अनुसंधान विभाग के जारी आंकड़े भी इस बात की पुष्टि करते नजर आते हैं। प्राप्त जानकारी के अनुसार वर्ष 2015 से 2020 तक पांच साल में 207 हत्याओं के मामले दर्ज कराये गये तथा वर्ष 2021 के अक्टूबर माह तक झारखंड में कुल 18 और हत्याएं हो गयी थीं। हालात की गंभीरता और राज्य के ग्रामीण इलाकों में डायन प्रथा के नाम पर लगातार हो रही घटनाओं को गंभीरता लेते हुए केंद्रीय गृह मंत्रालय ने राज्य सरकार से बीते तीन साल में हुई डायन हत्याओं की जानकारी मांगी थी।

मालूम हो कि 2021 में झारखंड में डायन हत्या पर केंद्रीय गृह मंत्रालय ने राज्य सरकार से कार्रवाई रिपोर्ट मांगी है। केंद्र सरकार ने राज्यसभा में उठाये गये एक सवाल के जवाब में राज्य सरकार को कार्रवाई रिपोर्ट के लिए पत्र लिखा, जिसमें राज्य सरकार से पूछा गया कि क्या राज्य के ग्रामीण इलाकों में डायन-बिसाही को लेकर लगातार हत्याएं हुई हैं। गृह मंत्रालय ने बीते तीन साल में डायन हत्या के कितने मामले हुए, डायन बिसाही मामले में अगर कोई पीड़ित हो तो उसे क्या सहायता दी गयी, कितने मामलों में आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की गयी है, इसकी भी विस्तृत रिपोर्ट राज्य सरकार से मांगी गयी है।

राज्य में डायन हत्या के मामले के 5 साल के आंकड़े झारखंड अपराध अनुसंधान विभाग द्वारा इंडियास्पेंड को उपलब्ध कराये गये हैं। अंधविश्वास और अन्य विभिन्न कारणों के तहत वर्ष 2015 से 2020 तक पांच साल के आंकड़ों पर नजर डालें, तो डायन प्रथा प्रतिषेध अधिनियम 2001 के तहत 4,560 मामले दर्ज किये गये। आंकड़े बताते हैं कि इन 5 सालों में झारखंड के विभिन्न जिलों में कुल 207 डायन हत्या की गयी। उपलब्ध आंकड़ों के अनुसार झारखंड में सन 2015 में डायन के नाम पर 46 लोगों की हत्या हुई। 2016 में 39 डायन हत्याएं, 2017 में 42 डायन हत्याएं, 2018 में 250 डायन हत्याएं, 2019 में 27 डायन हत्याएं, 2020 में 28 डायन हत्याएं और साल 2021 के अक्टूबर माह तक 18 लोगों की हत्या कर दी गयी। अधिनियम के तहत 2015 में कुल 818 मामले दर्ज किये गये। इसी प्रकार, 2016 में 688 मामले, 2017 में 668 मामले, 2018 में 567 मामले, 2019 में 978 मामले और 2020 में 841 मामले दर्ज हुए। इस प्रकार वर्ष 2015 से 2020 तक 5 सालों में डायन उत्पीड़न के कुल 4560 मामले दर्ज किये गये। इसके अलावा, 2021 के अक्टूबर माह तक 18 डायन हत्याओं को जोड़ दें, तो कुल 225 हत्याएं करीब छह वर्ष में की जा चुकी थीं।

अमृत महोत्सव काल में 15 अगस्त को प्रधानमंत्री ने आम जनता को अपने संबोधन में कहा कि नारी की गरिमा की रक्षा किसी भी कीमत पर की जायेगी। उन्होंने कहा था कि मिथ के आधार पर डायन के काल्पनिक चरित्र को गढ़कर किसी महिला को नंगा करके उसके मुंह में मल-मूत्र डालना, पूरे गांव में घुमाना और हत्या तक कर देने जैसे जघन्य अपराध से बड़ा उसकी गरिमा और स्वाभिमान का हनन और क्या हो सकता है। प्रधानमंत्री ने तब डायन उन्मूलन के कार्य के लिए पद्मश्री दिये जाने का भी जिक्र किया था। प्रधानमंत्री ने अपने वक्तव्य में डायन के संदर्भ में जो प्रमुख बातें कही, उनमें डायन प्रथा से जूझ रहे देश के करीब 15 राज्य सरकारों से बहुस्तरीय योजना तैयार कर डायन उन्मूलन अभियान चलाने का आग्रह किया था। इसके तहत प्रधानमंत्री ने देश के आजादी की 100वीं वर्षगांठ अर्थात 2046 तक डायन प्रथा जैसी कुरीति सदा के लिए समाप्त हो सके, ऐसी नीति बनाने की बात रखी थी।

आंकड़ों को विस्तार पूर्वक देखें, तो स्थिति आज भी काफी भयावह नजर आती है। प्रतिमाह डायन प्रताड़ना के जहां औसतन 76 मामले राज्य के विभिन्न थानों में दर्ज होते हैं, वही डायन हत्याओं का प्रतिमाह का औसत 3 से 4 बना हुआ है। डायन हत्या के ऐसे मामले जो दर्ज नहीं हो पाते, उनके प्रति भी जागरूकता लाने की आवश्यकता महसूस की जा रही है। इधर, झारखंड अपराध अनुसंधान विभाग अब डायन हत्याओं को लेकर सिर्फ आंकड़े जारी कर मामलों को ठंडे बस्ते में डालने के पक्ष में नहीं है, बल्कि प्रत्येक मामले को गंभीरता से लेते हुए गहन अनुसंधान कर रहा है। हत्या के कारणों और तौर-तरीकों पर भी समय-समय पर समीक्षा की जा रही है। इतना ही नहीं, विभाग ऐसे ओझा-गुनी या सोसा पर भी नजर बनाये हुए हैं, जो अंधविश्वासों को हवा दे रहे हैं। समाज के चंद जागरूक लोगों द्वारा अभी डायन प्रथा पर रोक लगाने को लेकर गंभीरता बरती जा रही है। बावजूद इसके राज्य की राजनीतिक अस्थिरता के कारण कई योजनाएं धरातल पर नहीं उतर पाती हैं।

**- राजेश कुमार**

**लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं, इन्हें पद्मश्री बलबीर दत्त मीडिया फेलोशिप मिला है।**

**(अगले अंक में : विज्ञान, जादू-टोना और संस्कृति की कसौटी पर डायन)**

## खबर एक नजर में

### आठ ट्रेनें आज रद्द रहेंगी

**रांची।** खड़गपुर मंडल के खेमाशुलि स्टेशन एवं आद्रा मंडल के कुसतौर स्टेशन पर आदिवासी कुर्मी समाज द्वारा रेल पटरी पर बुधवार की सुबह 05 :00 बजे से आहूत धरने की वजह से निम्नांकित ट्रेनें रद्द रहेंगी। ये सभी ट्रेनें केवल बुधवार को रद्द रहेंगी। इनमें ट्रेन संख्या 08641आद्रा – बरकाकाना मेमू पैसेंजर, ट्रेन संख्या 03595 बोकारो स्टिलसिटी – आसनसोल मेमू पैसेंजर, ट्रेन संख्या 18085 खड़गपुर – रांची एक्सप्रेस, ट्रेन संख्या 18036 हटिया – खड़गपुर एक्सप्रेस, ट्रेन संख्या 18035 खड़गपुर – हटिया एक्सप्रेस, ट्रेन संख्या 22892 रांची – हावड़ा एक्सप्रेस, ट्रेन संख्या 22891 हावड़ा – रांची एक्सप्रेस और ट्रेन संख्या 03598 आसनसोल – रांची मेमू पैसेंजर शामिल हैं।

### वार्ड 49 को आदर्श वार्ड बनाना ही मेरा लक्ष्य : जमीला खातून



**रांची।** डोरंडा वार्ड संख्या 49 में पार्षद जमीला खातून द्वारा युद्ध स्तर पर सार्वजनिक स्थल एवं धार्मिक स्थलों में फेवर ब्लॉक लगाने का कार्य किया जा रहा है। जैसे मोमिन पंचायत मनीटोला इमामबाड़ा, आदिवासी अखड़ा, एतवा उरांव अखड़ा, हिंदुस्तान चौक, काली मंदिर रोड, बिहारी मंडप, मिल्लत कॉलोनी से इंदिरा पैलेस आदि जगह शामिल हैं। मौके पर पार्षद जमीला खातून ने कहा कि वार्ड 49 को स्वच्छ एवं सुंदर बनाने का जो सपना मैने सजाया था, वह आज साकार होता दिख रहा है। बस वार्ड 49 की जनता अपना प्यार और स्नेह हमें देती रहे। मैं वार्ड 49 की जनता की सेवा के लिए हमेशा तत्पर रहूंगी।

### श्री सालासर हनुमान मंडल का श्री हनुमान जन्मोत्सव कल

**रांची।** शहर की प्रसिद्ध धार्मिक संस्था श्री सालासर हनुमान मण्डल, रांची का श्रीहनुमान जन्मोत्सव महोत्सव 6 अप्रैल को हनुमान जयंती के पावन अवसर पर श्री सालासर हनुमान मंदिर, मारवाड़ी ब्राशण भवन प्रांगण, बंसीधर अडूकिया रोड, राँची में धूमधाम से मनाया जायेगा। कार्यक्रम संयोजक धर्म चंद शर्मा ने उक्त जानकारी देते हुए बताया कि इस अवसर पर प्रातः 7 बजे से रात्रि 10 बजे तक श्री हनुमान महोत्सव मे नयनाभिराम झाँकी, अखंड ज्योत, रसमाधुरी श्रृंगार से सुसज्जित सालासर बालाजी के सानिध्य में विभिन्न कार्यक्रम संपन्न होंगे।

### विश्वंभर फाउंडेशन का साहित्य सम्मान समारोह 8 को

**रांची।** विश्वंभर फॉउंडेशन की ओर से सम्मान समारोह आठ अप्रैल को होगी। इस वर्ष से विजयलक्ष्मी युवा सम्मान एवं झारखंड की जनजातीय भाषाओं के साहित्यकारों को सम्मान देने के लिये विश्वम्भर स्मृति झारखंड साहित्य सम्मान देने की घोषणा की गई है। वर्ष 2023 के लिए विजयलक्ष्मी युवा सम्मान रूपम झा को एवं महादेव टोप्पो को उनके जनजातीय भाषा के क्षेत्र में उत्कृष्ट लेखन एवं योगदान के लिए दिये जाने की घोषणा की गई है। यह सम्मान आगामी 8 अप्रैल को होगा। यह आयोजन हरमू क्षेत्र में स्थित स्वागतम वैंक्वेट हॉल में किया जायेगा।

### सुदेश महतो ने की शिक्षा विभाग के निदेशक के साथ बैठक

**रांची।** झारखंड के पूर्व उपमुख्यमंत्री एवं सिल्ली विधायक सुदेश कुमार महतो ने आज शिक्षा विभाग के निदेशक सुनील कुमार के साथ कांके, रांची स्थित आवास पर बैठक की। मौके पर सुदेश कुमार महतो ने कहा कि सिल्ली को शिक्षा के क्षेत्र में अव्वल बनाने तथा ग्रामीण शिक्षा गुणवत्ता में सुधार के लिए वें प्रतिबद्ध हैं और इस दिशा में निरंतर कार्य भी जारी है। इसी दिशा में क्षेत्र के सभी उच्च एवं +2 विद्यालय को हाईटेक करने तथा सरकारी स्कूल के बच्चों को प्राइवेट स्कूलों जैसी सुविधा उपलब्ध कराने का कार्य प्रारंभ किया जा चुका है।

### ट्रक ओनर एसोसिएशन के अध्यक्ष कोलकाता रवाना

**रांची।** बंगाल राज्य ट्रक ऑपरेटर्स एसोसिएशन के सातवें अधिवेशन में शामिल होने के लिए झारखंड ट्रक ओनर एसोसिएशन के प्रदेश अध्यक्ष एवं एआईएमटीसी के राज्य प्रवक्ता ललित नारायण ओझा कोलकाता के लिए रेल मार्ग से रवाना हुए। श्री ओझा ने बताया कि अधिवेसन का उद्घाटन एआईएमटीसी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अमृतलाल मदन करेंगे।

### भाजपा मुख्यालय में वीरांगना झलकारी बाई की पुण्यतिथि मनी

**रांची।** भाजपा के संगठन महामंत्री कर्मवीर सिंह ने कहा कि वीरांगना झलकारी बाई अंग्रेजों के दांत खट्टे करने में सफल रही थी। श्री सिंह मंगलवार को पार्टी मुख्यालय में अनुसूचित जाति मोर्चा की ओर से आयोजित वीरांगना झलकारी बाई की पुण्यतिथि पर आयोजित श्रद्धांजलि सभा में बोल रहे थे। इसकी अध्यक्षता विधायक अमर कुमार बाउरी ने की। मौके पर पूर्व विधायक गंगोत्री कुजूर ने झलकारी बाई एवं बाबा चौहरमल जी की तस्वीर पर माल्यार्पण कर अपने श्रद्धा सुमन अर्पित की। उन्होंने महाबली बाबा वीर चौहरमल के विषय में बताते हुए कहा कि वे त्याग, बलिदान, आत्मसम्मान, नैतिक कर्तव्यवान थे। श्री बाउरी ने कहा कि मातृभूमि की रक्षा के लिए झलकारी बाई ने जो बलिदान दिया, वह नारी शक्ति का प्रतीक और देश के लिए गौरव का विषय रहेगा।

### महिला विकास मंच की अध्यक्ष बनीं सुलेखा साहू

**रांची।** महिला विकास मंच ने मंगलवार को राज्य में महिलाओं एवं पुरुषों पर हो रहे अत्याचार के खिलाफ एक आगाज किया। इसको लेकर मंच द्वारा लोहरदगा की रहनेवाली सुलेखा साहू अध्यक्ष बनाया गया है। मौके पर बधाई के साथ साथ गम का भी माहौल उम्र के सामने आया। लोहरदगा के लोकल जनता की माने तो 1 महीने में 25 के ऊपर रेप केस के मामले हुए लेकिन महिलाओं का शोषण एवं आवाज को दबाने की कोशिश की गई।

### डालसा ने लोगों को दी कानूनी जानकारी

**रांची।** माननीय झालसा के निदेर्शानुसार न्यायायुक्त–सह–अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकार (डालसा) रांची के मार्गदर्शन पर संतोष बी.एड. कॉलेज, तुपुदाना, रांची की ओर से पलाश ऑडिटोरियम डोरंडा में इंटरनेशनल सेमिनार में डालसा का स्टॉल लगाया गया। इस स्टॉल के माध्यम से लोगों को कानूनी जानकारी दी गयी।

### नदीम मुन्ना के प्रयास से डोरंडा में जलापूर्ति शुरू

रांची। समाजसेवी नदीम मुन्ना के प्रयास से डोरंडा में जलापूर्ति शुरु हुई। बताते चलें कि पिछले 4 दिनों से रमजान के महीने में डोरंडा फ्लाईओवर में जल रहे निर्माण कार्य के कारण जलापूर्ति बंद हो गयी थी।

खबर मन्त्र
रांची.बुधवार . 05 अप्रैल 2023



epaper.khabarmantra.net

## आफत बनी वारिश

**मा**र्च के महीने में पहले तेज गरमी और फिर जोरदार बारिश ने रबी की अधिकांश फसल को बर्बाद कर दिया है। झारखंड, बिहार, उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश और पंजाब सहित देश में कटने को तैयार खड़ी गेहूं, सरसों, चना और मसूर की फसल खेतों में ही गिर कर चौपट हो गयी है। किसानों की बदहाली को देखते हुए राज्य सरकार से किसान सहायता की उम्मीद लगा रहें हैं। साथ ही देश में रिकार्ड गेंहू उत्पादन की बात भी अब इन स्थितियों में बेइमानी लगने लगी है। मार्च के आखिरी दो दिनों की बारिश के बाद गेहूं और सरसों की 50 फीसदी से ज्यादा फसल के खराब हो जाने का अनुमान है। इससे पहले बीते महीने की शुरूआत से पड़ रही तेज गर्मी के चलते गेहूं के पक रहे दाने पतले और कमजोर होने लगे थे। इसके बाद महीनों में बारिश की दो तेज लहरों, ओलावृष्टि और अंधड़ ने किसानों की रही सही उम्मीद को ध्वस्त कर दिया है ।खराब मौसम का असर आम की फसल पर भी पड़ा है। बौर के सीजन में शुरू हो गयी तेज गर्मी से प्रभाव पड़ा और फिर अंधड़, ओले गिरने और जोरदार बारिश के चलते आम की पैदावार उम्मीद से काफी होने के आसार हैं। राजधानी लखनऊ के फल पट्टी क्षेत्र के बागवानों का कहना है कि इस समय बौर और कच्चे आम देख कर बागानों का बोली लगती है। कमजोर फसल को देखते हुए उनके बागों की नीलामी या तो नहीं होगी या फिर दाम कम मिलेंगे और खासा आर्थिक नुकसान होगा।

गेहूं के साथ ही रबी की अन्य फसलों में सरसों, चना और मसूर को भी नुकसान पहुंचा है। बहुत से जिलों में सरसों की कटी फसल खलिहान में ही पानी में डूब गयी है। गेहूं की उपज औसतन 20 क्विंटल प्रति एकड़ रहती है। लेकिन इस बार यह घटकर 10-11 क्विंटल रह जाएगी।

## भ्रष्टाचार पर बात

**पी**एम मोदी ने भ्रष्टाचार को लेकर अप्रत्यक्ष तौर से कांग्रेस पर वार किया है। सीबीआई के एक कार्यक्रम में उन्होंने कहा कि भ्रष्टाचार, लोकतंत्र और न्याय के रास्ते में सबसे बड़ा रोड़ा होता है। इसी भ्रष्टाचार के कारण, गरीबों से उनका हक छीना जाता है। भाजपा सरकार ने भ्रष्टाचारियों के साथ-साथ, करप्शन को बढ़ावा देने वाले कारणों पर भी चोट की है। देश में आज भ्रष्टाचार के खिलाफ कार्रवाई करने के लिए राजनीतिक इच्छाशक्ति की कोई कमी नहीं है। उन्होंने सीबीआई के अधिकारियों के हौसले भी बढ़ाये। हमने 2014 से पहले का बैंकिंग वाला दौर भी देखा है। ये वो दौर था, जब दिल्ली में प्रभावशाली राजनीतिक दलों से जुड़े लोगों के फोन पर हजारों करोड़ रुपये के लोन मिला करते थे। इसके चलते देश की अर्थव्यवस्था का आधार, यानी बैंकिंग सिस्टम ही बर्बाद हो गया। भ्रष्टाचार के मुद्दे पर प्रधानमंत्री मोदी ने कांग्रेस सहित दूसरे विपक्षी दलों पर भी निशाना साधा। उन्होंने कहा, साल 2014 के बाद हमारा पहला दायित्व, व्यवस्था में भरोसे को फिर से कायम करने का रहा है। हमारी सरकार ने काले धन को लेकर, बेनामी संपत्ति को लेकर मिशन मोड में एक्शन शुरू किया। जहां भ्रष्टाचार होता है, वहां युवाओं को उचित अवसर नहीं मिलते। भ्रष्टाचार प्रतिभा का सबसे बड़ा दुश्मन होता है। यहीं से भाई-भतीजावाद, परिवारवाद को बल मिलता है। जब भाई-भतीजावाद और परिवारवाद बढ़ता है, तो समाज का, राष्ट्र का सामर्थ्य कम होता है। जब राष्ट्र का सामर्थ्य कम होता है तो विकास प्रभावित होता है। अडानी प्रकरण में संसद से सड़क तक घिरे पीएम ने जिस प्रकार चुनावी मोड का भाषण दिया उससे यह तय है कि 2024 का चुनाव का मुख्य मुद्दा भ्रष्टाचार ही होगा।

# ममता का धरना और उनकी आर्थिक अक्षमता



**ममता** बनर्जी रामनवमी और चैत नवरात्रि के जैसे महत्वपूर्ण पर्व के अवसर पर धरना पर बैठी। उनकी मांग भीकेन्द्र उन्हें उनके हक का धन नहीं दे रहा है। लेकिन पश्चिम बंगाल की हालत दिनों दिन खराब होती जा रही है। सस्ती लोकप्रियता और चुनाव जीतने के नारों के बीच आने वाला समय ममता बनर्जी को वित्तीय अनियमितता और भ्रष्टाचार के लिये याद करेगा।

प्रति व्यक्ति आय की रैंकिंग के हिसाब से देखें तो पश्चिम बंगाल सन 1980 में 25 राज्यों के बीच सातवें स्थान से फिसलकर 2018-19 में 29 राज्यों में 21वें स्थान पर आ गया था। सन 1950 और 1960 के दशक में पश्चिम बंगाल की तुलना महाराष्ट्र और तमिलनाडु से होती थी, अब आंध्र प्रदेश, छत्तीसगढ़, पंजाब और राजस्थान जैसे राज्य उसके समतुल्य हैं। पश्चिम बंगाल की तट रेखा लंबी है और उसकी अंतरराष्ट्रीय सीमा भूटान और बांग्लादेश से मिलती है।औद्योगिक और कारोबारी केंद्र के रूप में भी उसका समृद्ध इतिहास रहा है।

ऐसा लगता है कि पश्चिम बंगाल की सरकार तात्कालिक खपत की वस्तुओं के लिए खरीद और व्यय की नीति को जारी रखे हुए है। मार्च के अंत में उसका बकाया कर्ज 2021 के 4.82 लाख करोड़ रुपये से बढ़कर 2022 में 5.29 लाख करोड़ रुपये हो जाने का अनुमान है। 2023 में यह और अधिक बढ़कर 5.86 लाख करोड़ रुपये हो सकता है। राज्य का कर्ज-सकल घरेलू उत्पाद अनुपात भी राजकोषीय जवाबदेही एवं बजट प्रबंधन अधिनियम में उल्लिखित 25 फीसदी की सीमा से काफी अधिक है। पंजाब के साथ-साथ राजस्व व्यय में उसकी ब्याज भुगतान की हिस्सेदारी भी उच्चतम में है। सन 2022-23 के बजट अनुमान में अपनी 48 फीसदी प्राप्तियों के लिए पश्चिम बंगाल केंद्र सरकार से मिलने वाली कर अंतरण राशि तथा अनुदान पर निर्भर रहेगा। शेष 33 फीसदी हिस्सा उधारी से आएगा। यह अनुपात बहुत ज्यादा है। उदाहरण के लिए महाराष्ट्र में कर अंतरण तथा अनुदान पर निर्भरता केवल 21 फीसदी है जबकि उधारी 27 फीसदी है।

सरकार ने इस सब्सिडी और हस्तांतरण को यह कहते हुए उचित ठहराया कि इससे मांग बढ़ी और जरूरतमंदों और वंचितों की मदद की गई। 2022-23 (बजट अनुमान) में महामारी के धीमा पड़ने के साथ व्यय के



- अशोक लाहिड़ी

> उदाहरण के लिए, सार्वजनिक वितरण प्रणाली (पीडीएस) में कम्प्यूटरीकृत आपूर्ति श्रृंखला प्रबंधन, 750 मिलियन पीडीएस लाभार्थियों के डेटा को आधार से जोड़ने के उपरांत लगभग 47 मिलियन फर्जी/नकली राशन कार्डों को हटाने और उचित मूल्य की दुकानों के स्वचालन के कारण अनाज प्राप्त करने की पात्रता नहीं रखने वाले लोगों के हाथों में पहुंचने के मामलों में उल्लेखनीय कमी आई है।

हिस्से के रूप में सब्सिडी के गति वर्ष के 2021-22 (संशोधित अनुमान) के सात फीसदी से घटकर चार फीसदी रह जाने का अनुमान है। जबकि पूंजीगत व्यय में ऐसा ही इजाफा होगा। सब्सिडी 2021-22 में 10,955 करोड़ रुपये (बजट अनुमान) से बढ़कर 2021-22 में 18,720 करोड़ रुपये (संशोधित अनुमान) तक पहुंच गई थी। उसके भी 2022-23 में घटकर 10,935 करोड़ रुपये (बजट अनुमान) रहने का अनुमान है। सरकार ने रूपश्री, शिल्पसाथी और आनंदधारा आदि नामों से करीब 50 सब्सिडी और हस्तांतरण योजनाएं शुरू की हैं। यह जानना उपयोगी होगा कि सरकार कौन सी योजनाओं को बंद करना या संक्षिप्त करना चाहती है ताकि 2021-22 का अनुभव दोहराने से बचा जा सके। उस वक्त सब्सिडी आवंटन में बजट अनुमान और संशोधित अनुमान में 70 फीसदी से अधिक इजाफा हुआ था।

आर्थिक नजरिये से देखें तो पूंजीगत आवंटन एक अहम चर है। 2021-22 में बजट अनुमान तथाा संशोधित अनुमान के बीच के चरण में सब्सिडी में इजाफे के बीच पूंजीगत आवंटन में कमी आई और यह 32,774 करोड़ रुपये के बजट अनुमान से घटकर संशोधित अनुमान में 19,355 करोड़ रुपये रह गया। पूंजीगत आवंटन के बजट अनुमान और संशोधित अनुमान में कटौती की बात करें तो इसमें भारी कमी आई और सामाजिक सेवाओं के लिए यह 12,818 करोड़ रुपये से कम होकर 8,245 करोड़ रुपये रह गया। जबकि कृषि एवं संबद्ध गतिविधियों तथा ग्रामीण विकास एवं विशेष क्षेत्रों के कार्यक्रम में यह 6,183 करोड़ रुपये से कम होकर 1,744 करोड़ रुपये रह गया। इतने कम पूंजीगत आवंटन के साथ इस बात में संदेह ही है कि सरकार के पास भौतिक और सामाजिक अधोसंरचना के लिए जरूरी पूंजी है भी या नहीं।

सन 2012-13 और 2018-19 के बीच 2013-14 और 2015-16 को छोड़ दिया जाए तो हर वर्ष प्रदेश का जीएसडीपी देश की तुलना में धीमी गति से बढ़ा। जीएसडीपी 12.8 फीसदी बढ़ने की आशा है जबकि शेष देश का जीडीपी केवल 9.2 फीसदी बढ़ रहा है। यहां तीन बुनियादी प्रश्न हैं। पहला, विकसित देशों के उलट क्या पश्चिम बंगाल मांग की बाधा या आपूर्ति की दिक्कतों से जूझ रहा है?

दूसरा, मांग में इजाफे का कितना हिस्सा देश के अन्य राज्यों को जाता है और कितना राज्य के लिए लाभदायक होता है? तीसरा, राज्य में आबादी के उच्च घनत्व को देखते हुए जीएसडीपी तेजी से कैसे बढ़ रहा है जबकि औद्योगिक गतिविधियों में कोई बढ़ोतरी नहीं दिख रही?

समस्या तब पैदा होती है जब ऐसी राहत राजनीतिक लाभ और वोट खरीदने के लिए गैर जरूरतमंद लोगों को दी जाती है। यह काम दीर्घावधि के विकास की लागत पर तथा राज्य के सामाजिक और भौतिक ढांचे की अनदेखी करके किया जाता है। सब्सिडी और हस्तांतरण के नाकाबिल लोगों के पास जाने की समस्या पर नियंत्रण केवल तभी आ सकता है जब लाभार्थी चयन में पारदर्शिता बरती जाए। सामाजिक और भौतिक बुनियादी ढांचे में अहम निवेश किया जाना चाहिए ताकि औद्योगीकरण की गति बढ़ाई जा सके। केवल उसके माध्यम से ही राज्य में लोगों को सार्थक रोजगार दिलाया जा सकेगा।

ध्यान रहे देश के प्रति वर्ग किलोमीटर 382 के जनसंख्या घनत्व की तुलना में पश्चिम बंगाल में प्रति वर्ग किलोमीटर 1,082 लोग रहते हैं। औद्योगीकरण के लिए किफायती बुनियादी ढांचे की जरूरत है और सन 1990 के दशक में प्रदेश की वाम मोर्चा सरकार के नई आर्थिक नीति पेश करने के बाद एक प्रतिष्ठित अंतरराष्ट्रीय मशविरा कंपनी ने इस विषय में संकेत किया था। अनचुकता बिलों और अधूरे वादों के साथ राजकोषीय संकट ही सामने आएगा।

### खास बात

## रोक के बाद भी ई सिगरेट उपलब्ध

तंबाकू की दुकानों पर ई-सिगरेट आसानी से उपलब्ध हैं और उम्र के सत्यापन के बगैर ही उन्हें किसी को भी बेच दिया जाता है। एक संयुक्त सर्वेक्षण में यह खुलासा हुआ है। इस सर्वेक्षण का निष्कर्ष केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय के साथ साझा किया गया है।

असम, गोवा, हरियाणा, उत्तर प्रदेश, कर्नाटक, तेलंगाना और दिल्ली में यह सर्वेक्षण किया गया। सर्वेक्षण में यह भी पाया गया कि जब ई-सिगरेट के लिए ऑनलाइन (ई-वाणिज्य, वेबसाइट, व्हाट्सऐप, इंस्टाग्राम, फेसबुक एवं अन्य सोशल मीडिया के माध्यम से) ऑर्डर किया जाता है तो दो-तीन दिनों में इसे पहुंचा दिया जाता है और यह बिक्री उम्र के सत्यापन के बिना की जाती है।

इस सर्वेक्षण के अनुसार, ज्यादातर विक्रेताओं को यह पता नहीं है कि ई-सिगरेट पर कानूनन पाबंदी है, ऐसे में ई-सिगरेट खुलेआम बेची जाती है तथा ज्यादातर ई-सिगरेट का उत्पादन चीन में किया जाता है।

वोलंटरी हेल्थ एसोसिएशन ऑफ इंडिया, वॉयस, नड्डा इंडिया, नेशनल लॉ स्कूल यूनिवर्सिटी इंडिया, बेंगलुरु तथा कर्नाटक नो फोर टोबैको ने यह सर्वेक्षण किया है।

इस सर्वेक्षण के अनुसार 2019 में सरकार द्वारा प्रतिबंध लगाये जाने के बावजूद तंबाकू की दुकानों पर ई-सिगरेट आसानी से उपलब्ध हैं और 18 साल से कम उम्र के बच्चे भी इसे आसानी से खरीद सकते हैं।

यह सर्वेक्षण ऑनलाइन और ऑफलाइन किया गया है। सर्वेक्षण के दौरान पाया गया है कि शिक्षण संस्थानों के समीप तंबाकू दुकानों पर ई-सिगरेट उपलब्ध हैं और कुछ दुकानदार न केवल ऐसे उत्पाद बेचते हैं, बल्कि मांग के आधार पर घर तक भी पहुंचा देते हैं। वोलंटरी हेल्थ एसोसिएशन ऑफ इंडिया की मुख्य कार्यकारी भावना मुखोपाध्याय ने कहा कि बच्चों को हानिकारक व्यसन से बचाने के लिए ई-सिगरेट पर पाबंदी लगायी गयी है, लेकिन यह पाबंदी ढीली है, फलस्वरूप सस्ती एवं बिना ब्रांड वाली सिगरेट बाजार में भारी मात्रा में उपलब्ध है, ऐसे में केंद्र एवं राज्य स्तर पर समन्वित प्रयास की जरूरत है, ताकि यह पाबंदी प्रभावी हो सके।

## काल का चक्र

### विचार-प्रवाह

**स्वामी सत्यानंदजी परमहंस**

काल बुढ़े ब्राह्मण का भेष बनाकर राम के पास पहुंचा। वह राम से बात करना चाहता था लेकिन शर्त यह था कि उसके बीच कोई न आए। राम ने कहा ठीक है। हम ऐसी व्यवस्था कर देंगे। जब बातचीत शुरू हुई तो राम जी ने लक्ष्मण जी को पहरा पर लगा दिया कहा लक्ष्मण कोई भी व्यक्ति अंदर नहीं आना चाहिए। मैं इनसे खास बात कर रहा हूं। बातचीत के दरम्यान कोई आ गया तो वह मृत्यु को प्राप्त होगा। लक्ष्मण जी पहरा दे रहे थे उसी समय दुर्वाशा जी उपस्थित हो गये। दुर्वाशा ने कहा लक्ष्मण मुझे राम जी से तत्काल मुलाकात करना है। लक्ष्मण बोले प्रभु थोड़ा इंतजार करें। वे एक खास बातचीत कर रहें हैं। बातचीत के बाद भेंट होगी। दुर्बाशाजी ने कहा दुर्बाशा को रोका जा रहा है। क्या तुम दुर्बाशा की शक्ति नहीं जानते हो? अगर नहीं जानते हो तो अभी देख लो। राम सहित पूरी अयोध्या को भष्म होते देखो। लक्ष्मण जी उन्हें भली भांति जानते थे। दुर्बाशाजी जो चाहेंगे वही करेंगे। उनके तप का प्रभाव इतना ज्यादा है कि वे कुछ भी करेंगे। लक्ष्मण जी बहुत पशोपेश में पड़ गये सोचे की मैं क्या करूं। यदि नहीं जाता हूं तो ऋषि दुर्बाशा भष्म करने के लिये तैयार हैं और यदि मैं जाता हूं तो प्रभु की आज्ञा का उल्लधंन होगा। लक्ष्मण जी के पास कोई उपाय नहीं था। लक्ष्मण जी ने सोचा कि मेरी मृत्यु हो जाए यह अच्छा है लेकिन राम और अयोध्या बच जायेगी यह अच्छा होगा7 यह सोचकर लक्ष्मण राम जी को सूचना देने चल दिये। श्री राम ने जैसे ही लक्ष्मण को देखा अचंभित होकर बोले यह तूने क्या किया? जब मैंने कहा था कि मेरे समक्ष नहीं आना है। (ब्रह्म विद्यालय सह आश्रम)

**अकेलेपन का बल पहचान !!**

पूज्य बाबूजी की कविता ! समय और हालात ने भले हम सब को अकेला , असहाय कर दिया हो ।लेकिन एक अकेले का अपना भी एक बहु प्रचंड बल होता है । धीरज रखें सब ठीक हो जाएगा

– **अमिताभ बच्चन**

### आपके ट्वीट

अंकित बेटे को पढ़ाई हेतु हरसंभव सरकारी सहायता पहुंचाते हुए सूचित करें। साथ ही अंकित के परिवार को जरूरी सभी योजनाओं से जोड़ते हुए भी सूचित करें। पढ़ाई में गरीबी बाधा न बने सरकार हर स्तर पर कई योजनाएं लेकर आयी है।

– **हेमंत सोरेन**





76% अप्रूवल रेटिंग के साथ यशस्वी प्रधानमंत्री श्री मोदी जी पुनः विश्व के नेताओं में सबसे आगे। दुनिया के सर्वाधिक लोकप्रिय नेता के लिए होने वाली इस रेटिंग में मोदी जी लगातार पहले पायदान पर बने हुए हैं।

– **अन्नपूर्णा देवी,**

# चुआड़ विद्रोह के महानायक शहीद रघुनाथ महतो



**मृत्युंजय प्रसाद**

झारखंड की राजधानी रांची से 55 किलोमीटर दूर सिल्ली प्रखंड के लोटा कीता गांव के पौराणिक शिव मंदिर के समीप गड़े पत्थर अंग्रेजों के विरूद्ध लड़ाई लड़ने वाले चुआड़ विद्रोह के महानायक शहीद रघुनाथ महतो के शहादत की कहानी बयां करती है। रघुनाथ महतो वैसे सपूत थे , जिन्होंने 1760 के आसपास अंग्रेजों के विरूद्ध लड़ाई शुरू कर उनकी नींद हराम कर दी थी। इतिहास में रघुनाथ महतो के नेतृत्व में लड़ी गई इस लड़ाई को चुआड़ विद्रोह के नाम से जाना जाता है। रघुनाथ महतो का जन्म फाल्गुन पूर्णिमा के दिन 1738 ई को वर्तमान जिला सरायकेला खरसांवा के नीमडीह थाना अंतर्गत घुटियाडीह गांव में हुआ था। इनके पिता काशीनाथ महतो 12 मौजा के जमींदार परगनैत थे।

बचपन से ही रघुनाथ महतो शोषण एवं अन्याय के खिलाफ थे। रघुनाथ महतो को पकड़वाने में मदद करने वालों के लिए अंग्रेजों ने पुरस्कार घोषित किये। इधर रघुनाथ महतो भी अंग्रेजों की चाल को भांप कर सतर्क हो गये और अपनी योजना के अनुसार अंग्रेजों को सबक सिखाने लगे। 1769 को अपने जन्मदिन के अवसर पर उन्होंने अंग्रेजों के विरूद्ध नीमडीह में विशाल सभा बुलायी और अंग्रेजी हुकूमत के खिलाफ क्रांति का बिगुल फूंका। देखते ही देखते करीब एक हजार नौजवान उनके आंदोलन में शामिल हो गये। नीमडीह के सभास्थल को आज रघुनाथपुर के नाम से जाना


### शहादत दिवस



जाता है। धीरे-धीरे रघुनाथ महतो का आंदोलन जोर पकड़ने लगा और आंदोलन तत्कालीन मानभूम से लेकर धालभूमह्व नीमडीह पातकोम झरिया पंचेत आदि क्षेत्रों में फैल गया।

1776 में चुआड़ विद्रोह का केन्द्र सिल्ली एवं झालदा का क्षेत्र था। इस क्षेत्र में आंदोलनकारियों की अगुवाई झगड़ महतो एवं डोमन भूमिज कर रहे थे। बताया जाता है कि एक बार झालदा के पास आंदोलनकारियों एवं अंग्रेजी फौज के बीच हुई भिड़ंत में झगड़ महतो शहीद हो गये और डोमन भूमिज को पुलिस कैद कर पुरूलिया ले गयी। इस घटना के बाद चुआड़ विद्रोह की आग सिल्ली, सोनाहातु, बुण्डू, तमाड़ और रामगढ़ क्षेत्रों में फैल गयी। दूसरी ओर भारत के तत्कालीन गर्वनर जनरल वारेन हेस्टिंग ने छोटानागपुर खासकर जंगल महल और रामगढ़ के कमिश्नर से रघुनाथ महतो और आंदोलनकारियों से बातचीत कर समस्या का समाधान निकालने का आदेश दिया। लेकिन जमींदारों ने गर्वनर जनरल के आदेश को नहीं मानने के लिए कमिश्नर पर दबाव बनाया, जबकि विद्रोह के बढ़ने के साथ ही कुछ जमींदार अपने स्वार्थ के लिए अंग्रेजों से मिल भी गये। देश के लिए शहीद हो गये महान सपूतवह तारीख पांच अप्रैल 1778 की थी, जब रघुनाथ महतो सिल्ली प्रखंड के लोटा ग्राम स्थित गड़तैतर नामक गुप्त स्थान पर विद्रोहियों के साथ बैठक कर रहे थे। बैठक के बाद रघुनाथ महतो अपने साथियों के साथ बंदूक लूटने के लिए रामगढ पुलिस बैरक में हमला करने लिए जाने ही वाले थे कि गुप्तचरों के माध्यम से इस योजना की जानकरी अंग्रेजों को मिल गयी। अंग्रेज पुलिस अपने मिशन के तहत रघुनाथ महतो एवं अन्य विद्रोहियों पर हमला बोला। अपने साथियों के साथ रघुनाथ महतो भी बैठक स्थल से नाला पार कर कीता गांव के जमींदार के घर की ओर दौडे, लेकिन अंग्रेज पुलिस ने पीछा कर उनपर गोली, बरछा एवं बल्लम से एकसाथ हमला कर उनकी बेरहमी से हत्या कर दी। रघुनाथ महतो के शहीदस्थल पर गड़ें।

### कार्टून वर्ल्ड




### लेटर टू एडिटर

**सहयोग जरूरी**

**खबर मन्त्र** में प्रकाशित लेख सामाजिक दृष्टि से जरूरी छोटी बचतों को संरक्षण लेख कोरोना कॉल में महत्वपूर्ण और सारगर्भित था। कोरोना संक्रमण पर स्वास्थ्य विभाग के कर्मियों और आमजन के सहयोग से ही विजय पायी जा सकती है। इस महामारी को मानवीय असावधानी का परिणाम भी कहा जा सकता है। निश्चित ही और सावधानी अनिवार्य ही है।

**–रविशंकर सिंह, रांची**

**राजनीतिक अपरिपक्वता**

**हाल ही** के दिनों में देश के चुनावी अभियानों में राजनेताओं की अमर्यादित भाषा बेचैन करने वाली है। किसी भी सभ्य समाज में हर जिम्मेदार नागरिक से यह अपेक्षा की जाती है कि वह अपनी वाणी और व्यवहार पर अंकुश रखेगा। नेताओं के शब्दों की अमयार्दा और अशालीनता आजादी के सात दशक बाद भी लोकतंत्र की अपरिपक्वता को ही दशार्ता है। – **पूनम मिंज, गुमला**

# राष्ट्र और नेशन में फर्क की समझ न होना एक बड़ी समस्या

### सामयिक

**हृदयनारायण दीक्षित**

**हिन्दू** राष्ट्र सम्प्रति चर्चा में है। भारत विश्व का पहला राष्ट्र है। यूरोप के देशों में ह्यनेशनह्न और नेशनेलिटी का जन्म 9वी-10वीं सदी में हुआ। भारत में राष्ट्रभाव का उदय ऋग्वेद के रचनाकाल से भी प्राचीन हो सकता है। ऋग्वेद में राष्ट्र शब्द का कई बार उल्लेख हुआ है। राष्ट्र के लिए अंग्रेजी में कोई समानार्थी शब्द नहीं है। राष्ट्र की अवधारणा भिन्न है और नेशन की बिल्कुल भिन्न। राष्ट्र और नेशन एक नहीं हैं। इतिहास के मध्यकाल तक पश्चिम में नेशलिज्म या राष्ट्रवाद जैसा कोई विचार नहीं था।

ऋग्वेद (8.24.27) में मंत्र है कि इन्द्र ने सप्तसिन्धुषु में जल प्रवाहित किया। सप्त सिंधु 7 नदियों के प्रवाह वाला विशेष भूखण्ड है। इसकी पहचान 7 नदियों से होती है। वैदिक साहित्य के विवेचक मैक्डनल और कीथ ने लिखा है कि ह्ययहां एक सुनिश्चित देश का नाम लिया गया है। पुसाल्कर ने नदी नामों के आधार पर इस देश की रूपरेखा पर विचार किया है। इसमें अफगानिस्तान, पंजाब, सिंध, राजस्थान, पश्चिमोत्तर सीमांत, कश्मीर और सरयू तक का पूर्वी भारत सम्मिलित हैं। ऋग्वेद के ऋषियों के मन मस्तिष्क में तमाम नदियों वाले इस भूखण्ड के प्रति अतिरिक्त प्रीति थी। वे इसे बार-बार याद करते हैं। नदियों में जल प्रवाह हैं जल के बिना जीवन नहीं। वे एक अन्य मंत्र (1.32.12) में सात नदियों के जल प्रवाह का श्रेय इन्द्र को देते हैं। इन्द्र इन नदियों में जल प्रवाहित करते हैं तो सविता देव कैसे पीछे रह सकते हैं। ऋषि कहते हैं सविता ने 7 नदियों को प्रकाश से भर दिया है।

सात नदियों की आराधना करने वाले इस भूखण्ड के निवासी सभी राष्ट्र है। मार्क्सवादी चिंतक डॉ. रामविलास शर्मा ने सही लिखा है जिस देश में ऋग्वेद की सात नदियां बहती हैं, वह लगभग वही देश है जिस में जल-प्रलय के बाद, भरत जन के विस्थापित होने के बाद, हड़प्पा सभ्यता का विकास हुआ। यह देश प्राचीन काल का, ऋग्वेद और हड़प्पा के पश्चात काल का भी, बहुत दिनों तक संसार का सबसे बड़ा राष्ट्र था। सरस्वती इसके जनपदों के पारस्परिक संपर्क का साधन थी। हड़प्पा नगरों की राष्ट्रीय एकता उनकी सामान्य वास्तुकला, मुद्राओं आदि की समानता से जानी जाती है। इस राष्ट्रीय एकता की नींव ऋग्वेद के कवियों ने डाली थी। इन कवियों के लिए राष्ट्र केवल भूमि नहीं है, उस पर बसने वाले जन राष्ट्र हैं। (भारतीय नवजागरण और यूरोप पृष्ठ 87-88) भारत दुनिया का पहला राष्ट्र है। यह अनुभूति ऋग्वेद में है। दुनिया की अर्थशास्त्र की पहली पुस्तक कौटिल्य ने लिखी थी। इसकी तुलना मैक्यावलि की प्रिंस से की जाती है। दुनिया का पहला व्याकरण पाणिनि ने यहीं लिखा। गणित का अविष्कार भारत में हुआ। यह बात एन्साइक्लोपीडिया ब्रिटैनिका में है। संगीत के 7 सुरों की पहचान भारत में हुई। नाट्यशास्त्र पर पहली पुस्तक यहीं भरत मुनि ने लिखी। योग सूत्रों की खोज भी भरत में हुई। चिकित्सा विज्ञान का जन्म और विकास भारत में हुआ। ऋग्वेद में इसके साक्ष्य हैं। ऐसे सभी विषय हम सब को राष्ट्रीय गौरवबोध से भरते हैं। कुछ विवेचक आर्थिक गतिविधियों व्यापार प्रसार आदि को राष्ट्रभाव के उदय का कारण मानते हैं। आर्थिक सम्बंधों के प्रभाव निस्संदेह सामूहिक जीवन पर भी पड़ते हैं लेकिन एक समान जीवन शैली, रीति प्रीति और संस्कृति के प्रभाव ज्यादा गहन होते हैं। ऋग्वेद के समाज में परस्पर प्रीति से गणों का विकास हुआ। जन और गण मिलकर जनगणमन की एकता प्रकट हुई। यहां राष्ट्र का गठन और विकास जन गण के सामूहिक मन ने किया है।

संस्थापक
स्व. डॉ अभय कुमार सिंह
वृन्दा मीडिया पब्लिकेशन्स प्राइवेट लिमिटेड के लिए
मुद्रक, प्रकाशक
मंजू सिंह
द्वारा चिरौंदी, बोड़ेया रोड, रांची (झारखंड) से मुद्रित एवं प्रकाशित।
संपादक
अविनाश ठाकुर*
फोन : 94313-55233
पिनः -834006
e-mail
khabarmantra.city@gmail.com
R.N.I No.
JHAHIN/2013/51797
*पीआरबी एक्ट के अंतर्गत खबरों के चयन के लिए उत्तरदायी। प्रकाशित खबरों से संबंधित किसी भी विवाद का निपटारा रांची न्यायालय में ही होगा।

## स्पीड न्यूज

### प्रखंड में बंद पड़े छह सार्वजनिक शौचालय में होगी चापाकल की बोरिंग

**दारू।** प्रखंड के पांच पंचायतों में वर्षो पूर्व बने सार्वजनिक सौचालय पानी की आपूर्ति के बिना कई वर्षों से बंद पड़े थे। इनके निर्माण के बाद से ही बिना उपयोग किये इनपर ताला लटका हुआ था। पेयजल स्वक्षता विभाग ने अब इसकी सुध लेते हुए इन सौचालय भवन के सामने बोरिंग करने की स्वीकृति दी है। इस बारे में जानकारी देते हुए पीएचडी विभाग के कनीय अभियंता अरुण कुमार ने बताया कि दारू थाना के पास, पेटो, हरली, जिनगा,रामदेव खैरिका में निर्मित सौचालय भवन के पास चापाकल की बोरिंग एक दो दिनों में हो जाएगी इसके लिए मंगलवार को स्थल चयन कर लिया गया है।

### तोपा : श्रीश्री 1008 हनुमत प्राण प्रतिष्ठा यज्ञ को लेकर निकली कलश यात्रा



कलश यात्रा में शामिल श्रद्धालु।

**कुजू।** सियाराम चौक न्यू माइन्स तोपा में श्री श्री 1008 हनुमान प्राण प्रतिष्ठा एवं हनुमत यज्ञ को लेकर कलश यात्रा निकाला गया। कलश यात्रा ओरला तालाब पहुंचे। जहां आचार्य मनोज पांडेय ने यजमान बने शंकर प्रसाद मेहता, अजय मेहता, अखिलेश राम, किशोर प्रसाद साहू, प्रयाग साहू सपत्नीक को विधिवत पूजा कराया। इसके बाद पवित्र जल को कलशों में भरा गया। पुनः गाजे-बाजे के साथ तालाब से ओरला मंडा टांड़, तोपा चौक, शिव मंदिर, दुर्गा मंडप होते हुए यज्ञ स्थल पहुंचे। जहां कलशों को विधिवत स्थापित किया गया। कलश यात्रा में करीब 701 महिला-बालिकाएं शामिल थे। बाद में लोगों के बीच चना, गुड़, शरबत एवं खिचड़ी का वितरण किया गया। संध्या में वृंदावन से आयी कथावाचिका राघव प्रिया को समिति द्वारा स्वागत कर यज्ञ स्थल लाया गया। कलश यात्रा में जिला परिषद दयवंती देवी, आजसू मांडू विधानसभा प्रभारी तिवारी महतो, धनेश्वर मांझी, ओरला मुखिया गुड़िया देवी, पूर्व मुखिया दुलारी देवी, पंसस गुड़िया देवी के अलावे अध्यक्ष ज्योतिंद्र प्रसाद साहू, सचिव निर्मल करमाली, कोषाध्यक्ष हरेनाथ मिश्रा, संयोजक रामभजन लाल महतो, उपाध्यक्ष शंकर मेहता, सह सचिव अखिलेश राम, सह कोषाध्यक्ष डलेश्वर प्रसाद, संयोजक रंजीत कुमार सिंह, संरक्षण कैलाश करमाली, प्रो खरोधर प्रसाद साहू, उप मुखिया विजय कुमार पासवान, शंकर प्रसाद, विनोद मेहता, ज्ञानी महतो, अभिषेक कुमार पासवान, संतोष कुमार, सुनील सिंह, प्रभात कुमार, प्रकाश कुमार अग्रवाल, चीकू, बंटी कुमार, विनोद, जीतू, दिलीप, शंभू, सरिता मंडल, शंकर दयाल शर्मा, सौरभ, दीपक नायक, संदीप मुंडा, विनोद मुंडा, अनिल गंजू, सचिन राम, उमेश महतो, कमल राम, वरुण कुमार, मुकेश यादव, सरिता कुमारी, काजल कुमारी, सुनैना कुमारी, आशा, लक्ष्मी देवी, रानी कुमारी, रूपा देवी आदि शामिल थे।

### श्रीश्री हनुमत प्राण प्रतिष्ठा सह पांच दिवसीय महायज्ञ का ध्वजारोहण 6 को : सुरेश उपाध्याय



बैठक में उपस्थित मंदिर समिति के लोग।

**भुरकुंडा (रामगढ़)।** भुरकुंडा बाजार स्थित खपड़िया बाबा मंदिर में नवीन हनुमान प्रतिमा स्थापित को ले आगामी 17 से 21 जून तक होने वाले श्रीश्री हनुमंत प्राण प्रतिष्ठा पांच दिवसीय महायज्ञ को ले हनुमंत जयंती के दिन 6 अप्रैल की सुबह साढ़े सात बजे भूमि पूजन व यज्ञ ध्वजारोहण किया जाएगा। उक्त जानकारी देते हुए मंदिर समिति के संयोजक सुरेश उपाध्याय ने बताया कि 17 से 21 जून तक वनांचल के जगतगुरु स्वामी दीन दयाल जी महाराज द्वारा महायज्ञ में वैदिक मंत्रोच्चारण के बीच विभिन्न धार्मिक अनुष्ठान संपन्न कराए जायेंगे। महायज्ञ को ले गुरूवार को खपड़िया बाबा मंदिर प्रांगण में पूरे विधि-विधान एवं वैदिक मंत्रोच्चारण के बीच भूमि पूजन व यज्ञ ध्वजारोहण किया जायेगा। उन्होंने क्षेत्रवासियों से उक्त अनुष्ठान में शामिल होने की अपील की है। इसकी सफलता को ले मंगलवार को मंदिर प्रांगण में स्थानीय लोगों की बैठक हुई। बैठक में महायज्ञ की सफलता पर चर्चा की गई। मौके पर स्वामी दीन दयाल जी महाराज, अशोक कुमार मिश्रा, प्रेमनाथ विश्वकर्मा, गुलाबचंद्र मिश्रा, संजय कुमार अग्रवाल, सुनील अग्रवाल, सुरेश उपाध्याय, बाबूलाल नायक, अभिषेक मिश्रा, बृजनंदन दास, रमाकांत दुबे आदि मौजूद थे।

### जय भारत सत्याग्रह कार्यक्रम के तहत लोकतंत्र बचाओ शांति मार्च निकला

**झुमरीतिलैया (कोडरमा)।** झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रदेश प्रभारी सह एआईसीसी के महासचिव अविनाश पांडेय के निर्देशानुसार झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रदेश अध्यक्ष राजेश ठाकुर के आदेशानुसार जिला कांग्रेस कमेटी के जिलाध्यक्ष भागीरथ पासवान के नेतृत्व में पूर्व भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस अध्यक्ष राहुल गांधी के संसदीय सदस्यता रद्द किये जाने के खिलाफ जय भारत सत्याग्रह कार्यक्रम के तहत लोकतंत्र बचाओ शांति मार्च निकाला गया। कार्यक्रम के दौरान जिला कांग्रेस कमेटी के जिला अध्यक्ष भागीरथ पासवान ने कहा कि केंद्र सरकार की कुकर्मों के उजागर होने के डर और किसी भी कीमत पर जनता के ध्यान को भटकाने की कोशिश की जा रही है।

# रामवि ढेंगुरा का होगा कायाकल्प, जल्द बदलेगी स्कूल की सूरत

- विधायक मनीष जायसवाल ने जिप अध्यक्ष और उपाध्यक्ष संग ढेंगुरा में रखी डेढ़ करोड़ की विकास योजनाओं का आधारशिला
- स्कूलों की आधारभूत संरचना को मजबूती प्रदान करना निश्चित रूप से समाज में शिक्षा के महत्व को बढ़ाने में साबित होगा कारगर- मनीष जायसवाल

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**कटकमदाग।** प्रखंड के ढेंगुरा पंचायत स्थित ग्राम ढेंगुरा में डीएनएफटी मद अंतर्गत राजकीय मध्य विद्यालय, ढेंगुरा का निर्माण कार्य का विधिवत शिलान्यास सदर विधायक मनीष जायसवाल ने जिप अध्यक्ष उमेश मेहता और जिप उपाध्यक्ष किसुन यादव ने संयुक्त रूप से पूजा-अर्चना कर नारियल फोड़कर और शिलापट्ट का अनावरण कर शिलान्यास किया। डीएमएफटी मद के करीब 01 करोड़ 49 लाख रुपए की लागत से इस शिक्षा के मंदिर का कायाकल्प होगा।

इस कार्य के तहत एक नया भवन का क्लास रूम का निर्माण, सभी भवनों का रिपेयर, बाउंड्री वॉल, डीप बोरिंग, वायरिंग और शौचालय का निर्माण किया जाना है। सदर विधायक मनीष जायसवाल सहित अन्य अतिथियों का यहां पहुंचने पर ढेंगुरा ग्राम वासियों, स्कूली बच्चों और शिक्षकों के अलावे स्थानीय भाजपा कार्यकताओं ने गाजे- बाजे और ढोल- ताशे के साथ फूल माला पहनाकर और पुष्पगुच्छ भेंटकर भव्य स्वागत किया।



विद्यालय की आधारशिला रखते सदर विधायक व अन्य।

विधायक मनीष जायसवाल ने यहां स्थानीय लोगों की समस्या भी जानी और यथासंभव निराकरण का भरोसा भी जताया। मौके पर विधायक मनीष जायसवाल ने कहा की शिक्षा के मंदिर का कायाकल्प समाज के लिए अत्यंत जरुरी है। शिक्षा से ही समाज से अज्ञानता रूपी अंधकार मिटेगा और ज्ञानता रूपी प्रकाश का उदय होगा।

इसी उद्देश्य के साथ जिले के सभी स्कूलों को अपग्रेड करने का कार्य चल रहा है इसी कड़ी के तहत ढेंगुरा स्कूल का भी उन्नयन कार्य किया जा रहा है। डीएमएफटी मद का उपयोग स्कूलों के जर्जर भवन को सुदृढ़ करने में उपयोग करना और स्कूलों की आधारभूत संरचना को मजबूती प्रदान करना निश्चित रूप से समाज में शिक्षा के महत्व को बढ़ाने में कारगर साबित होगा। विधायक मनीष जायसवाल ने स्कूल प्रबंधन समिति और ग्रामीणों से गुणवत्ता के अनुरूप काम कराने में सहयोग करने का भी अपील की।

उन्होंने यह भी कहा की ढेंगुरा से मेरी दादी का विशेष नाता रहा है इसीलिए बचपन से इस गांव को करीब से देखा हूं। पहले यहां आने में सड़क की जर्जर हालत को देखकर रूह कांप जाया करता था लेकिन बतौर विधायक मैंने प्राथमिकता के तौर पर इस पंचायत में काम किया और आपके हरेक मुख्य सड़क का गुणवत्त निर्माण हुआ है।

मौके पर कटकमदाग जिला परिषद सदस्य जीतन राम, ढेंगुरा मुखिया कंचन देवी, उप मुखिया मो. खुर्शीद, कटकमदाग विधायक प्रतिनिधि अजय कुमार साहू, सांसद प्रतिनिधि ज्ञानप्रकाश, विधायक प्रतिनिधि विशाल वाल्मिकी, विधायक प्रतिनिधि शिवपाल यादव, अजय पांडेय, कुणाल कुमार उर्फ.हैप्पी, सदर विधायक मीडिया प्रतिनिधि रंजन चौधरी सहित अन्य गणमान्य लोग मौजूद रहे।

## बरही : मलकोको में इफ्तार पार्टी का आयोजन

# इस्लाम में एक माह का रोजा फर्ज है : मो कयूम

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**बरही।** प्रखंड अंतर्गत मलकोको पंचायत में अंजुमन कमिटी द्वारा इफ्तार पार्टी का आयोजन किया गया।मौके पर मुख्य रूप से अंजुमन कमिटी के सदस्य, ग्रामीण एवं पूर्व जिप प्रतिनिधि सह अल्पसंखयक महाकल्याण समिति अध्यक्ष मो कयूम, फाउंडर सदस्य पप्पू खान, मो अजहरुद्दीन शामिल हुए।

आयोजक के रूप में सदर आसमीद अंसारी, सेक्रेटरी अनवर हुसैन शामिल रहें। पूर्व जीप प्रतिनिधि मो कयूम ने बताया कि इस्लाम में एक माह के रोजे रखना फर्ज है। मुस्लिमों के लिए गुनाहों से मुक्ति और रोजी की तरक्की के लिए यह बड़ा अजमत वाला माह माना जाता है।



इफ्तार में शामिल मुस्लिम समुदाय।

**खास बातें :** यह महीना समाज के गरीब और जरूरतमंद बंदों के साथ हमदर्दी का है। इस महीने में रोजादार को इफ्तार कराने वाले के गुनाह माफ हो जाते हैं। इफ्तार पार्टी में मौलाना गुलाम हैदर रिजवी, मौलाना मेहबूब, सदर अस्मिद मियां, सेक्रेटरी अनवर अंसारी, मौलाना मेराज उद्दीन, मौलाना मेराज अहमद, हाफिज मुबारक अंसारी, हाजी शहादत हुसैन, हाजी मंसूर मियां, डॉ. जसीम अंसारी, डॉ. सद्दाम अंसारी, अजहर उद्दीन, याकूब अंसारी, अब्दुल सलाम, मेहताब अंसारी आदि शामिल हुए।

सीसीएल कोलियरी कर्मचारी संघ से संबद्ध भारतीय मजदूर संघ केंद्रीय कार्यसमिति की बैठक

# कार्यसमिति सदस्यों ने अपने-अपने क्षेत्रों का प्रस्तुत किया ब्यौरा, विभिन्न विषयों पर चर्चा





दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम का उद्घाटन करते अतिथि और बैठक में उपस्थित लोग।

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**भुरकुंडा (रामगढ़)।** रिभर साईड भुरकुंडा स्थित ऑफिसर्स क्लब में मंगलवार को सीसीएल कोलयरी कर्मचारी संघ से संबद्ध भारतीय मजदूर संघ/अखिल भारतीय खदान मजदूर संघ की केंद्रीय कार्यसमिति की बैठक हुई। इसकी अध्यक्षता सीसीएल अध्यक्ष मनोज रजक एवं संचालन सीसीएल महामंत्री राजीव रंजन सिंह ने किया।

**खास बातें :** कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथियों ने दीप प्रज्ज्वलित कर किया। उद्घाटन सत्र में श्रमिक गीत, अतिथियों एवं नवनिर्वाचित कार्यसमिति सदस्यों का परिचय, उद्घाटन भाषण सहित सदस्यता अभियान पर विस्तार पूर्वक चर्चा की गई। तत्पश्चात अभाखम संघ कार्यसमिति बैठक में लिए गए निर्णय पर आगे की रूप रेखा तय की गई। इसके बाद संगठनात्मक चर्चा, प्रचास एवं क्षेत्रीय कार्यसमिति पुर्नगठन की तिथि सुनिश्चित की गई। बैठक में सीसीएल के सभी कार्यसमिति सदस्यों ने अपने-अपने क्षेत्रों का ब्यौरा प्रस्तुत किया। साथ ही अन्य विषयों पर भी चर्चा की गई। मौके पर शंभू प्रसाद सिंह, हरिनाथ महतो, श्रीकांत गुप्ता, विनय पाठक, विनय सिंह, शिवकुमार, देवेंद्र शर्मा, संजय सिंह, अमरभूषन, अखिलेश सिंह, राजकिशोर सिंह, संजीव चंद्रा, राजकुमार मंडल सहित सीसीएल कोलियरी कर्मचारी संघ (भामस) के नव निर्वाचित कार्यसमिति अध्यक्ष मनोज कुमार रजक, उपाध्यक्ष दिलीप कुमार, राघवेन्द्र पासवान व विशाल कुमार, महामंत्री राजीव रंजन सिंह, संयुक्त महामंत्री निर्गुन महतो, मंत्री शशि भूषण सिंह, सुधीर कुमार, सुरेश तिवारी व मुकेश कुमार, संगठन मंत्री रामेश्वर मंडल, सह संगठन मंत्री मदन कुमार, कोषाध्यक्ष रमेश कुमार, कार्यालय मंत्री विनय प्रसाद गुप्ता, कार्यसमिति सदस्य मंजू मिश्रा, जेपी झा, अनूप सिंह, मनीष कुमार व टीकैत महंतो, विशेष आमंत्रित कार्यसमिति सदस्य संजय चौधरी भी थे।

## एनटीपीसी नैगम सामाजिक दायित्व के तहत कर रही पीसीसी पथ का निर्माण

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**बड़कागांव।** एनटीपीसी पकरी बरवाडीह कोयला खनन परियोजना अपने नैगम सामाजिक दायित्व के कार्यों के लिए लोगों के बीच प्रसिद्ध है। जन भावनाओं का ख्याल रखते हुए एनटीपीसी पकरी बरवाडीह ने परियोजना के आसपास के कई गांवों में स्वास्थ्य, शिक्षा, चिकित्सा, स्वरोजगार और प्रशिक्षण के लिए कई कदम उठाए हैं। अब अपने इन्हीं जिम्मेदारियों का निर्वहन करते हुए कटकमदाग के बांका गांव में पीसीसी सड़क का निर्माण शुरू कर दिया है।

पीसीसी के निर्माण से जहां गांव वालों को सहूलियत होगी वहीं आसपास के गांव से गुजरने वाले लोगों को भी आसानी होगी।पीसीसी बांका में रहने वाले ग्रामीणों के अनुरोध के बाद स्वीकृत की गई थी। पीसीसी कुल 11.6 लाख की लागत से बनकर तैयार होगी। इससे पहले भी एनटीपीसी ने कई गांवों में पीसीसी, हैंडपंप, डीप बोरवेल और गांव वालों के अनुरोध पर कई सामाजिक उत्थान के कार्य किये हैं। हाल ही में एनटीपीसी ने जिला पुलिस बल की जरूरतों को ध्यान में रखते हुए प्रोटेक्टिव पर्सनल इक्विपमेंट खरीदने के लिए 13 लाख 20 हजार का चेक भेंट किया था। साथ ही पुलिस लाइन हजारीबाग में नवनिर्मित बैरक, फ्लैग पोस्ट एवं पार्किंग शेड भी बनवाया है।

## सेंट्रल सौंदा मंदिर कमेटी से आजसू केंद्रीय महासचिव रोशनलाल चौधरी ने किया संवाद

- श्रीश्री हनुमान मंदिर कमेटी को भेंट की दर्री, कहा- आगे भी करता रहूंगा हर संभव सहयोग

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**भुरकुंडा (रामगढ़)।** पतरातू प्रखंड के सेंट्रल सौंदा स्थित श्रीश्री हनुमान मंदिर कमेटी से संवाद करने को ले मंगलवार को आजसू पार्टी के केंद्रीय महासचिव सह बड़कागांव विधानसभा प्रभारी रोशनलाल चौधरी मंदिर पहुंचे। इस दौरान श्री चौधरी ने मंदिर कमेटी को श्रद्धालुओं के बैठने के लिए दर्री भेंट की। साथ ही आगे भी मंदिर में हर संभव सहयोग करने की बात कही। संवाद के दौरान रोशनलाल चौधरी ने कहा कि सेंट्रल सौंदा का श्रीश्री हनुमान मंदिर श्रद्धालुओं के अटूट आस्था का केंद्र है। यहां सच्चे मन से प्रार्थना करने वाले हर श्रद्धालुओं की मनोकामनाएं पूर्ण होती है। मंदिर में विभिन्न भक्ति कार्यों एवं भक्तजनों की सुविधा के लिए दर्री प्रदान किया हूं। उन्होंने भगवान हनुमान के समक्ष मत्था टेक क्षेत्र की हरियाली-खुशहाली व सुख-समृद्धि की कामना की।



सेंट्रल सौंदा मंदिर कमेटी को दर्री भेंट करते रोशनलाल चौधरी।

## प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी ने किया औचक निरीक्षण

**इचाक।** सीएम आदर्श उच्च विद्यालय इचाक में परीक्षा के दौरान इचाक के प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी ने औचक निरिक्षण किया। मौके पर प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी ने बताया कि इसी प्रकार समस्त झारखंड में परीक्षा लेने की आवश्यकता है। केंद्र अधीक्षक श्री जीवन कुमार ने बताया परीक्षा सीसीटीवी के कैमरे की निगरानी में हो रहे हैं। प्रत्येक कमरों मे दो दो विक्षक लगाये गये हैं। परीक्षा नियंत्रक भी लगाये गये हैं। जिसका निरीक्षण समय-समय पर वह करते रहते हैं। परीक्षा नियंत्रक के रूप में विद्यालय के सहायक शिक्षक श्री ओंकार मेहता चुने गए हैं, जो समय-समय पर 3-4सहयोगी शिक्षक से हर एक आधे घंटे में कक्षा का मॉनिटरिंग करते हैं एवं परीक्षा कक्ष में किसी प्रकार के कदाचार हो रही है। उसकी भी देखरेख करते हैं। परीक्षा नियंत्रक ने बताया कि सेकंड सीटिंग में राजनीतिक विज्ञान की परीक्षा हो रही है इसमें 286 विद्यार्थी में से 284 सम्मिलित हुए।

## बगजोबरा में बाहा महोत्सव छह को, तैयारी जोरों पर

**चरही।** चुरचू प्रखंड के चुरचू पंचायत अंतर्गत बागजोबरा में अगामी 6 अप्रैल को बाहा महोत्सव मनाने को तैयारी जोरो पर है मौके पर बाहा महोत्सव कमेटी के अध्यक्ष गुरुदयाल हांसदा ने कहा कि बाहा महोत्सव कार्यक्रम चरही, चुरचू, मांडू, टाटीझरिया, डाड़ी दारू, बड़कागांव, इचाक, बोकारो, गिरिडीह सहित अन्य जिलों से लोग कार्यक्रम में शामिल होंगे। कार्यक्रम में बाहा पारंपरिक नृत्य सहित अन्य रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत किया जायेगा। जिसके मुख्य अतिथि झारखंड राज्य समन्वय समिति सदस्य फागु बेसरा व विशिस्ट अतिथि चुरचू पूर्व जिप सदस्य अग्नेशिया सांडी पूर्ति,चुरचू मुखिया पूनम बेसरा, चरही मुखिया संझली मुर्मू व आंगो मुखिया सितामुनि देवी होंगे। बाहा महोत्सव तैयारी में बाहा महोत्सव के अध्यक्ष गुरुदयाल हसदा सचिव सहदेव किस्कु व कोषाध्यक्ष आनंद सोरेन, संरक्षक सह नायके लालजी मांझी, लजरुस सोरेन, रामकिशोर मुर्मू, महादेव सोरेन, महालाल हसदा, चुनुलाल हसदा, फिनिलाल किस्कु, लखीराम मांझी, भीमसेंट टुडु, जेठूवा मांझी, मन्नू टुडू, संजय मुर्मू, गणेश टुडु, राकेश सोरेन, संतोष बास्के, बागुन सोरेन, सुनील मुर्मू, महेंद्र मुर्मू, रमेश मांझी, सिकंदर मरांडी, छोटेलाल मरांडी, सोहन हांसदा, बिनय हांसदा,राजू टुडू, राम टुडु, संजय टुडु, दीपक मुर्मू, प्रदीप हांसदा, रवि मुर्मू, सुशांत हांसदा, अर्जुन हांसदा, संतोष हांसदा, विमल हांसदा, रमेश हांसदा, प्रकाश हांसदा, आनंद किस्कू, अल्बर्ट मुर्मू, रामजी मांझी, महेन्द्र किस्कू, अनिल हांसदा, सिंटू किस्कू, सुनील किस्कू, लक्ष्मी किस्कू, असमिता किस्कू, आनंद सोरेन, प्रकाश टुडु, बिशुन मुर्मू, लालजी किस्कू सहित अन्य लोग लगे हुए हैं।

## झामुमो के 44वें स्थापना दिवस में शामिल हुए संजीव कुमार बेदिया

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**बड़कागांव।** झामुमो के 44 वां स्थापना दिवस हजारीबाग संत कोलंबस कॉलेज मैदान में आयोजन किया गया है। कार्यक्रम में झामुमो केंद्रीय सचिव सह झारखंड सरकार राज्य परिवहन प्राधिकार सदस्य संजीव बेदिया के नेतृत्व में बड़कागांव विधानसभा से सैकड़ों की संख्या में हजारीबाग सत कोलंबस कॉलेज मैदान में पहुंचे। संजीव बेदिया ने कहा हेमंत सरकार ग्रामीणों के हित के लिए कार्य कर रही है।



4 है पी 3: स्थापना दिवस में शामिल लोग।

**खास बातें :** झामुमो आदिवासी मूलनिवासी का पार्टी है। सभी को मिला जुला कर चलने वाली सरकार है। गरीबों के लिए भिन्न भिन्न प्रकार की योजनाएं एक से बढ़कर एक लाए जा रहे है चाहे वह योजना किसान संबंधित हो या स्कूल के छात्र छात्राओं के लिए हो। वर्तमान में जो भी बच्चे टॉपर रहे हैं उन्हें लैपटॉप मोबाइल सहित नगद पुरस्कार दिया जा रहा है। मौके पर झामुमो केंद्रीय सचिव संजीव कुमार बेदिया, केंद्रीय सदस्य सोनाराम मांझी, वरिष्ठ नेता संजय सिंह, सफीउल्लाह अंसारी, जिला उपाध्यक्ष संजय करमाली, प्रमुख प्रतिनिधि हेमंत भुइयां, मुखिया इलियास अंसारी, प्रखंड अध्यक्ष किशोर राणा, सचिव वासुदेव यादव भी थे।

## हजारीबाग एरिया ने किया कोयले का रिकॉर्ड उत्पादन

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**चरही।** सीसीएल हजारीबाग कोयला क्षेत्र के विभिन्न परियोजनाओं से कोयले का उत्पादन अपने लक्ष्य से अधिक किया जा चुका है। उत्पादन लक्ष्य से अधिक उत्पादन होने से महाप्रबंधक नीरज सिन्हा ने परियोजना में कार्यरत सभी कोयला उद्योग से जुड़े पदाधिकारियों, कर्मी और कामगारों को बधाई दी है। महाप्रबंधक श्री सिन्हा ने बताया कि कोल इंडिया इस बार 700 मिलियन टन कोयले का उत्पादन किया गया है।जो पिछले वर्ष 622 मिलियन टन उत्पादन किया गया था।कोल इंडिया के महत्वपूर्ण अंग सीसीएल अपने वित्तीय वर्ष 2022-23 में 7.60 करोड़ टन कोयले का उत्पादन किया गया। को उत्पादन वर्ष 2021-22 में 6.88 करोड़ टन था। पिछले वर्ष के मुकाबले 11प्रतिशत की वृद्धि हुई। अपने हजारीबाग क्षेत्र में इस बार 39.5 लाख मीट्रिक टन उत्पादन रहा है। पिछले वर्ष 32.7 लाख मीट्रिक टन था।

# विद्यार्थी देश के लिए कुछ करें, यही हमारी सेवा का लक्ष्य : उर्मिला सिंह

- डीएवी की सहायक क्षेत्रीय अधिकारी सह डीएवी बरकाकाना की प्राचार्य उर्मिला सिंह के नेतृत्व में विद्यालय बना क्षेत्र की पहचान
- 1992 ई से डीएवी बरकाकाना में दे रही हैं सेवा
- विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए विभिन्न गतिविधियों को देती हैं बढ़ावा

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रामगढ़।** जिला के बरकाकाना स्थित डीएवी बरकाकाना वर्तमान में शिक्षा के क्षेत्र में अपनी विशेष पहचान रखता है। क्षेत्र के डीएवी विद्यालयों में इसकी अपनी एक अलग छवि है और अभिभावकों की ईच्छा होती है कि उनके बच्चे डीएवी बरकाकाना में शिक्षा ग्रहण करें। वर्तमान में डीएवी बरकाकाना की प्राचार्य उर्मिला सिंह हैं जो डीएवी की सहायक क्षेत्रीय अधिकारी भी हैं। वह इस विद्यालय से 1992 ई में जुड़ीं। उनके विद्यालय से जुड़ने के उपरांत लगातार विद्यालय का विकास हुआ है। उर्मिला सिंह के विद्यालय से जुड़ने के समय वहां 10वीं तक की पढ़ाई होती थी। लेकिन उनके लगातार प्रयास के बाद अब विद्यालय में 12वीं तक की पढ़ाई हो रही है।



विद्यालय के एक कार्यक्रम में शामिल उर्मिला सिंह व अन्य।

**एलकेजी से कक्षा दो तक बच्चों का होता है प्रमोशन :** विद्यालय की प्राचार्य उर्मिला सिंह ने बताया कि डीएवी बरकाकाना में एलकेजी से कक्षा 2 तक बच्चों का एक्जाम नही होता है, बल्कि बच्चों की गतिविधि के आधार पर उन्हें प्रमोशन दिया जाता है।

**यूपीएसपी, सेना, मेडिकल, इंजीनियरिंग में बरकाकाना के विद्यार्थियों ने लहराया परचम :** डीएवी बरकाकाना में बेहतर शैक्षणिक माहौल उपलब्ध कराने के कारण वहां के विद्यार्थियों ने यूपीएससी, सेना, मेडिकल, इंजीनियरिंग आदि क्षेत्रों में सफलता अर्जित कर विद्यालय और अपने परिजनों का नाम रौशन किया है। इस संबंध में प्राचार्य उर्मिला सिंह ने कहा कि ऐसा विद्यार्थियों को बेहतर शैक्षणिक माहौल उपलब्ध करवाने के कारण संभव हो पा रहा है।

# बाबा चौहरमल ने समाज के उत्थान के लिए कई सराहनीय कार्य किये : शशि पासवान

- शिरोमणि बाबा चौहरमल की धूमधाम से मनी 710वी जयंती, बताये मार्ग पर चलने का आह्वान

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**भुरकुंडा (रामगढ़)।** पासवान कल्याण युवा समिति भुरकुंडा के तत्वावधान में भुरकुंडा पंचायत भवन मंगलवार को शिरोमणी बाबा चौहरमल की 710वीं जयंती धूमधाम से श्रद्धापूर्वक मनायी गयी।

कार्यक्रम की अध्यक्षता समिति के अध्यक्ष शशि पासवान और संचालन संरक्षक सुरेंद्र प्रसाद ने किया। कार्यक्रम की शुरुआत समिति के लोगों ने महाबली बाबा चौहरमल के तस्वीर पर पुष्प अर्पित कर की। मौके पर संरक्षक सुरेंद्र प्रसाद, बिजेंद्र कुमार, संजय पासवान व भुरकुंडा मुखिया अजय पासवान ने समाज के उत्थान के लिए शिक्षा पर जोर देते हुए सबों को एकजुट रहने की बात कही। अध्यक्ष शशि पासवान ने कहा कि बाबा चौहरमल का जन्म 1313 ई में हुआ था। वे एक किसान परिवार से थे।



शिरोमणि बाबा चौहरमल के तस्वीर पर पुष्प अर्पित करते समिति के लोग।

**खास बातें :** उन्होंने अपने समाज के उत्थान के लिए कई सराहनीय कार्य किये जिसे कभी भुलाया नहीं जा सकता। उन्होंने कहा कि बाबा चौहरमल सामंती दमन के विरुद्ध विद्रोह के प्रतीक थे। उन्होंने चाराडीह में सामन्तो द्वारा की गई आर्थिक नानाबन्दी का संगठन बना कर कड़ा मुकाबला किया और अपने लोगों को संकट से बचाया। अध्यक्ष श्री पासवान ने शिरोमणी बाबा चौहरमल के जीवनी पर प्रकाश डालते हुए उनके बताए मार्ग पर चलने का आहवान किया। मौके समिति के सचिव रोशन पासवान, डॉ.रविन्द्र पासवान, रविंद्र पासवान, अनिल पासवान, मनीष पासवान, अमित पासवान, विजय पासवान, अनीश पासवान, आनंद पासवान, प्रकाश, प्रेम, राजेंद्र पासवान, सुबोध, विकास पासवान, संजय पासवान, मंटू पासवान सहित समाज के दर्जनों लोग मौजूद थे।

# एक्सएलआरआइ का 67वां दीक्षांत समारोह, मैरिको के चेयरमैन हर्ष मारीवाला सम्मानित






खबर मन्त्र ब्यूरो

**जमशेदपुर।** मंगलवार को एक्सएलआरआइ के 67वां दीक्षांत समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में एमएफसीजी कंपनी मैरिको के चेयरमैन हर्ष मारीवाला जबकि विशिष्ट अतिथि के रूप में टाटा स्टील इंडिया एंड साउथ ईस्ट एशिया के एमडी सह एक्सएलआरआइ के बोर्ड ऑफ गवर्नर्स टीवी नरेंद्रन उपस्थित थे। इस अवसर पर एक्सएलआरआइ से पास आउट होने वाले 484 विद्यार्थियों को सर्टिफिकेट दिया गया। कार्यक्रम के दौरान हर्ष मारीवाला को प्रतिष्ठित 'सर जहांगीर घांदी मेडल फॉर इंडस्ट्रियल एंड सोशल पीस' से सम्मानित किया गया। इस अवसर पर मैरिको के चेयरमैन हर्ष मारीवाला ने सभी विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए मैरिको के 80 करोड़ से लेकर 10 हजार करोड़ तक के टर्न ओवर की कंपनी बनने तक के सफर के बारे में विस्तार पूर्वक बताया। कहा कि ऐसा इसलिए हो पाया क्योंकि हमने अपने वर्क प्लेस में इनोवेशन कल्चर को डेवलप किया। कहा कि कई बार इनोवेशन से संभव है कि नुकसान भी हो, लेकिन इसके बाद भी इसके डर से इनोवेशन छोड़ना चाहिए। मारीवाला ने कहा कि ऐसा बिल्कुल नहीं है कि इनोवेशन सिर्फ एमबीए लैब से ही पैदा हो। इनोवेटिव आइडिया समाज के अंतिम पायदान पर खड़े व्यक्ति के पास भी हो सकता है। इस समारोह के दौरान 14 मेधावी विद्यार्थियों को गोल्ड मेडल दिया गया. इस मौके पर एक्सएलआरआइ के डायरेक्टर फादर एस जॉर्ज एसजे, एक्सएलआरआइ के डीन एकेडमिक्स प्रो डॉ संजय पात्रो, डीन एडमिनिस्ट्रेशन फादर डोनाल्ड डिसूजा समेत सभी शिक्षक-शिक्षिकाएं, विद्यार्थी व अभिभावक मौजूद थे। इस दौरान फैकल्टी, नॉन टीचिंग स्टाफ व मेंटेनेंस स्टाफ को लगातार 15 वर्ष तक सेवा देने के लिए उन्हें लांग सर्विस मेडल से नवाजा गया।

## सीखने की कोई उम्र नहीं होती है : टीवी नरेंद्रन



मौके पर विशिष्ट अतिथि के रूप में टाटा स्टील इंडिया एंड साउथ ईस्ट एशिया के एमडी सह एक्सएलआरआइ के बोर्ड ऑफ गवर्नर्स टीवी नरेंद्रन ने कहा कि छात्र जीवन के दौरान जो भी बातें सीखी जाती है, उसका व्यावहारिक जीवन में सकारात्मक तरीके से इस्तेमाल करें। कहा कि सीखने की कोई उम्र नहीं होती है। कहा कि जब वे आज से 30 साल पहले ग्रेजुएट हुए थे उस वक्त चाइना कोई फैक्टर नहीं था, लेकिन आज स्थिति बदली हुई है। इंटर कनेक्टेड वर्ल्ड की वजह से ऐसा हो रहा है कि रसिया व यूक्रेन वॉर का असर प्रत्यक्ष या परोक्ष रूप से अपने देश पर भी पड़ता है। उन्होंने क्लाइमेट चेंज पर भी अपनी बातों को रखा।

**15 साल काम करने के लिए इन्हें मिला लांग सर्विस मेडल**

फैकल्टी - मनोज थॉमस, नरसिंहन राजकुमार, प्रतीक राय, सुमित सरकार, अरुंधति सरकार बोस, संजीव वार्षणेय, एमजी जोमोन, शांतनु सरकार

नॉन टीचिंग स्टाफ- विकास चंद्र चौधरी, निरुपमा हरिपाल, एडलाइन ओड़ेया, सुशांता मंडल, प्रिया मिंज, मनीषा एस बेक

मेंटेनेंस स्टाफ- जेम्स विन्सेंट मालवा, तरुण महतो, विष्णु, बापी कुमार

**नाथ किस कोर्स के कितने स्टूडेंट हुए ग्रेजुएट**

फेलो प्रोग्राम इन मैनेजमेंट- 14

- ह्यूमन रिसोर्स मैनेजमेंट- 176
- बिजनेस मैनेजमेंट- 180
- जेनरल मैनेजमेंट ( 15 माह प्रोग्राम ) - 114

**एकेडमिक एक्सीलेंस के लिए मेडल**

- बेस्ट ऑल राउंड स्टूडेंट- डेल्फी तयाल
- बेस्ट ऑल राउंड वीमेन स्टूडेंट- तान्या गुप्ता
- आउटगोइंग एफपीएम स्टूडेंट- वरुण शर्मा- हाइयेस्ट सीक्यूपीआइ एचआरएम- तान्या गुप्ता - सेकेंड हाइयेस्ट सीक्यूपीआइ एचआरएम- मुदित गोयल
- हाइयेस्ट सीक्यूपीआइ बीएम- कुणाल गुप्ता

स्पीड न्यूज

### मायुमं सुरभि शाखा ने गोलमुरी में बांटे तरबूज



**जमशेदपुर।** मारवाडी युवा मंच स्टील सिटी सुरभी शाखा द्वारा सामाजिक दायित्वों का निर्वाह करते हुए मंगलवार को आनंद सबके लिए कार्यक्रम के तहत गोलमुरी चौक स्थित हनुमान मंदिर के पास 500 से अधिक लोगों के बीच तरबूज का वितरण किया गया। इस कार्यक्रम में शाखा अध्यक्ष उषा चौधरी, शाखा सचिव निधि अग्रवाल, कोषाध्यक्ष नीलम देबुका, रुपा अग्रवाल, मनीषा अग्रवाल, पूजा अग्रवाल, प्रीति देबूका, प्रीति अग्रवाल, निभा आदि सदस्यों का सहयोग रहा।

### रामनवमी महोत्सव जुलूस के साथ सम्पन्न



**चांडिल।** मंगलवार को श्री श्री बजरंग अखाड़ा चांडिल हाटतोला के द्वारा रामनवमी के उपलक्ष्य पर झंडा जुलूस निकाला गया। जिसमें पुरे चांडिल बाजार एवं डैम रोड में युवाओं के द्वारा हैरतअंगेज करतब दिखाए गए। इस दौरान राम भक्तों के लिए जगह-जगह पर चना गुड़ एवं शरबत की व्यवस्था की गई थी। जुलूस के दौरान पुरे चांडिल बाजार जय श्री राम, जय बजरंगबली के नारों से गूंज उठा। इस मौके पर पूर्व जिप ओमप्रकाश लायेक, पप्पू वर्मा, सुनील गोप, मिलन प्रमाणिक, मुखिया मनोहर सिंह सरदार, जगन्नाथ गोप, राहुल वर्मा, चंदन वर्मा, भास्कर मिश्रा, महेश सिंह मुंडा सहित कई लोग उपस्थित थे।

### गम्हरिया के वार्ड तीन में पार्षद पिंकी चौधरी के प्रयास से पथ निर्माण



**गम्हरिया।** नगर निगम क्षेत्र अंतर्गत गम्हरिया के वार्ड तीन में पार्षद पिंकी चौधरी और प्रतिनिधि बंकिम चौधरी के प्रयास से पथ निर्माण विभाग की ओर से विगत दिनों मरम्मत की गई सड़क का पक्कीकरण किया गया। चौधरी ने बताया कि एमटीसी मॉल के सामने मुख्य मार्ग से अंदर की ओर जाने वाले रास्ता का पक्कीकरण किया गया। इससे उस ओर बस्ती में रहने वाले सैकड़ों परिवार को अब आवाजाही में सहूलियत होगी। इस मार्ग के निर्माण होने से स्थानीय लोगों में हर्ष व्याप्त है। इस दौरान देवाशीष दास, शंभु कर्मकार, सरोज मुखर्जी, टीकाराम महतो समेत कई ग्रामीण मौजूद थे।

### विश्वकर्मा समाज के केन्द्रीय कार्यालय में संयुक्त बैठक सम्पन्न



जमशेदपुर। जमशेदपुर विश्वकर्मा समाज सांस्कृतिक भवन प्रांगण में रक्तदान शिविर पर विशेष चर्चा की गई। बैठक मे. समाज के केन्द्रीय कार्यकारिणी, क्षेत्रीय कार्यकारिणी, युवा एवं महिला कमिटी उपस्थित हुए। रक्तदान शिविर के सफल आयोजन के लिए सभी ने विचार विमर्श किया और सभी को जिम्मेदारी सौंपी गयी । रक्तदान शिविर की जिम्मेदारी पूर्ण रूप से युवा जमशेदपुर विश्वकर्मा को दी गई और संयोजक युवा अध्यक्ष श्री संजीव शर्मा को दी गई। सहयोग के रूप सभी 16 अनुशंगी ईकाई, केन्द्रीय कमिटी, महिला कमिटी होगी। संयोजक सभी क्षेत्र के अध्यक्ष नियुक्त किए गए जो मुख्य संयोजक को सहयोग करेंगें। सभा की अध्यक्षता करते हुए समाज के अध्यक्षराम विलास शर्मा ने सभी को सभी को मिलकर इस रक्तदान शिविर को एतिहासिक बनाने के लिए सहयोग करने के लिए आग्रह किए। महामंत्री श्री सुजीत शर्मा ने यह कहते हुए घोषणा की कि इस मानव सेवा रूपी कार्यक्रम को सभी साथ मिलंकर करना है।

## बारीडीह, शक्तिनगर, शांतिनगर, बागुनहातु, लक्ष्मीनगर प्रेमनगर, गायत्रीनगर में जुस्को बिजली देने पर सहमत

खबर मन्त्र ब्यूरो

**जमशेदपुर।** टाटा लीज क्षेत्र एवं इससे सटे अन्य बस्तीयों के निवासियों को जुस्को का विद्युत कनेक्शन उपलब्ध कराने को लेकर बनी कमिटी की बैठक मंगलवार को बिष्टुपुर स्थित विद्युत महाप्रबंधक कार्यालय में विद्युत महाप्रबंधक श्रवण कुमार की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक मे जमशेदपुर पूर्वी विधानसभा क्षेत्र के विधायक सरयू राय विशेष रूप से शामिल हुए।

बैठक में अधिकारियों ने बताया कि मोहरदा, मुराकाटी क्षेत्र में जुस्को बिजली हेतु शीघ्र कार्य प्रारंभ होगा। इसके लिए पथ निर्माण विभाग को बैंक गारंटी के तौर पर निश्चित रकम जुस्को द्वारा जमा करायी जा रही है। मोहरदा ओड़िया स्कूल मैदान में सब स्टेशन के लिए सभी आवश्यक सामग्री (सीटीएसएस) जुस्को द्वारा तैयार कर लिया गया है। बैठक में जुस्को के अधिकारियों ने राय को बताया कि छायानगर-चंडीनगर, निर्मलनगर के लिए सब स्टेशन निर्माण के लिए आवश्यक निर्माण सामग्री की खरीददारी कर ली गयी है।



जुस्को प्रबंधन और विद्युत महाप्रबंधक श्रवण कुमार के साथ बैठक करते जमशेदपुर पूर्वी विधानसभा क्षेत्र के विधायक सरयू राय।

स्थल चिन्हित कर लिया गया तथा उक्त स्थल पर सब स्टेशन निर्माण के लिए जिला प्रशासन से सहयोग मांगा गया है।

विधायक सरयू राय ने अधिकारियों से उक्त सब स्टेशन निर्माण का कार्य शीघ्र पूर्ण करने का निर्देश दिया। बागुननगर क्षेत्र में विद्युत क्षमता को 2 केवीए से बढ़ाकर 10 केवीए करने के लिए विधायक राय की पहल पर बागुननगर में एक नया सब स्टेशन का निर्माण कर लिया गया है। क्षेत्र के निवासियों को बिजली कनेक्शन देने के लिए फॉर्म वितरण किया जा रहा है। विधायक राय ने बागुननगर के 'डी' ब्लॉक को भी बिजली देने की बात कही।

विधायक राय ने जुस्को के अधिकारियों को बारीडीह बस्ती, शक्तिनगर, शांतिनगर, बागुनहातु, लक्ष्मीनगर, प्रेमनगर, रामाधीन बगान, गायत्रीनगर को भी जुस्को की बिजली देने के लिए आवश्यक कारवाई करने का निर्देश दिया। इसपर अधिकारियों ने अपनी सहमति देते हुए क्षेत्र का सर्वे एवं संभावनाओं की तलाश हेतु एक टीम बनाकर सर्वे करने की बात कही। बैठक में राय ने स्पष्ट कहा कि क्षेत्र में जो कोई भी जुस्को की बिजली प्राप्त करने के लिए आवेदन करता है तो उसे बिजली दी जाय। बिजली और पानी जैसी मूलभूत सुविधाओं के लिए प्राथमिकता के आधार पर सुविधा बहाल की जाय। ज्ञात हो कि जमशेदपुर पूर्वी के विधायक सरयू राय ने जुस्को द्वारा लीज क्षेत्र के नागरिकों को विद्युत कनेक्शन देने में मनमानी करने का मामला विधानसभा में उठाया था। जिसके उपरांत जुस्को क्षेत्र के सभी नागरिकों को विद्युत आपूर्ति प्रदान करने के लिए जमशेदपुर के विद्युत महाप्रबंधक की अध्यक्षता में एक कमिटी का गठन किया गया ताकि इसकी जांचकर लीज क्षेत्र के सभी निवासियों को विद्युत आपूर्ति प्रदान की जा सके।

बैठक में झारखंड बिजली वितरण निगम लिमिटेड, कार्यपालक अभियंता, जुस्को के प्रतिनिधि, जमशेदपुर अक्षेस के प्रतिनिधि, विधायक सरयू राय के निजी सचिव सुधीर सिंह एवं विधायक जनसुविधा प्रतिनिधि हरेराम सिंह के साथ ही अन्य पदाधिकारीगण मौजुद थे।

### पूर्वी सिंहभूम जिला मारवाड़ी सम्मेलन बिष्टुपुर शाखा का गठन, सुनिल सोंथालिया बने अध्यक्ष



**जमशेदपुर। पूर्वी सिंहभूम जिला मारवाड़ी सम्मेलन बिष्टुपुर शाखा की बैठक राजस्थान भवन बिष्टुपुर में निवर्तमान अध्यक्ष विशुनाथ नरेडी की अध्यक्षता में आयोजित हुई। बैठक में मुख्य रूप से पूर्व प्रांतीय महामंत्री सुरेश सोंथालिया, प्रांतीय उपाध्यक्ष ओम प्रकाश रिंगसिय, अनुशासन समिती के चेयरमैन अशोक चौधरी, संयुक्त सचिव दीपक पारीक, जिला के उपाध्यक्ष मुकेश आगिवाल उपस्थित ये। बैठक में सर्वसम्मति से मारवाड़ी सम्मेलन बिष्टुपुर शाखा का विस्तार करते हुए सुनिल सोंथालिया को शाखा अध्यक्ष, शाखा महासचिव मनोज अग्रवाल एवं कोषाध्यक्ष पंकज अग्रवाल को मनोनीत किया गया। बैठक में मुख्य रूप से उपस्थित थे मारवाड़ी सम्मेलन बिष्टुपुर शाखा के निवर्तमान महासचिव महेश संघी, रमेश सोंथालिया, सुनिल सोंथालिया, महेश सोंथालिया, मनोज अग्रवाल, पंकज अग्रवाल, प्रदीप गुपता, किशन संघी, राजेश रिंगसिया, महेश अग्रवाल, अरूण सोंथालिया, कमल अग्रवाल, प्रभाष मूनका, संजय सोंथालिया, जुगसलाई शाखा अध्यक्ष लिप्पु शर्मा, सन्नी संघी, रामु देबूका, मनोज चेतानी, अनिल चौधरी, राहुल चौधरी, आकाश शाह सहित अन्य उपस्थित थे।**

### आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस एवं इंटरनेट ऑफ थिंग्स बदलते समाज की जरूरत - डॉ आशिष कुमार साहा

खबर मंत्र ब्यूरो




**जमशेदपुर।** आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस एवं इंटरनेट ऑफ थिंग्स विषयक दो दिवसीय अंतर्राष्ट्रीय संगोष्ठी की शुरूआत मंगलवार को आरवीएस कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग एण्ड टेक्नोलॉजी में कंप्युटर साइंस एण्ड इंजीनियरिंग विभाग के द्वारा किया गया। संगोष्ठी का उद्घाटन भाषण देते हुए मुख्य अतिथि डॉ विजय पाण्डेय (झारखण्ड तकनीकी विवि, कुलपति) ने कहा कि हमारा परिवेश जिस तरह से बदल रहा है, उसमें आईओटी की ज्यादा जरूरत पड़ेगी, इस लिए इस तरह के संगोष्ठी बेहद जरूरी हैं। आरवीएस कॉलेज की यह पहल काफी सराहनीय है। विशिष्ट अतिथि डॉ आशिष कुमार साहा (निदेशक, यूनिवर्सिटी कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग एण्ड टेक्नोलॉजी, हजारीबाग) ने कहा कि आईओटी बदलते समाज की जरूरत है और हमें हर क्षेत्र में इनसे संबंधित उपकरणों की आवश्यकता होगी। परिचर्चा के मुख्य वक्ता थे डॉ शम्स तबरेज सिद्दीकी, असिस्टेंट प्रोफेसर, इनफार्मेशन टेक्नोलॉजी, जाजान विश्व विद्यालय जांजान, सउदी अरब एवं प्रोफेसर एमएन होदा, निदेशक भारती विद्यापीठ इंस्टीच्यूट ऑफ कम्प्यूटर एप्लीकेशन एण्ड मैनेजमेंट, नई दिल्ली।

### टाटा स्टील ट्यूब्स डिवीजन ने 'जल जीवन मिशन' पहल में अपने योगदान को दर्शाते हुए एक भित्ति चित्र किया तैयार

खबर मन्त्र ब्यूरो

**जमशेदपुर।** टाटा स्टील ट्यूब्स डिवीजन ने भारत सरकार की 'जल जीवन मिशन' की पहल से प्रेरित होकर मुख्य गेट के बगल में अपनी चारदीवारी पर एक म्यूरल (भित्ति चित्र) का निर्माण किया है। राजीव मंगल, वाईस प्रेसिडेंट, सेफ्टी, हेल्थ एंड सस्टेनेबिलिटी और संजय एस साहनी, एग्जीक्यूटिव इंचार्ज (ट्यूब्स) ने 4 अप्रैल को म्यूरल पेंटिंग का उद्घाटन किया। इस अवसर पर शैलेश कुमार सिंह, उपाध्यक्ष, टाटा वर्कर्स यूनियन, सतीश कुमार सिंह, महासचिव, टीडब्ल्यूयू और टीडब्ल्यूयू के अन्य सदस्य, ट्यूब्स डिवीजन यूनियन कमेटी के सदस्य और ट्यूब्स डिवीजन के वरिष्ठ अधिकारी और कर्मचारी उपस्थित थे। जल जीवन मिशन के माध्यम से 2024 तक भारत में प्रत्येक ग्रामीण परिवार को सुरक्षित और पर्याप्त पेयजल आपूर्ति प्रदान करने की दिशा में भारत सरकार की एक पहल है। राज्य सरकारें और केंद्र शासित प्रदेश प्रत्येक ग्रामीण परिवार को फंक्शनल हाउसहोल्ड टैप कनेक्शन प्रदान करने और जमीनी स्तर पर 'हर घर जल योजना' को लागू करने के लिए प्रभावी ढंग से काम कर रहे हैं। यह मिशन अगस्त 2019 में शुरू किया गया था जब केवल 16.66% ग्रामीण घरों में नल के पानी के कनेक्शन थे। मार्च 2023 तक, लगभग 59.27 प्रतिशत ग्रामीण परिवारों को नल के पानी के कनेक्शन प्रदान किए गए हैं। टाटा स्टील ट्यूब्स डिवीजन को इस राष्ट्र निर्माण अभ्यास में महत्वपूर्ण योगदान देने पर गर्व है और पिछले 2 वर्षों में इसने 38 केटी से अधिक उच्च गुणवत्ता वाले जीआई पाइप की आपूर्ति की है।

### आर्मी कैम्प के लेफ्टिनेंट कर्नल अमित भारद्वाज को पोस्टिंग पर जाने से पूर्व सैनिकों ने किया उनका सम्मान

खबर मंत्र ब्यूरो



**जमशेदपुर।** सेना में ट्रांसफर/पोस्टिंग होना स्वभाविक प्रक्रिया है, इससे कोई ऑफिसर या जवान वंचित नही रहता। एक यूनिट में सर्विस करते करते सबके साथ आपसी भाईचारा बेहद गहरा हो जाता है। सेना के लोग हर प्रकार के भेदभाव भुलाकर एक देश, एक वेश और एक ही उद्देश्य के लिये काम करते हैं। देश की जल थल और नभ की सीमाओं की हर पल रक्षा करना ही हर भारतीय सैनिकों का परम लक्ष्य होता है। चाहे उसके लिये प्राण भी क्यों न न्योछावर करना पड़े। जब किसी सैनिक की नई जगह पेस्टिंग आती है तो पुराने दोस्तों के खोने को याद कर उसकी आंखें नम हो जाती हैं। लेकिन एक जवान व ऑफिसर भारी मन से नई चुनौती को स्वीकारने के लिये आगे बढ़ता है। मगर सेना हर परिस्थिति में अपने आप को ढ़ाल लेने के लिये प्रशिक्षित होती है और नए स्थान पर भी लोग बहुत जल्द घुल मिल जाते हैं। इसी क्रम में आर्मी कैम्प सोनारी के लेफ्टिनेंट कर्नल अमित भारद्वाज के पोस्टिंग की जानकारी जब अखिल भारतीय पूर्व सैनिक सेवा परिषद पूर्वी सिंहभूम के पदाधिकारियों को मिली तो सुशील कुमार सिंह, पुर्व प्रदेश महामंत्री दिनेश सिंह, जिला महामंत्री डॉक्टर कमल शुक्ला जिला उपाध्यक्ष के नेतृत्व में सुबह 5.30 बजे कैम्प में जाकर सेना के साहसी कर्मठ और नौजवान ऑफिसर को शॉल एवं पुष्पगुच्छ देकर सम्मानित करते हुए अगले यूनिट में सफल पारी एवं उज्वल भविष्य की कामना की गई।

## भागवत कथा में शामिल हुए विधायक सरयू राय भाजपा पूर्व प्रदेश प्रवक्ता अमरप्रीत सिंह काले

जीवन में सफल होने के लिए मन का शुद्ध होना जरूरी है : सरयू राय

श्री कृष्ण की कृपा हम सभी पर सदैव बनी रहे : काले

खबर मन्त्र ब्यूरो



**जमशेदपुर।** बागुनहातू स्थित दुर्गा पूजा मैदान में आयोजित श्रीमद्भागवत कथा में मुख्य अतिथि जमशेदपुर पूर्व के विधायक सरयू राय एवं उद्घाटनकर्ता के तौर पर झारखंड भाजपा के पूर्व प्रदेश प्रवक्ता अमरप्रीत सिंह काले शामिल होकर दीप प्रज्वलन कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में माताएं बहनें और बड़े बुजुर्ग व कई युवा साथी उपस्थित थे। इस मौके पर सरयू राय ने कहा कि भागवत कथा का श्रवण करने से मन में शांति मिलती है, मन एवं ह्रदय पवित्र होता है, साथ ही विचार शुद्ध होते हैं जिसे हम एक अच्छे और साफ सुथरे समाज के निर्माण करने की दिशा में आगे बढ़ते हैं। जीवन में सफलता पाने के लिए मन का शुद्ध होना बहुत जरूरी है।

मौके पर श्री काले ने कहा कि श्रीमद्भागवत के आयोजन में शामिल होकर प्रभु श्री कृष्ण की भक्ति रस में आनंदित होने का सौभाग्य प्राप्त हुआ, प्रभु दर्शन, आशीर्वाद के साथ साथ आयोजकों के स्नेह के लिए धन्यवाद भगवान श्री कृष्ण की कृपा हम सभी पर सदैव बनी रहे। देश में खुशहाली प्रदान करें हम सभी को सुख समृद्धि प्रदान करें। इस आयोजन को सफल बनाने में युवा जन सेवा समिति, मॉर्निंग वाक ग्रुप, ए. आर. जी ग्रुप, सी पी समाज, कालिंदी समाज, हो समाज, नामता समाज एवं बाउरी समाज का महत्वपूर्ण योगदान रहा। कार्यक्रम में शहर के कई गणमान्य लोग भी उपस्थित थे।

खबर एक नजर में

### वीर शहीद गंगाराम कालुंडिया के 42 वीं शहादत दिवस पर आदिवासी हो युवा महासभा का रक्तदान शिविर



**जमशेदपुर।** कुजू डैम के मुख्य आंदोलनकारी सह वीर शहीद गंगाराम कालुंडिया के 42 वीं शहादत दिवस के अवसर पर गोलमुरी स्थित आदिवासी हो युवा महासभा भवन गोलमुरी के प्रांगण में न मंगलवार को 11वीं रक्तदान महाशिविर का आयोजन आदिवासी हो युवा महासभा पूर्वी सिंहभूम जिला एवं जमशेदपुर ब्लड बैंक के के तत्वाधान में सफलतापूर्वक आयोजित किया गया। मौके पर मुख्य अतिथि के रुप में माननीय विधायक जमशेदपुर सरयु राय, विशिष्ट अतिथि के रूप में टाटा स्टील से अंकिता टोप्पो, भाजपा नेत्री चांदमणि कुंकल, पूर्व जिला अध्यक्ष भाजपा दिनेश कुमार, जमशेदपुर के टाटा टिमकेन मजदूर यूनियन के उपाध्यक्ष रविंद्र प्रसाद, समाजसेवी शंभू मुखी डूंगरी, उरांव समाज के अध्यक्ष राकेश उरांव, जमुना पूर्ति, प्रहलाद लोहरा, राजश्री नाग, मच्छिंद्र निषाद, सुरजो बास्के इत्यादि ने उपस्थित होकर पारंपरिक रूप से पूजा अर्चना के उपरांत वीर शहीद गंगाराम कालुंडिया के चित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धा सुमन अर्पित कर व दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। अतिथियों को पारंपारिक सरना गमछा देकर अभिनंदन किया गया। अतिथियों ने अपने संबोधन में वीर शहीद गंगाराम कालुंडिया के जीवन एवं उनके संघर्ष और उनके द्वारा किए गए आंदोलनों के बारे जानकारी देते हुए उपस्थित नौजवान साथियों को बताया महान वीर पुरुषों को समाज में हर वक्त सदैव उनके जन्म तिथि या पुण्यतिथि पर याद कर कर अपनी सच्ची श्रद्धांजलि अर्पित करें एवं उनके द्वारा अधूरे कार्य को पूरा करने का संकल्प लें, तभी ही समाज एवं देश का विकास होगा। रक्तदान शिविर में उत्साहित रक्त दाताओं ने कुल रक्त 105 यूनिट रक्त दान किया। कार्यक्रम को सफल बनाने में मुख्य रूप से आदिवासी हो युवा महासभा पूर्वी सिंहभूम के जिला अध्यक्ष गोमिया सुंडी, समाजसेवी राजेश मार्डी, मांझी बाबा गुंजा बास्के, सुशील सवैया, उपेंद्र बानरा, रवि सवैया, डेबिट सिंह बानरा, अमित हेंब्रम, राजेश काडयांग, मनोज मेलगांडी, लक्ष्मी पूर्ति, शबनम बारी, नरसिंह बिरूली, अकाश गागराई, वीर सिंह गुईया, वालन बोदरा, वीर सिंह बानरा, लादू हेंब्रम एवं अन्य सहयोगी सदस्यों का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

### पोद्दार वैश्य कल्याण समिति चाईबासा सम्मानित



चाईबासा। रामनवमी विजय जुलूस के अवसर पर श्रद्धालुओं एवं जुलूस में शामिल लोगों के लिए अन्य संगठनों के अलावे शहीद मार्ग चौक पर पोद्दार वैश्य कल्याण समिति चाईबासा के द्वारा लगाए गए सेवा शिविर को पश्चिम सिंहभूम के उपायुक्त अन्यय मित्तल के द्वारा सम्मानित किया गया। सामाजिक संस्था महावीर मंडल द्वारा आयोजित सम्मान समारोह में समिति द्वारा नामित संस्था के युवा साथी सुकुमार पोद्दार को उपायुक्त महोदय ने अंग वस्त्र व प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया और आने वाले समय में और भी आगे बढ़कर जनसेवा करने के लिए प्रोत्साहित किया। मौके पर समारोह में समिति के सभी सदस्य मौजूद थे। वैश्य पोद्दार कल्याण समिति कोल्हान के अध्यक्ष अरुण पोद्दार जी व अन्य पदाधिकारियों ने उक्त कार्यों की सराहना की है।

### मां मंगला की पूजा कर भक्तों ने की सुख-समृद्धि की कामना



**गम्हरिया।** कांड्रा व आसपास के गांवों में मां मंगला पूजा का धूमधाम से पारम्परिक विधि विधान से आयोजन किया गया। इस मौके पर भक्त श्रद्धालुओं ने मां मंगला की पूजा कर परिवार के सुख, समृद्धि की कामना की। कांड्रा में आयोजित इस पूजनोत्सव के अवसर पर प्रात:काल में कलश यात्रा निकाली गई जिसमें शामिल काफी संख्या में महिलाओं ने छोटा तालाब से गाजे-बाजे के साथ घट यात्रा निकाली। इस मौके पर कई स्थानों पर मां मंगला की पूजा-अर्चना कर मन्नत पूरी होने पर माता को मुर्गा की बली चढ़ाई गई। कांड्रा के आजाद बस्ती, कंचन पाड़ा, एसकेजी मुखी कॉलोनी, बानाडुंगरी समेत कई स्थानों पर इस पूजनोत्सव का आयोजन किया गया। कांड्रा के आजाद बस्ती में विगत 76 वर्षो से इस पूजनोत्सव का आयोजन किया जाता है। मनाते आरहे है।वही कांड्रा आजाद बस्ती में सूरज मुखी और राजू मुखी के घर में मंगला पूजा कई वर्षो से की जा रही है। इसके आयोजन में सूरज मुखी, राजू मुखी, अमित मुखी, विनोद तांती, शशि दास, शंकर नायक, विकास दास, डॉली देवी, नीतू मुखी आदि का योगदान रहा।

### बोरिंग खराब होने से जयप्रभा नगर बस्ती के लोगों को हो रही है पेयजल की समस्या



**जमशेदपुर।** कदमा शास्त्रीनगर ब्लॉक संख्या 5 जयप्रभा नगर बस्ती के लोगों के आग्रह पर भारतीय जनता पार्टी व्यवसायिक प्रकोष्ठ के प्रदेश संयोजक नीरज सिंह बस्ती पहुंच कर बस्ती के लोगों की जन समस्याओं को सुना। बस्ती के लोगों ने बताया की वहां पर लगा बोरिंग काफी दिनों से खराब पड़ा है, बोरिंग को जमशेदपुर नोटीफाइड एरिया कमिटी के लोगों द्वारा बनाने के लिए ले गए हुए काफी वक्त हो गया है मगर अभी तक वापस बोरिंग को ठीक कर चालू नही किया जा रहा है, जिससे वहां रह रहे लोगों के सामने पेयजल की बड़ी समस्या हो गई है। लोगों ने आग्रह किया की नाली के ऊपर अगर स्लैब लग जाए तो नाली में कचड़ा नही जायेगा। लोगों की समस्याओं को सुनकर नीरज सिंह ने उन्हें भरोसा दिलवाया की जल्द ही उनके समस्याओं को जेएनऐसी के अधिकारियों से मिलकर बस्ती के लोगों की ओर से एक ज्ञापन सौंप कर जल्द ही दूर करवाया जायेगा। जिसके बाद बस्ती के लोगों ने नीरज सिंह का आभार जताते हुए उन्हें आशीर्वाद दिया। बस्ती के दौरे पर गणेश मछुआ जी, चिंटू सिंह जी, मिथुन दीप जी, रोहित मछुआ जी एवं भाजयुमो कदमा मंडल अध्यक्ष दिपौल बिस्वास जी शामिल थे।

### मानगो चौक विस्थापित दुकानदारों का प्रतिनिधिमंडल विधायक सरयू राय से मिला



**जमशेदपुर।** मानगो चौक के विस्थापित दुकानदारों का एक प्रतिनिधिमंडल विधायक सरयू राय से मिला। उन्होंने बताया कि मानगो नगर निगम के द्वारा दुकान आवंटन में मनमानी की जा रही है, मंत्री के चहेतों की सूची मानगो नगर निगम बना रहा है। विधायक सरयू राय ने उन्हें आशवस्त किया कि वे उनकी लड़ाई लडेंगे। दुकान आवंटन में मंत्री की मनमानी वे किसी भी हाल में नहीं चलने देंगे। राय ने कहा पथ विक्रेता अधिनियम, 2014 के प्रावधान का उल्लंघन प्रशासन करेगा तो मामला सरकार और न्यायालय तक जाएगा। विधायक श्री राय ने कहा कि बाजार तोड़ने के मामले में भी अधिनियम का उल्लंघन प्रशासन ने किया है। दुकानदारों को बसाने के मामले में नियम का उल्लंघन नहीं होने दिया जाएगा। विधायक ने कहा कि मानगो में कई व्यवस्थित बाजार अलग अलग क्षेत्रों में बनाए जा सकते हैं। वे इसके लिए नगर विकास विभाग से वार्ता करेंगे। विधायक सरयू राय ने मानगो नगर निगम के कार्यपालक पदाधिकारी को पथ विक्रेता अधिनियम, 2014 के मुताबिक शीघ्र वेंडर कमिटी की मीटिंग बुलाने का सुझाव दिया ताकि विधिवत दूकान आवंटन हो सके। राय ने कहा कि जिनके पास मानगो डिवाइडर पर दुकान लगाने का निगम द्वारा दिया गया प्रमाण पत्र और वेंडर कार्ड है उन्हें ही प्राथमिकता के आधार पर दुकानें देना चाहिए। दुकान आवंटन में मंत्री और उनके गुर्गों की अनियमितता नहीं चलेगी। ऐसा नहीं हुआ तो मामला सरकार और न्यायपालिका तक जाएगा।

स्पीड न्यूज

### वर्तमान सरकार ने राज्य को बना दिया है लूट का चारागाह : हरिकृष्ण

भाजपा जिला अध्यक्ष हरिकृष्ण सिंह ने अपने संबोधन में कहा कि झारखंड में जब भाजपा की डबल इंजन की सरकार थी तब उग्रवाद, भ्रष्टाचार और लूट पर पूरी तरह लगाम लगा दिया गया था। हमारी सरकार ने कई जनकल्याणकारी योजनाओं को धरातल पर उतारा था। जिसका लाभ समाज के अंतिम व्यक्ति तक को मिलता था। लेकिन आज इस जनविरोधी सरकार ने भाजपा द्वारा संचालित की गई सभी कल्याणकारी योजनाओं को बंद कर दिया गया है। इस निकम्मी सरकार ने आज झारखण्ड को लूट का चारागाह बना दिया हैं। प्रखण्ड से लेकर राज्य स्तर तक भ्रष्टाचार ही भ्रष्टाचार व्याप्त है। उन्होंने आगामी चुनाव में एक बार फिर केंद्र और राज्य में भारी मतों से भाजपा की सरकार बनाने की अपील की।

### बीजेपी कार्यकर्ताओं ने चलाया जनसंपर्क अभियान


जनसंपर्क अभियान चलाते भाजपाई।

**बारियातू।** बीजेपी कार्यकताओं ने भाजपा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष एवं झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री रघुवर दास का निर्धारित कार्यक्रम मे भाग लेने के लिए जनसंपर्क अभियान चलाया। भाजपा मंडल अध्यक्ष लव कुमार सिंह व युवा मोर्चा अध्यक्ष संदीप केशरी के नेतृत्व मे जनसंपर्क अभियान चलाया गया। जहां निर्धारित तिथि के आधार पर पांच अप्रैल को कार्यक्रम से बालू पंचायत में ग्यारह बजे से शुरू किया जायेगा। जिसको लेकर बालूभाँग, फूलसु, डाढा, बारियातू, गोनिया, साल्वे, शिबला अमरवाडीह, टोटी सभी पंचायत मे जनसम्पर्क अभियान चलाकर भाजपा समर्पित कार्यकताओं को आग्रह करते हुए 9 बजे बारियातू के हाई स्कूल मेन रोड के फील्ड में पहुंचने की अपील की है। मौके पर देवनंदन प्रसाद, महेंद्र प्रसाद, निरंजन राम, रिंकू यादव, धनु यादव, दुलारचंद पासवान, नेमधारी यादव, पंकज सहित अन्य कार्यकताओं ने मुख्य भूमिका निभा रहे थे।

### दो अभियुक्त गए जेल



**चंदवा।** लातेहार एसपी अंजनी अंजन को मिली गुप्त सूचना के आधार पर पुलिस निरीक्षक सह थाना प्रभारी अमित कुमार गुप्ता की अगुवाई में चंदवा पुलिस की टीम ने विशेष छापामारी अभियान चलाकर अवैध तरीके से कोयला उत्खनन कर परिवहन करने के मामले में लंबे समय से फरार चल रहे दो अभियुक्त सकिन्द्र मुंडा पिता सनीचरवा मुंडा (बोरसीदाग ) व जितेंद्र उरांव पिता गुरुदयाल उरांव (नवाटोली कुडू) को गिरफ्तार कर अग्रतर कार्रवाई के के बाद मंगलवार को मंडल का लातेहार भेज दिया। स्पेक्टर अमित कुमार गुप्ता ने बताया कि गिरफ्तार दोनों अभियुक्तों के खिलाफ ग्रुप से कोयला उत्तरण कर परिवहन करने के मामले में अभियुक्त हैं, लोगो के खिलाफ चंदवा थाना में कांड संख्या 24/23 में धारा 414/34 भादवि एवं 30 (दो) कोल माइंस एक्ट में तहत मामला दर्ज है।

### झाविस ने टोरी की ज्वलंत समस्याओं से डीआरएम को कराया अवगत


रवि डे।

**चंदवा।** झारखंड विकास समिति ने धनबाद डीआरएम कमल किशोर सिन्हा के नाम पत्र जारी कर टोरी जंक्शन के ज्वलंत समस्याओं से अवगत कराया है। पत्र में झाविस के रवि कुमार डे ने टोरी जंक्शन के पूर्वी केबिन स्थित रेलवे अंडर पास को तत्काल चालू करने, स्टेशन के पूर्वी व पश्चिमी छोर पर पैदल यात्रियों के लिए फुटओवर ब्रिज का निर्माण करने, चंदवा शहर की ओर टिकट काउंटर खोलने, स्टेशन परिसर में एंबुलेंस की व्यवस्था करने, टोरी शिवपुर रेलखंड पर यात्री ट्रेनों का परिचालन शुरू कराने, राजधानी एक्सप्रेस का ठहराव टोरी में सुनिश्चित करने व टोरी-रांची भाया लोहरदगा रेल खंड पर यात्रियों का फेरा बढ़ाने की भी मांग की है। रवि डे ने कहा कि यदि मांगों पर अविलंब ध्यान नहीं दिया जाता है तो समिति के बैनर तले रेल प्रशासन के खिलाफ जोरदार आंदोलन किया जाएगा।

### पुत्री को वापस दिलाने की मांग

**लातेहार।** हिरनमोय लकड़ा ने पुत्री को वापस दिलाने की मांग को लेकर पुलिस अधक्षक को आवेदन सौंपा। हरनमोय लकड़ा पिता विध्याधर मेहरा ग्राम मननचोटाग पंचायत धनकारा लातेहार निवासी ने आवेदन के माध्यम से बताया है कि मेरी पुत्री निधी राज उम्र 12 वर्ष को मेरी दीदी एमलेन लकड़ा तथा छोटी दीदी उजियालेन लकड़ा ले गई है। उसके वापस के लिए हम लातेहार थाना प्रभारी को 26 मार्च 2023 को आवेदन दिया था लेकिन थाना प्रभारी ने बच्ची को थाना बुलवाया लेकिन फिर हमको न सौंपकर मेरी उजियालेन दीदी को ही वापस दिया। वहीं पीड़ित ने पुलिस अधीक्षक से पुत्री को वापस दिलाने की मांग की है।

### सत्याग्रह में सैंकड़ों कार्यकर्ता लेंगे भाग: असगर खान

**चंदवा।** राहुल गांधी की संसद सदस्यता समाप्त करने एवं लोकतंत्र को बचाने को लेकर लातेहार जिला मुख्यालय में दिनांक 05 अप्रैल 2023 बुधवार को जय भारत सत्याग्रह का आयोजन किया गया है।इसमें चंदवा प्रखंड से सैंकड़ों कार्यकर्ता भाग लेंगे। इस आशय की जानकारी पार्टी के प्रखंड अध्यक्ष असगर खान ने दी है। उन्होंने बताया कि कार्यक्रम की सफलता के लिए कार्यकर्ता संपर्क कर रहे हैं तैयारी की जा रही है। उन्होंने आगे कहा कि अडाणी की संसद में पोल खोलने के कारण एक साजिश के तहत राहुल गांधी की संसद की सदस्यता समाप्त की गई है। कांग्रेस पार्टी लोकतंत्र और देश को बचाने की लड़ाई लड़ रही है। चंदवा आगमन पर पार्टी के प्रदेश प्रभारी श्री अविनाश पांडे, झारखंड प्रदेश अध्यक्ष श्री राजेश ठाकुर, सांसद गीता कोड़ा, कृषि मंत्री बादल पत्रलेख, विजय चौबे, पुणीर्मा पांडे, रमेश कुमार चीनी का भव्य स्वागत किया जाएगा।

## झारखंड को दुनिया के विकसित राज्यों की श्रेणी में पहुंचाने का काम करेगी भाजपा

# सरकार ने जल-जंगल-जमीन के नाम पर जनता को किया गुमराह

- राज्य को आगे बढ़ाना है तो नारी शक्ति को आगे बढ़ाना जरूरी है: रघुवर दास

खबर मन्त्र संवाददाता


जन चौपाल कार्यक्रम में लोगों को संबोधित करते रघुवर दास।


कुटमू चौक पर राजा मेदिनी राय की प्रतिमा पर माल्यार्पण करते रघुवर दास व अन्य।

**बरवाडीह।** झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री और भाजपा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष रघुवर दास ने मंगलवार को छिपादोहर में जन चौपाल को संबोधित किया। इसके पूर्व कार्यकताओं ने लातेहार जिला अध्यक्ष सह मनिका विधानसभा क्षेत्र के पूर्व विधायक हरिकृष्ण सिंह के नेतुत्व में रघुवर दास का स्वागत फूल माला और बुके के साथ पूरी गर्मजोशी से किया। छिपादोहर में आयोजित जन चौपाल कार्यक्रम में पहुंचने से पूर्व श्री दास ने कुटमु चौक स्थित राजा मेदिनिराय की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की। जिसके उपरांत युवा मोर्चा के कार्यकताओं ने सैकड़ो की संख्या में बाइक रैली निकालकर भारतीय जनता पार्टी जिंदाबाद, रघुवर दास जिंदाबाद, नरेंद्र मोदी जिंदाबाद आदि नारा लगाते हुए कार्यक्रम स्थल तक पहुंचे। जहां जनचौपाल को संबोधित करते हुए रघुवर दास ने कार्यक्रम में उपस्थित युवा शक्ति, महिलाएं, बुजुर्ग और आम जनता का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि साथियों में सर्वप्रथम राजा मेदिनिराय और शाहिद नीलांबर पीतांबर की इस पवित्र भूमि को नमन करता हूं। जिनके बलिदान की बदौलत आज हमारा देश, हमारा राज्य आजाद हुआ। वहीं उन्होंने इसके उपरांत चतरा जिले के एसपी और सुरक्षाबलों का आभार प्रकट करते हुए कहा कि सुरक्षाबलों ने चतरा में पांच उग्रवादियों को मारकर एक बड़ी घटना से हमलोगो को बचाया है। उन्होंने वर्तमान सरकार को घेरते हुए कहा कि भारतीय जनता पार्टी के कार्यकाल में पूरे देश में उग्रवाद की समस्या लगभग समाप्त हो गई थी। पर इस निष्क्रिय और निकम्मी सरकार ने फिर से नक्सलियों को सहारा दिया है। उन्होंने कहा कि 2019 के चुनाव में हेमंत सोरेन ने जनता से तमाम झूठे वादें कर उन्हे दिग्भ्रमित करने का काम किया। आदिवासी समाज के उत्थान को लेकर बड़े बड़े सपने दिखाएं और वोट हासिल कर लिया। मैं जन चौपाल के माध्यम से आप सभी से यह पूछना चाहता हूं कि इन साढ़े तीन वर्षों में सरकार ने आपसे किए हुए किसी एक भी वादों को पूरा करने का काम किया है। हेमंत सोरेन ने चुनाव से पहले एक साल में पांच लाख युवाओं को नौकरी देने का वादा किया था। और नौकरी नहीं मिलने पर ग्रेजुएट को पांच हजार और पोस्ट ग्रेजुएट को सात हजार भत्ता देने की बात कही थी। पहले वृद्धा, विधवा, विकलांग आदि सभी पेंशन 600 रुपए मिलती थी। हमारी सरकार ने इसे बढ़ाकर एक हजार देने का काम किया। हेमंत सोरेन ने सरकार बनते ही ढ़ाई हजार देने का वादा किया था पर क्या ढाई रुपए भी बढ़ाने का काम किया। मैं पूछना चाहता हूं की कितने बेरोजगारों को आज तक इन्होंने सरकारी नौकरी दी है। हमारी डबल इंजन की सरकार ने पीएम किसान समृद्धि योजना और मुख्यमंत्री कृषि आशीर्वाद योजना शुरू की थी। इन्होंने इस भी बंद करने का काम किया। करोड़ो गरीब बहनों को निःशुल्क गैस सिलेंडर और चूल्हा हमारी सरकार ने दिया इन्होंने इस योजना को भी बंद कर दिया। ऐसी तमाम योजनाएं है जिसे इस झारखंड विरोधी सरकार ने खत्म करने का काम किया।

### मेदिनीराय की प्रतिमा पर किया माल्यार्पण

बरवाडीह प्रखंड के छिपादोहर में जन चौपाल कार्यक्रम में जाने के क्रम में पूर्व मुख्यमंत्री रघुवर दास कुटमु स्थित राजा मेदनीराय की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया, जहां भाजपा कार्यकताओं ने उन्हें अंग वस्त्र एवं तलवार देकर सम्मानित किया,मौके पर लक्ष्मी प्रसाद, विनोद यादव, लक्ष्मी प्रसाद,सखीचंद प्रसाद, भाजयुमो के बरवाडीह प्रखंड अध्यक्ष दीपक सिंह, दीपक तिवारी, समेत कई कार्यकर्ता मौजूद थे, उसके बाद छिपादोहर में आयोजित जन चौपाल के लिए रवाना हो गए।

## टोरी स्टेट की रानी दुर्गावती देवी के निधन पर शोक की लहर

# आज देवनद तट पर किया जायेगा अंतिम संस्कार

- विधायक वैद्यनाथ राम, प्रतुल शाहदेव समेत कई लोगों ने शोक व्यक्त किया
- अविश्वसनीय साहस और दृढ़ संकल्प की महिला थी रानी दुर्गावती देवी

खबर मन्त्र संवाददाता



**आज किया जाएगा अंतिम संस्कार**

रानी दुर्गावती का अंतिम संस्कार बुधवार सुबह साढ़े नौ बजे कामता किले से निकलकर उनकी अंतिम यात्रा देवनाद नदी के तट पर होगी। रानी दुर्गावती अपने पीछे भरा पूरा परिवार छोड़कर गयी है।

**चंदवा।** टोरी राज्य की रानी दुर्गावती देवी का मंगलवार को 94 वर्ष की आयु में निधन हो गया। उनके पोते युवराज प्रेरित नाथ शाहदेव ने उनकी मृत्यु की घोषणा की, जिससे पूरे क्षेत्र और पूरे शाहदेव परिवार में शोक छा गया। इनका जन्म 29 अक्टूबर 1929 को चैनपुर के शाही परिवार में हुआ था। रानी दुर्गावती अपने ठोस निर्णय के लिए जानी जाती थी। अस्वस्थ होने के बाद भी नवरात्र और रथ पूजा के कार्यक्रमों की निगरानी स्वयं करती थी। लोगों से उनका जुड़ाव भी बेहद गहरा था। हर धर्म हर समाज के लिए वो लोकप्रिय थी। शिक्षा को हमेशा से प्राथमिकता देने वाली रानी दुर्गावती ने चंदवा में कॉलेज के लिए भूमि दान भी की। इनके निधन से पूरे चंदवा में शोक की लहर है। शोक व्यक्त करने वालों में सांसद सुनील कुमार सिंह, विधायक वैद्यनाथ राम, पूर्व विधायक प्रकाश राम, लाल सदानन्द नाथ शाहदेव, प्रतुल शाहदेव, लाल मातिनाथ शाहदेव, लाल रंजन नाथ शाहदेव, लाल मनोज नाथ शाहदेव, कौशल लाल, अरविंद लाल, महेंद्र साहू, अमित कुमार गुप्ता, राम बाबू, पंडित गोविंद बल्लभ मिश्र, अश्विनी मिश्रा, राजकुमार पाठक, राजकुमार साहू, सुधीर प्रसाद, सत्येंद्र प्रसाद, गोपाल जायसवाल, यमुना जायसवाल, दीपक निषाद, अयूब खान, शाहिद खान, प्रमोद दुबे, हाजी फिरोज अहमद, राम प्रसाद साहू, प्रमोद साहू समेत कई लोग शामिल है।

### गरीबों की मदद के लिए जानी जाती थीं रानी दुर्गावती देवी

रानी दुर्गावती देवी अविश्वसनीय साहस और दृढ़ संकल्प की महिला थीं। उनके पति, राजा जगधात्री नाथ शाहदेव का 1987 में निधन हो गया। फिर उनके बेटे राजा प्रताप नाथ शाहदेव का 1997 में निधन हो गया, उन्होंने अपने बच्चों (अपने पोते-बच्चों) को अकेले पाला। यहां तक कि जब माओवादियों ने उनकी खेती की जमीन पर कब्जा कर लिया, जो उनकी आय का प्रमुख स्रोत था, तब भी उन्होंने बहादुरी से उनका सामना किया। उनके दरवाजे हमेशा गरीबों के लिए खुले थे, और वह अपनी उदारता और जरूरतमंद लोगों की मदद करने की प्रतिबद्धता के लिए जानी जाती थीं।

### रानी दुर्गावती का निधन क्षेत्र के लिए अपूरणीय क्षति : प्रतुल

टोरी स्टेट की रानी दुर्गावती का निधन पूरे क्षेत्र के लिए अपूरणीय क्षति है। उक्त बातें भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता प्रतुल शाहदेव ने कही। प्रतुल ने कहा कि रानी दुर्गवाती बेहद मिलनसार थीं। वह क्षेत्र के सामाजिक और आर्थिक उत्थान के लिए हमेशा चिंतित रहती थी। अपने पति पूर्व विधायक स्वर्गीय राजा जगधात्री नाथ शाहदेव के निधन के बाद उन्होंने दशकों तक पूरे परिवार को एक डोर में पीरों कर रखा था।

एक नजर में

### भीम राव अंबेडकर जयंती मनाने को लेकर बैठक



**बारियातू।** प्रखंड मुख्यालय स्थित बीरेंद्र पासवान के अध्यक्षता मे अंबेडकर जयंती मनाने को लेकर बैठक की गई। बैठक मे मुख्य रूप से भारत रत्न आधुनिक भारत सह भारतीय संविधान निमार्ता बाबा साहब डॉक्टर भीम राव अंबेडकर जी की पुरे विश्व स्तर पर जयंती समारोह मनाया जाता है।जयंती को धूमधाम व हर्षोउल्लास के साथ मनाने हेतु सहमति के लिए सात अप्रैल को बारिखाप स्थित बैठक की जाएगी। उक्त बैठक मे अधिक से अधिक बहुजन समुदाय के लोगों को आने का आग्रह किया है ताकि कमिटी का भी निर्माण किया जायेगा। साथ ही जयंती स्थल का भी चयन करने साथ सहयोग राशि के लिए भी विचार विमर्श किया जायेगा। मौके पर दिगंबर टाना भगत, कैलाश राम, शंभू पासवान, सिकंदर राम, शंकर पासवान, देवनंदन राम, सत्यप्रकाश, दुलारचंद पासवान, राजीव भगत,संतोष पासवान, राजेश पासवान, छोटू सहित अन्य लोग भी मौजूद थे।

### शिरोमणि महाबली बाबा चौहरमल की मनाई जयंती



**बालूमाथ।** बालूमाथ में वीर शिरोमणि महाबली बाबा चौहरमल जी की 710 वी जयंती विधिवत पूर्वक बालूमाथ पासवान समाज के दौरा बाबा चौहरमल जी की फोटो पर माल्यार्पण कर व दीप प्रज्जवलित करते हुए खीर का भोग लगाया गया। वहीं पासवान समाज के लोगो ने वीर बाबा चौहरमल अमर रहे अमर रहे के नारे लगाये गये। पासवान समाज के संरक्षक सुरेश राम ने चौहरमल बाबा की जन्म भूमि एवं उनके वीरता के बारे में बताया। शिक्षक कुलेश्वर राम ने वीर बाबा की पूरी जीवनी पर प्रकाश डालते हुए उनकी समाज कल्याण के बारे में बताया। पासवान समाज के जिला उपाध्यक्ष अमित कुमार ने कहा की वीर बाबा एक युग पुरूष थे। जिन्होंने अपने समाज में हो रहे अत्याचार को खतम करने के लिए लड़ाई लड़ी और अपनी वीरता का परिचय देते हुए उनकी बारे में बताया। मौके पर सुरेश राम, कुलेश्वर राम, मदन पासवान, अमित कुमार, ईश्वरी पासवान, अवदेश पासवान, अशोक पासवान, बल्कू मांझी, नंदलाल पासवान, पिंकू पासवान, बबलू पासवान गणेश पासवान, जैकी पासवान, बबिता पासवान समेत दर्जनों पासवान परिवार मौजूद रहे।

### शराब की बिक्री पर रोक लगाने की मांग



**मनिका।** मनिका प्रखंड में भाकपा माले के द्वारा ग्राम नावाडीह में दिन मंगलवार को ग्रामीणों के साथ एक बैठक का आयोजन किया गया।जिसमें भाकपा माले प्रखंड सचिव मुनेश्वर सिंह, इंकलाबी नवजवान सभा के युवा नेता संजय सिंह, आइसा के छात्र नेता नागेंद्र राम और किसान महासभा के जिला अध्यक्ष धनेश्वर सिंह ने संयुक्त रूप से बयान जारी कर कहा की नावाडीह निवासी मृतक विकास भुइंया की हत्यारा हरेंद्र प्रसाद उर्फ बबलू की गिरफ्तारी भाकपा माले के अगुवाई में जनता के मजबूत प्रतिरोध और संघर्ष की जीत है। जनता को इसी प्रकार अपने सवालों को लेकर संघर्ष करने की जरूरत है। नेताओं ने कहा की आज मनिका अपराधियों का अड्डा बनते जा रहा है खास कर जंहा विकास भुइंया की हत्या किया गया वह स्थल शराब और शिकार का अड्डा बन गया है। जहां शुक्रवार को साप्ताहिक बाजार के दिन अपराधिक तत्व के लोग दारू शिकार के नाम पर जामा होते है। नेताओं ने प्रशासन से मांग किया की दारू शिकार के नाम पर लगाने वाला इस अड्डा को बंद किया जाय। वहीं नेताओं ने विकास भुइंया के हत्या प्रकरण को गहराई से जांच करने की मांग करते कहा की यह सोचने की बात है की जिस स्थान पर चाकू से विकास भुइंया की हत्या करने की बात सामने आ रही है नेताओं ने इस घटना पर बारीकी से छानबीन करने का आरक्षी अधीक्षक लातेहार से मांग किया है।

## पीएचसी दरदाही में अब लोगों का अब जल्द हो सकेगा उपचार

# विधि व्यवस्था के लिए सीएस को अवगत कराया गया : डॉ बैठा

खबर मन्त्र संवाददाता


उद्घाटन के इंतजार में दम तोड़ रहा दरदाही का नव...

खबर मन्त्र असर

**मरकच्चो (कोडरमा)।** दैनिक अखबार खबर मन्त्र में लगातार छपी खबर का असर दिखने लगा है। बहुत जल्द ही पीएचसी सेंटर दरदाही को चालू कर दिया जायेगा। ज्ञात हो कि करोड़ों रुपये की लागत से मरकच्चो प्रखंड के पंचायत नावाडीह स्थित ग्राम दरदाही में बना पीएचसी सेंटर उद्घाटन का बाट जोह रहा था, जो अब बहुत जल्द इसे चालू कर दिया जायेगा। उक्त बातों कि जानकारी मरकच्चो सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. प्रदीप बैठा ने दी। उन्होंने कहा कि अभी उद्घाटन नही हुआ है, मगर सेंटर को बहुत जल्द ही चालू कर दिया जायेगा। अभी पीएचसी सेंटर में एक डॉक्टर, दो एएनएम करिश्मा कुजूर, किरण कुमारी, ड्रेसर एवं पियूंन 23 मार्च से अपना योगदान दे रहे हैं। पीएचसी सेंटर में मरीजों के लिए बेड, पानी, बिजली आदि कि सुविधा उपलब्ध कराई जा रही है। जिसके विधि व्यवस्था के लिए सिविल सर्जन को अवगत कराया गया है। बताते चलें कि यह भवन 5 वर्ष पूर्व से बनकर तैयार था, मगर बंद रहने के कारण खंडहर में तब्दील होता जा रहा था। स्थानीय ग्रामीणों ने बताया कि पीएचसी सेंटर चालू होने से मरीजों को सुविधा होगी एवं लोगों को इलाज करवाने के लिए दूर जाना नहीं पड़ेगा। सेंटर चालू होने की खबर सुन लोगों ने खबर मन्त्र का आभार प्रकट किया है, साथ ही लोगों में खुशी की लहर है।

# कंटेनर लूट मामले में राहुल को पुलिस ने लिया रिमांड पर

**चंदवा।** बीते 24 मार्च को चंदवा पुलिस के द्वारा कंटेनर लूट कर भाग रहे अंतरराज्यीय गिरोह के 4 अपराधियों में राहुल यादव को चंदवा पुलिस ने 3 दिनों की रिमांड पर लिया। रिमांड के दौरान पूछताछ के क्रम में राहुल यादव ने पुलिस के समक्ष कई बड़े खुलासे किए हैं। पुलिस निरीक्षक सह थाना प्रभारी अमित कुमार गुप्ता ने बताया कि पूछताछ के क्रम में राहुल यादव ने बताया कि वह वर्ष 2020 से चंद्र शेखर गगोरा के साथ गांजा तस्करी का काम करता था।

घटना वाले दिन भी एक कंटेनर में गांजा होने के शक पर उन्होंने कंटेनर को लूटा था, लेकिन गलतफहमी में दूसरा कंटेनर को उन्होंने निशाना बना लिया था। आगे बताया कि उत्तर प्रदेश में राहुल यादव के खिलाफ तीन मामले दर्ज हैं जिसमें एक मामला एनडीपीएस एक्ट का भी है। राहुल यादव का भाई भी फिलहाल जेल में बंद है। ज्ञात हो कि 24 मार्च को एसडीपीओ संतोष मिश्र व इंस्पेक्टर अमित कुमार गुप्ता की अगुवाई में गठित चंदवा पुलिस की 2 टीम ने एसपी को मिली सूचना के आलोक में झारखड़-उड़ीसा सीमावर्ती क्षेत्र भद्रक से कंटेनर लूट कर भाग रहे अन्तरराज्यीय गिरोह के चार अपराधियों को पकड़ा था। साथ ही लूटा गया कंटेनर व घटना में प्रयुक्त क्रेटा कार को भी पुलिस ने बरामद कर लिया था। गिरफ्तार राहुल यादव के निशानदेही पर उक्त वाहन के अपहत डाइवर एवं खलासी को अपहरण कर भवानी पटना उड़ीसा से सकुशल बरामद कर लिया था साथ ही अन्तरराज्यीय अपराधियों राहुल यादव, हाथरस, यूपी , चन्द्रशेखर गगोरा कोरापुट, उडिसा, सानुबाबु टाकरी, पिता सोमनाथ टाकरी, (टिकरासाई, कोरापुट, थाना+जिला - कोरापुट, उडिसा) व सुरज पाणिग्राही, पिता विजय पाणिग्राही, (हाथीलेन, कोरापुट थाना+जिला- कोरापुट, उड़िसा) को पकड़ा गया था।

## लातेहार जिला स्थापना दिवस पर विकास मेला सह परिसंपत्ति वितरण कार्यक्रम का हुआ आयोजन

# विधायक, डीसी व एसपी ने दीप प्रज्जवलित कर किया शुभारंभ

- सरकार व प्रशासन के द्वारा चलाये जा रहे विकास कार्यों की वजह से आज जिला विकास के पथ पर आगे बढ़ रहा है: विधायक बैद्यनाथ राम
- तमाम चुनौतियों का सामना करते हुए विकास के उच्च स्तर को प्राप्त करने हेतु सतत प्रयत्नशील हैं: भोर सिंह यादव

खबर मन्त्र संवाददाता

**लातेहार।** लातेहार जिला स्थापना दिवस के उपलक्ष्य में पंडित दीनदयाल उपाध्याय, नगर भवन, लातेहार में आयोजित विकास मेला सह परिसंपत्ति वितरण कार्यक्रम का विधायक लातेहार वैद्यनाथ राम, उपायुक्त भोर सिंह यादव, पुलिस अधीक्षक अंजनी अंजन एंव जनप्रतिनिधियों द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर विधिवत रूप से कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया।

### जिला विकास के पथ पर आगे बढ़ रहा है: बैद्यनाथ राम


दीप प्रज्जवलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ करते।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विधायक लातेहार वैद्यनाथ राम द्वारा जिलेवासियों को जिला स्थापना दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं दी गई। आगे उन्होंने कहा कि ये कहना गलत नहीं होगा कि लातेहार जिले का एक गौरवशाली इतिहास रहा है। ब्रिटिश हुकूमत के दौरान वर्ष 1924 में लातेहार को अनुमंडल बनाया गया था। 4 अप्रैल 2001 को लातेहार को जिला का दर्जा प्राप्त हुआ। इससे पहले यह पलामू का एक अनुमंडल था। लातेहार जिले के चारों ओर पहाड़ों की एक विशाल श्रृंखला है। हरी-भरी वादियां, ऊंचे पर्वत और जंगलों में महुआ व पलाश की खुशबू। लातेहार जिला प्राकृतिक संपदा से परिपूर्ण है। आगे उन्होंने कहा कि आप सभी लोग जानते हैं कि लातेहार जिला अति नक्सल प्रभावित क्षेत्र होने की वजह से उग्रवाद के वजह से विकास नहीं हो पा रहा था। पुलिस एवं सीआरपीएफ के द्वारा चलाये गये अभियान के द्वारा आज जिले में नक्सलवाद पर काबू पा लिया गया है। सरकार व प्रशासन के द्वारा चलाये जा रहे विकास कार्यों की वजह से आज जिला विकास के पथ पर आगे बढ़ रहा है। उन्होंने आगे कहा जिला के विकास में सभी लोग अपनासहयोग दें।

### लातेहार के विकास के लिए प्रयत्नशील हैं: डीसी

उपायुक्त भोर सिंह यादव ने लातेहार जिला के 22 वें स्थापना दिवस पर सभी लातेहार जिला वासियों को हार्दिक शुभकामनाएं एवं बधाई दिया। उन्होंने कहा 4 अप्रैल 2001 को पलामू जिला से अलग होकर लातेहार जिला बना था। लातेहार के स्थापना दिवस के अवसर पर जिला प्रशासन एवं जनप्रतिनिधियों के सहयोग से तमाम चुनौतियों का सामना करते हुए विकास के उच्च स्तर को प्राप्त करने हेतु सतत प्रयत्नशील है। लातेहार जिला पर्यटन स्थलों की खूबसूरती, हरी-भरी वादियों और संगीतमय झरना आदि के लिए विख्यात है एवं दूसरी और खनिज संपदा से परिपूर्ण है। जिला अंतर्गत पर्यटन और खनन के क्षेत्र में विकास हो रहा है। सरकार विभिन्न क्षेत्रों में निवेश कर लोगों के विकास एवं रोजगार सृजन के लिए प्रयासरत है। आरक्षी अधीक्षक अंजनी अंजन ने कहा पुलिस एवं सीआरपीएफ के संयुक्त प्रयास से बूढ़ा पहाड़ को नक्सलियों से मुक्त करा लिया गया है। जिला पुलिस लोगों को सुरक्षित माहौल प्रदान करने के लिए लगातार प्रयासरत है। वहीं शिक्षा, खेल, कला में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्र छात्राओं को सम्मानित किया गया।

### पुरस्कृत किये गये प्रतिभागी

स्थापना दिवस के उपलक्ष्य में स्कूली बच्चों के लिए आयोजित पेंटिग एवं निबंध प्रतियोगिता में प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले प्रतिभागियों को पुरस्कृत किया गया। कार्यक्रम में पुलिस अधीक्षक अंजनी अंजन, वन प्रमंडल पदाधिकारी रोशन कुमार, उप विकास आयुक्त आलोक शिकारी कच्छप, परियोजना निदेशक आईटीडीए विन्देश्वरी ततमा, अनुमंडल पदाधिकारी लातेहार शेखर कुमार, जिला स्तरीय पदाधिकारी पदाधिकारी, विधायक प्रतिनिधि, जनप्रतिनिधि उपस्थित थे।

# चैंपियन गुजरात विजय रथ पर सवार, सीजन की लगातार दूसरी जीत

## अंक तालिका

| टीम | मैच | जीत | हार | अंक | रन रेट |
|---|---|---|---|---|---|
| गुजरात | 2 | 2 | 0 | 4 | +0.700 |
| राजस्थान | 1 | 1 | 0 | 2 | +3.600 |
| बेंगलुरु | 1 | 1 | 0 | 2 | +1.981 |
| लखनऊ | 2 | 1 | 1 | 2 | +0.950 |
| पंजाब | 1 | 1 | 0 | 2 | +0.438 |
| चेन्नई | 2 | 1 | 1 | 2 | +0.036 |
| कोलकाता | 1 | 0 | 1 | 0 | -0.438 |
| दिल्ली | 2 | 0 | 2 | 0 | -1.703 |
| मुंबई | 1 | 0 | 1 | 0 | -1.981 |
| हैदराबाद | 1 | 0 | 1 | 0 | -3.600 |

**पर्पल कैप**



मार्क वुड
लखनऊ
विकेट: 08

**औरेंज कैप**



गायकवाड
चेन्नई
रन: 149

## सुदर्शन का अर्धशतक, गुजरात ने दिल्ली को 6 विकेट से हराया



**नयी दिल्ली।** डिफेंडिंग चैंपियन गुजरात टाइटंस का विजय रथ जारी है। पिछले सीजन की विजेता गुजरात ने 16वें सीजन में लगातार दूसरा मुकाबला जीत लिया है। यहां के अरुण जेटली स्टेडियम में मेजबान दिल्ली कैपिटल्स को छह विकेट से एकतरफा अंदाज में मात दी। यह दिल्ली कैपिटल्स की लगातार दूसरी हार है, इससे पहले दिल्ली को लखनऊ सुपरजायंट्स से हार झेलनी पड़ी थी। जबकि गुजरात ने ओपनिंग मैच में चेन्नई सुपरकिंग्स को मात दी। मैच में टॉस गंवाकर दिल्ली कैपिटल्स ने पहले बल्लेबाजी करते हुए आठ विकेट पर 162 रन बनाए थे। जवाब में गुजरात ने 11 गेंद पहले ही चार विकेट के नुकसान पर लक्ष्य हासिल कर लिया। युवा बल्लेबाज साई सुदर्शन 48 गेंद में 62* रन बनाकर मैच की हीरो रहे। डेविड मिलर ने भी 16 गेंद में 31 रन की नाबाद पारी खेली।



## स्कोड़ कार्ड

**दिल्ली : 162/8 (20ओवर)**

| बल्लेबाज | रन | गेंद | 4/6 |
|---|---|---|---|
| वॉर्नर बोल्ड अल्जारी जोसफ | 37 | 32 | 7/0 |
| साव कै. जोसफ बो. शमी | 07 | 05 | 1/0 |
| मिशेल मार्श बोल्ड शमी | 04 | 04 | 1/0 |
| खान कै. लिटिल बो. खान | 30 | 34 | 2/0 |
| रूसो कै. तेवतिया बो. जोसफ | 01 | 00 | 0/0 |
| अभिषेक पोरेल बो. खान | 20 | 11 | 0/2 |
| पटेल कै. मिलर बो. शमी | 36 | 22 | 2/3 |
| अमन खान कै. पांड्या बो. खान | 08 | 08 | 0/1 |
| कुलदीप यादव नाबाद | 01 | 01 | 0/0 |
| एनरिक नॉर्तजें नाबाद | 04 | 02 | 1/0 |

अतिरिक्त : 15

विकेट पतन: 1-29, 2-37, 3-67 4-67, 5-101, 6-130, 7-148, 8-158.

गेंदबाज : मोहम्मद शमी :4-0-41-3, जोशुआ लिटिल : 4-0-27-0, हार्दिक पंड्या : 3-0-18-0, अल्जारी जोसफ : 4-0-29-2, यश दयाल : 1-0 12-0, राशिद खान : 4-0-31-3.

**गुजरात : 163/4 (18.1ओवर)**

| बल्लेबाज | रन | गेंद | 4/6 |
|---|---|---|---|
| ऋद्धिमानसाहा बोल्ड नॉर्तजे | 14 | 07 | 2/1 |
| शुभमन गिल बोल्ड नॉर्तजे | 14 | 13 | 3/0 |
| साई सुदर्शन नाबाद | 62 | 48 | 4/2 |
| पांड्या कै. पोरेल बो. अहमद | 05 | 04 | 1/0 |
| शंकर एलबी डब्ल्यू मार्श | 29 | 23 | 3/0 |
| डेविड मिलर नाबाद | 31 | 16 | 2/2 |

अतिरिक्त :07

विकेट पतन: 1-22, 2-36, 3-54, 4-107.

गेंदबाज: खलील अहमद : 4-0-38-1, मुकेश कुमार : 4-0-42-0, एनरिक नॉर्त्जे : 4- 0-39-2, मिशेल मार्श : 3.1-0-24-1, कुलदीप यादव : 3-0-18-0.



## धोनी के विश्व कप विजयी छक्के का स्मारक बनायेगा एमसीए

मुंबई। मुंबई क्रिकेट एसोसिएशन (एमसीए) की शीर्ष परिषद ने वानखेड़े स्टेडियम में उस स्थान पर एक स्मारक' बनाने का फैसला लिया है जहां महेंद्र सिंह धोनी ने छक्का लगा कर 2011 विश्व कप फाइनल भारत को जिताया था। प्रतिष्ठित स्टेडियम में धोनी के नाम पर एक विशेष सीट का नाम भी रखा जाएगा। एमसीए के अध्यक्ष अमोल काले ने कहा कि जिस जगह पर धोनी ने श्रीलंका के खिलाफ शिखर मुकाबले में मैच विजयी छक्का लगाया था, उसकी पहचान कर ली गई है और भारत के पूर्व कप्तान का सम्मान करने के लिये सर्वसम्मति से धोनी के नाम पर एक स्थायी सीट का नाम रखने का निर्णय लिया गया है। एमसीए ने हालांकि अभी यह तय नहीं किया है कि स्मारक का उद्घाटन कब किया जाएगा। काले ने कहा कि एमसीए धोनी से संपर्क करेगा और उनसे उचित समय मांगेगा। गौरतलब है कि चेन्नई सुपर किंग्स आठ अप्रैल को वानखेड़े स्टेडियम पर मुंबई इंडियंस से मुकाबला करेगी। एमसीए के अधिकारियों ने मैच से पहले धोनी की उपस्थिति में सीट का उद्घाटन करने की योजना बनायी है।

## मुंबई ने युवाओं में निवेश किया और अब उनके प्रदर्शन का समय : बाउचर



**नयी दिल्ली।** मुंबई इंडियंस के मुख्य कोच मार्क बाउचर को यकीन है कि जिन युवा खिलाड़ियों पर टीम ने इतना निवेश किया है, वे इंडियन प्रीमियर लीग के इस सत्र में प्रभावी प्रदर्शन करेंगे। आरसीबी ने सोमवार को मुंबई इंडियंस को आठ विकेट से हराया। तिलक वर्मा ने 46 गेंद में 84 रन बनाये जबकि निहाल वढेरा ने 13 गेंद में 21 रन की पारी खेली। बाउचर ने टीम द्वारा जारी विज्ञप्ति में कहा, ह्यआईपीएल बड़ा टूनार्मेंट है और युवा खिलाड़ियों के लिए अच्छे प्रदर्शन का सुनहरा मौका है। हमने इतने साल में युवा खिलाड़ियों पर बहुत निवेश किया है और अब उनके लिये अच्छे प्रदर्शन का समय है।' मुंबई इंडियंस के गेंदबाजी कोच शेन बांड ने भी अपने युवा खिलाड़ियों की तारीफ की।

# पंजाब किंग्स की चुनौती के लिए तैयार रॉयल्स

एजेंसी

**गुवाहाटी।** सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ शानदार जीत से आत्मविश्वास से भरा राजस्थान रॉयल्स अपनी संतुलित टीम के दम पर बुधवार को यहां इंडियन प्रीमियर लीग में पंजाब किंग्स के खिलाफ एक बार फिर मजबूत प्रदर्शन करने के इरादे से उतरेगा। पिछले साल के उप विजेता रॉयल्स ने 72 रन की जीत के दौरान रविवार को हैदराबाद की टीम को खेल के हर विभाग में पछाड़ा। पंजाब किंग्स ने भी हालांकि कोलकाता नाइट राइडर्स के खिलाफ मोहाली में डकवर्थ-लुईस पद्धति के तहत सात रन की जीत के दौरान अपनी बल्लेबाजी और गेंदबाजी क्षमता की झलक पेश की जिससे बुधवार को गुवाहाटी में होने वाले मुकाबले के रोमांचक होने की उम्मीद है। यह मैच रॉयल्स का ह्यघरेलू' मैच होगा और पूर्वोत्तर को पहली बार आईपीएल मुकाबले की मेजबानी का मौका मिलेगा। रॉयल्स की बल्लेबाजी में गहराई है। रॉयल्स की गेंदबाजी भी




मजबूत नजर आती है। टीम के पास बोल्ट के रूप में दुनिया के सर्वश्रेष्ठ तेज गेंदबाजों में से एक है। इसके अलावा दो दिग्गज भारतीय स्पिनर चहल और रविचंद्रन अश्विन भी टीम का हिस्सा हैं और पंजाब की टीम को पता है कि इनके खिलाफ बारसापारा स्टेडियम में उनकी राह आसान नहीं होगी। पंजाब के पास शीर्ष क्रम में शिखर धवन के रूप में अनुभवी भारतीय बल्लेबाज है। टीम के गेंदबाजी आक्रमण की अगुआई भारत के बाएं हाथ के तेज गेंदबाज अर्शदीप सिंह कर रहे हैं। टीम को हालांकि इंग्लैंड के आक्रामक बल्लेबाल लियाम लिवंगस्टोन का इंतजार है जिन्हें इंग्लैंड एवं वेल्स क्रिकेट बोर्ड से फिटनेस क्लीयरेंस नहीं मिली है। उन्हें पिछले साल दिसंबर में घुटने में चोट लगी थी। आइपीएल इतिहास में 18 करोड़ और 50 लाख रुपए के साथ सबसे महंगे खिलाड़ी बने इंग्लैंड के ऑलराउंडर सैम कुरेन, लिविंगस्टोन और अर्शदीप मौजूदा सत्र में पंजाब की टीम के लिए तुरुप के इक्के साबित हो सकते हैं।

### दोनो टीम इस प्रकार हैं

**राजस्थान रॉयल्स:** संजू सैमसन (कप्तान), अब्दुल बासित, मुरुगन अश्विन, रविचंद्रन अश्विन, केएम आसिफ, ट्रेंट बोल्ट, जोस बटलर, केसी करियप्पा, युजवेंद्र चहल, डोनोवन फरेरा, शिमरोन हेटमायर, जेसन होल्डर, यशस्वी जायसवाल, ध्रुव जुरेल, ओबेद मैकॉय, देवदत्त पडिक्कल, रियान पराग, कुणाल सिंह राठौर, जो रूट, नवदीप सैनी, संदीप शर्मा, कुलदीप सेन, आकाश वशिष्ठ, कुलदीप यादव और एडम जंपा।

**पंजाब किंग्स :** शिखर धवन (कप्तान), अर्शदीप सिंह, बलतेज सिंह, राज बावा, राहुल चाहर, सैम कुरेन, ऋषि धवन, नाथन एलिस, हरप्रीत बरार, हरप्रीत सिंह, वी कावेरप्पा, लियाम लिविंगस्टोन, मोहित राठी, प्रभसिमरन सिंह, कागिसो रबादा , भानुका राजपक्षे, एम शाहरुख खान, जितेश शर्मा, शिवम सिंह, मैथ्यू शॉर्ट, सिकंदर रजा और अथर्व तायडे।

समय : मैच शाम 7 :30 बजे से शुरू होगा।

## पंत ने बढ़ाया टीम का हौसला




**नयी दिल्ली।** अरुण जेटली स्टेडियम में ऋषभ पंत अपनी टीम दिल्ली कैपिटल्स का हौसला बढ़ाने के लिए एक बार फिर से पहुंचे। दौरान पंत अपने साथियों के साथ मैदान पर पहुंच गए। आंखों पर काला चश्मा लगाए और सफेद कलर की टीशर्ट में पंत को चहकता देख दर्शकों ने तालियां बजाकर उनका स्वागत किया। पंत पिछले साल हुई कार दुर्घटना के बाद पहली बार जतनक स्थल पर पहुंचे हैं। इंडियन प्रीमियर लीग ने सोशल मीडिया पर पंत के स्टेडियम में पहुंचने का वीडियो अपलोड किया है जिसे फैंस खूब पसंद कर रहे हैं। पंत डगआउट में बैठे नजर आ रहे हैं।

## आरसीबीको लगा बड़ा झटका

**बेंगलुरू।** रॉयल चैलेंजर्स बेंगलोर के शीर्ष क्रम के बल्लेबाज रजत पाटीदार टखने की चोट के कारण पूरे इंडियन प्रीमियर लीग सत्र से बाहर हो गए हैं जिससे टीम को बड़ा झटका लगा है। आठ मैच में दो अर्धशतक से 55.50 के औसत से 333 रन बनाने वाले 29 साल के पाटीदार पिछले साल आरसीबी के तीसरे सर्वाधिक रन बनाने वाले बल्लेबाज थे। उन्होंने क्वालीफायर एक में किसी भारतीय बल्लेबाज द्वारा आइपीएल में सबसे तेज शतक का रिकॉर्ड बनाया था। आरसीबी ने बयान में कहा, हम रजत के जल्द उबरने की कामना करते हैं और इस प्रक्रिया के दौरान उनका समर्थन जारी रखेंगे। कोच और टीम प्रबंधन ने अभी उनके वैकल्पिक खिलाड़ी की घोषणा नहीं करने का फैसला किया है। पाटीदार को आरसीबी के शिविर में शामिल होने से पहले ही चोट लगी थी लेकिन शुरूआत में माना जा रहा था कि वह कम से कम आईपीएल के दूसरे हाफ के लिए उपलब्ध रहेंगे। उनके बाहर होने से हालांकि टीम की समस्या बढ़ गई है। पाटीदार के बाहर होने की खबर उस समय आई है जब पिछले सत्र में 12 मैच में 20 विकेट के साथ टीम के दूसरे सबसे सफल गेंदबाज रहे ऑस्ट्रेलिया के जोश हेजलवुड ने संकेत दिया है कि वह अप्रैल के चौथे हफ्ते तक मैच फिट नहीं हो पाएंगे।

# स्वितोलिना की मां बनने के बाद कोर्ट पर वापसी पुतिनत्सेवा के हाथों करना पड़ा हार का सामना

**चार्लेस्टन।** दो बार की ग्रैंडस्लैम सेमीफाइनलिस्ट एलिना स्वितोलिना के लिए मां बनने के बाद कोर्ट पर वापसी आसान नहीं रही और उन्हें चार्लेस्टन ओपन टेनिस टूनार्मेंट के पहले दौर में तीन सेट तक चले मुकाबले में हार का सामना करना पड़ा। विश्व की पूर्व नंबर तीन खिलाड़ी लेकिन अभी 1081वें नंबर पर काबिज स्वितोलिना दो घंटे, 46 मिनट तक चले मुकाबले में यूलिया पुतिनत्सेवा से 6-7 (3), 6-2, 6-4 से हार गई। स्वितोलिना ने कहा, मेरे लिए शारीरिक तौर पर यह आसान नहीं था। मेरा मानना है कि मैंने अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन नहीं किया लेकिन मैं उसके करीब पहुंच रही हूं। स्वितोलिना और उनके पति टेनिस खिलाड़ी गेल मोनफिल्स पिछले साल अक्टूबर में एक बिटिया के माता-पिता बने थे। दिन के अन्य मैचों में 2017 की अमरीकी ओपन चैंपियन सलोनी स्टीफंस ने क्वालीफायर लुईसा चिरिको को 3-6, 6-1, 6-2 से, सत्रह वर्षीय लिंडा फ्रुहविटोर्वा ने जिल टीचमैन को 6-2, 3-6, 6-2 से, अन्ना कालिंस्काया ने एनाहेलिना कलिनिना को 7-6 (6), 6-4 से और क्वालीफायर कैथरीन सेबोव ने लॉरेन डेविस को 4-6, 6-1, 6-2 से हराया।



## नितिन मेनन करेंगे एशेज श्रृंखला में अंपायरिंग

**नयी दिल्ली।** आइसीसी अंपायरों की एलीट पेनल में अकेले भारतीय नितिन मेनन जून जुलाई में इंग्लैंड और आस्ट्रेलिया के बीच एशेज श्रृंखला में अंपायरिंग करेंगे। इंदौर के 39 वर्ष के मेनन तीसरे और चौथे टेस्ट में मैदानी अंपायर होंगे। वह एशेज में अंपायरिंग करेंगे। तीसरा टेस्ट छह से 10 जुलाई तक लीड्स पर और चौथा 19 से 23 जुलाई के बीच मैनचेस्टर में खेला जायेगा। मेनन पांचवें और आखिरी टेस्ट में टीवी अंपायर होंगे जो लंदन में खेला जायेगा। मेनन इससे पहले 2020 में भी एशेज में अंपायरिंग कर सकते थे लेकिन कोरोना महामारी के कारण स्थानीय अंपायरों को ही चुना गया।

# संजीता चानू को बड़ा झटका, लगा चार साल का प्रतिबंध

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** राष्ट्रमंडल खेलों में दो बार की चैंपियन भारतीय भारोत्तोलक संजीता चानू पर पिछले साल डोप परीक्षण में असफल रहने के कारण राष्ट्रीय डोपिंग रोधी एजेंसी (नाडा) ने चार साल का प्रतिबंध लगाया है। संजीता पिछले साल सितंबर-अक्टूबर में गुजरात में राष्ट्रीय खेलों के दौरान परीक्षण में एनाबॉलिक स्टेरॉयड- ड्रोस्तानोलोन मेटाबोलाइट के लिए पॉजिटिव पाई गई थी, जो विश्व डोपिंग रोधी एजेंसी (वाडा) की प्रतिबंधित सूची में शामिल है। भारतीय भारोत्तोलन महासंघ (आइडब्ल्यूएफ) के अध्यक्ष सहदेव यादव ने पुष्टि की कि संजीता को प्रतिबंधित किया गया है। उन्होंने कहा, हां, संजीता पर नाडा ने चार साल का प्रतिबंध लगाया है। यह संजीता के लिए बड़ा झटका है। उन्होंने राष्ट्रीय खेलों में रजत पदक जीता था जिसे छीन लिया गया है। इस नए घटनाक्रम पर उनकी प्रतिक्रिया नहीं ली जा सकी। संजीता ने 2014 में ग्लास्गो राष्ट्रमंडल खेलों में 48 किग्रा भार वर्ग में स्वर्ण पदक जीता था। उन्होंने 2018 में गोल्ड कोस्ट में 53 किग्रा भार वर्ग में सोने का तमगा हासिल किया था। मणिपुर की इस खिलाड़ी के पास अभी फैसले के खिलाफ अपील करने का



विकल्प है लेकिन यह तय नहीं है कि वह ऐसा करेंगी या नहीं। संजीता ने जनवरी में कहा था, मुझे पहले भी इसका अनुभव है तो फिर मैं फिर से क्यों डोप लूंगी। मैं नहीं जानती कि मैं अपील करूंगी या नहीं क्योंकि दोनों मामलों में मेरी हार होगी। उन्होंने कहा था, अगर मैं अपील करती हूं तो मेरा नाम पाक साफ होने में समय लगेगा और मेरे पास ओलंपिक और एशियाई खेलों के लिए क्वालीफाई करने का मौका नहीं रहेगा। अगर मैं हार जाती हूं तो मुझे निलंबित कर दिया जाएगा। यह पहला अवसर नहीं है जबकि 2011 की एशियाई चैंपियनशिप की कांस्य पदक विजेता को डोपिंग से जुड़े विवाद का सामना करना पड़ रहा है। इससे पहले नवंबर 2017 में अमेरिका में विश्व चैंपियनशिप से पहले एनाबॉलिक स्टेरॉयड टेस्टोस्टेरोन के लिए पॉजिटिव पाए जाने पर अंतरराष्ट्रीय भारोत्तोलन महासंघ ने 2018 में उन्हें प्रतिबंधित किया था। विश्व संस्था ने हालांकि 2020 में उन्हें आरोप मुक्त कर दिया था। संजीता ने कहा था, मैं पहले भी इस तरह की स्थिति से गुजर चुकी हूं लेकिन मेरी समझ में यह नहीं आ रहा है कि यह कैसे हुआ। इस घटना से पहले तक मैं अपने खाने और हर काम को लेकर काफी सतर्क थी। मैंने अपने पूरक आहार को लेकर भी सतर्कता बरती थी और मैंने पूछा था क्या वह डोप मुक्त हैं।

## कोविड-19 पॉजिटिव पाए गए आकाश चोपड़ा

**नयी दिल्ली।** मौजूदा आइपीएल 2023 में कमेंट्री कर रहे भारत के पूर्व सलामी बल्लेबाज आकाश चोपड़ा कैश-रिच लीग के पहले सप्ताह के दौरान कोविड-19 टेस्ट में पॉजिटिव पाए गए हैं। इस 45 वर्षीय ने सोशल मीडिया के जरिए अपने स्वास्थ्य के बारे में अपडेट जारी किया और कहा कि उनके हल्के लक्षण हैं और कुछ दिनों के लिए कमेंट्री ड्यूटी से दूर रहेंगे। चोपड़ा ने मंगलवार को ट्वीट में कहा, कोविड ने पकड़ा और बोल्ड किया। उन्होंने कहा, कुछ दिनों के लिए कमेंट्री ड्यूटी से दूर रहूंगा, मजबूत वापसी की उम्मीद है।' कमेंट्री ही नहीं पूर्व क्रिकेटर अन्य शो में भी शामिल हैं।

# कोर्ट पहुंचते ही पूर्व अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप गिरफ्तार

एजेंसी

**वॉशिंगटन।** अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप को स्टॉर्मी डेनियल्स केस में गिरफ्तार कर लिया गया है। न्यूयॉर्क के मैनहट्टन कोर्ट पहुंचते ही उन्हें गिरफ्तार कर लिया गया। इसी के साथ डोनाल्ड ट्रंप अमेरिका के पहले ऐसे राष्ट्रपति बन गये हैं, जिनके खिलाफ आपराधिक आरोप लगाये जायेंगे। न्यूयॉर्क की ग्रांड ज्यूरी ने ट्रंप पर आरोप लगाने का फैसला किया था हालांकि, उन्होंने आरोपों को अभी सार्वजनिक नहीं किया है। ऐसे में यह पता नहीं चल सका है कि डिस्ट्रिक अटॉर्नी के सामने उनके खिलाफ क्या आरोप लगाये जायेंगे। आरोपों का सीलबंद लिफाफा आज कोर्ट के सामने औपचारिक तौर पर पेश किया जायेगा।

### व्हाइट हाउस ने साधी चुप्पी

व्हाइट हाउस ने ट्रंप के अभियोग और न्यूयॉर्क में गिरफ्तारी के बारे में टिप्पणी करने से इनकार कर दिया है। दैनिक ब्रीफिंग में वाइट हाउस के प्रेस सचिव काराइन जीन-पियरे ने कहा कि यह एक चल रहा मामला है और हम कोई टिप्पणी नहीं करेंगे। राष्ट्रपति अमेरिकी लोगों पर ध्यान केंद्रित करने जा रहे हैं, जैसे वह हर दिन करते हैं। इसके बाद वे फिनलैंड के नाटो में शामिल होने के



बारे में जानकारी देने लगीं। उन्होंने रूस में वॉल स्ट्रीट जर्नल के रिपोर्टर की गिरफ्तारी का मामला भी उठाया।

### क्या है पूरा मामला

खुद डोनाल्ड ट्रंप ने आशंका जतायी थी कि उन्हें साल 2016 में पॉर्न स्टार स्टॉर्मी डेनिएल्स को एक लाख तीस हजार डॉलर का भुगतान करने के मामले में गिरफ्तार किया जा सकता है। दरअसल, यह मामला 2006 का है। पॉर्न स्टार स्टॉर्मी डेनिएल्स ने 2011 में 'इन टच वीकली' को दिये इंटरव्यू में आरोप लगाया था कि डोनाल्ड ट्रंप ने उन्हें डिनर पर आमंत्रित किया और वह उनसे मिलने के लिए होटल के एक कमरे में पहुंची थी। यह इंटरव्यू साल 2011 में दिया गया था लेकिन इसे ट्रंप के राष्ट्रपति बनने के बाद 2018 में जारी किया गया था। डेनियल्स ने दावा किया उस रात ट्रंप सोफे पर पसरे हुए थे और पायजामा पहनकर टीवी देख रहे थे। उन्होंने यह भी कहा कि उस रात ट्रंप ने उनके साथ शारीरिक संबंध बनाया था। हालांकि, ट्रंप के वकील का दावा है कि उनके क्लाइंट ने इससे पूरी तरह इनकार किया है। यह घटना ट्रंप के सबसे छोटे बेटे बैरन के जन्म के चार महीने बाद हुई थी। इस इंटरव्यू के प्रकाशित होने के बाद एक अन्य इंटरव्यू में स्टॉर्मी डेनिएल्स ने दावा किया कि उन्हें एक व्यक्ति ने इस मामले में चुप्पी साधने के लिए धमकी भी दी थी। उन्होंने कहा कि 2011 में जब मैंने इंटरव्यू देने के लिए हां कह दिया तो उसके कुछ दिनों बाद लास वेगास में एक कार पार्किंग में एक व्यक्ति मेरे पास आया और धमकी दी कि ट्रंप को अकेला छोड़ दो।

## पेज एक का शेष

### तालाब में डूबकर...

हादसे के बाद बच्चे के पिता कार्तिक उरांव और ग्रामीण घटनास्थल जाकर बच्ची को पीठ पर ढोकर गांव ले जाने लगे। उसके साथ कुछ अन्य लोग भी बच्चियों को ढोकर गांव ले जाने लगे। इधर घटना की सूचना पर घाघरा पुलिस दल बल के साथ घटनास्थल पहुंची। पुलिस गांव पहुंचकर तीनों बच्चियों को पुलिस वाहन से तत्काल सदर अस्पताल लेकर आयी। जहां चिकित्सकों ने जांच के बाद तीनों बच्चियों को मृत घोषित कर दिया। इसकी जानकारी मिलते ही पूरे गांव में मातम छा गया। परिजनों का रो रो कर बुरा हाल है।

### नक्सली सरेंडर करें...

हजारीबाग जोन के डीआईजी नरेंद्र कुमार सिंह, सीआरपीएफ के डीआईजी डीके चौधरी, सीआरपीएफ 190 बटालियन के कमांडेंट मनोज कुमार समेत जिला बल और पैरामिलिट्री फोर्स के अधिकारियों ने उनका स्वागत किया। इसके बाद डीजीचतरा पी का काफिला लावालौंग प्रखंड स्थित सीआरपीएफ 190 मुख्यालय कैंप पहुंचा।

### गुड न्यूज : आज रिम्स को...

चिकित्सा पदाधिकारियों की स्थायी नियुक्ति : आयुष विभाग के निदेशक डॉ फजलुस समी ने बताया कि चिकित्सा पदाधिकारियों की स्थायी नियुक्ति की गयी है, जबकि सामुदायिक स्वास्थ्य पदाधिकारियों की नियुक्ति अनुबंध पर होगी। आयुष विभाग के तहत 297 सीएचओ अपनी सेवा राज्य के विभिन्न हेल्थ एंड वैलनेस सेंटर में देंगे।

### नाथुला में हिमस्खलन...

कई लोगों को बचाया गया और गंभीर रूप से घायलों को गंगटोक के अस्पताल में भर्ती कराया गया। अधिकारियों ने कहा कि करीब 80 वाहन में सवार 350 लोग नाथू ला से सड़क अवरुद्ध होने के कारण फंसे हुए थे, जिन्हें वापस लाया गया। अब तक 22 लोगों को सुरक्षित निकाल लिया गया है। जिनमें से छह को एक गहरी घाटी से निकाला गया। करीब 350 लोग और 80 वाहन मार्ग पर फंसे गये थे क्योंकि नाथुला से आने वाले मार्ग को बर्फ ने अवरूद्ध कर दिया था। इन लोगों और वाहनों को भी वापस ले आया गया है। नाथुला दर्रा चीन से लगी सीमा पर स्थित है और यह अपनी मनोरम सुंदरता के कारण पर्यटकों का एक प्रमुख आकर्षण केंद्र है। **पीएम मोदी ने जताया दुख :** सिक्किम हिमस्खलन हादसे पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने ट्वीट कर दुख जताया। पीएम मोदी ने ट्वीट कर कहा, हादसे में उन लोगों के प्रति संवेदना जिन्होंने अपनों को खोया है। मुझे उम्मीद है कि घायल जल्द ही ठीक हो जायेंगे। बचाव अभियान जारी है और प्रभावित लोगों को हर संभव सहायता प्रदान की जा रही है।

### खेलो इंडिया : झारखंड की...

पांच नेशनल रैंकिंग आर्चरी प्रतियोगिता के बाद यह फाइनल टूर्नामेंट हरियाणा के सोनीपत में 2 से 4 अप्रैल तक आयोजित हुआ। इसी टूर्नामेंट के रिकर्व में दीप्ति ने अंकिता को फाइनल मुकाबले में हराकर गोल्ड मेडल हासिल किया है।

स्पीड न्यूज

## आईएनएस पर प्रशिक्षण लेगा अग्निवीरों का बैच

**नयी दिल्ली।** महिला उम्मीदवारों सहित अग्निवीरों का पहला जत्था पोत पर प्रशिक्षण के लिए मंगलवार को आईएनएस विक्रमादित्य पर सवार हुआ। आईएनएस विक्रमादित्य पर सवार होकर वे समुद्र में जीवन के लिए मानसिक और शारीरिक रूप से तैयार होंगे। आईएएस विक्रमादित्य भारतीय नौसेना का विमानवाहक पोत है जिसे नवंबर 2013 में कमीशन किया गया था। पिछले हफ्ते, भारतीय नौसेना के तहत अग्निवीरों का पहला बैच 28 मार्च को पास आउट हुआ। 272 महिलाओं सहित कुल 2,585 अग्निवीरों ने ओडिशा में अपनी तरह के पहले आईएनएस चिल्का के पोर्टल को पास आउट किया था।

## राजस्थान के सीएम और पूर्व सीएम कोरोना संक्रमित

**राजस्थान।** कोरोनावायरस देश में तेजी से फैल रहा है। 24 घंटे के भीतर देश में कोरोना के 3,038 नए केस सामने आए हैं। इस दौरान संक्रमण की वजह से 7 लोगों की मौत हुई है। सबसे अधिक दो मौतें पंजाब में हुई। इस बीच राजस्थान के मुख्यमंत्री अशोक गहलोत और पूर्व सीएम वसुंधरा राजे भी कोरोनावायरस की चपेट में आ गई हैं। अशोक गहलोत ने संक्रमित होने की जानकारी ट्विटर के जरिए दी है। उन्होंने कहा कि पिछले कुछ दिनों में देशभर में कोविड के मामले बढ़े हैं। मैं स्वयं भी हल्के लक्षणों के साथ कोविड से संक्रमित हो गया हूं। डॉक्टरों की सलाह के अनुसार अगले कुछ दिन निवास से ही कार्य जारी रखूंगा। आप सब सावधानी बरतें एवं कोविड प्रोटोकॉल का पालन करें।

## भारी बारिश के कारण 14 फ्लाइट डायवर्ट

**बेंगलुरु।** बेंगलुरु में खराब मौसम और भारी बारिश के चलते विमान सेवा बाधित हुई है। देवनहल्ली में मंगलवार की शाम जोरदार बारिश हुई। इसके चलते 14 फ्लाइट को डायवर्ट करना पड़ा और छह उड़ानों में देरी हुई है। इसके चलते यात्रियों को परेशान होना पड़ा है। हवाईअड्डे के एक अधिकारी ने कहा कि तेज हवाओं और भारी बारिश के चलते विमान सेवा पर असर पड़ा है। शाम 4:05 बजे से 4:51 बजे तक उड़ान सेवा ठप रही है। इसके बाद व्यवस्था बहाल हुई है।

## छात्राओं की आत्महत्या से यूजीसी ने जारी की गाइडलाइन

**नयी दिल्ली।** देशभर के स्कूल-कॉलेज में पढ़ने वाले छात्रों के आत्महत्या करने की खबरें लगातार बढ़ती जा रही हैं। अब सरकार की ओर से सामने आया एक आंकड़ा चिंता का विषय बनता जा रहा है। आंकड़ों के मुताबिक पिछले चार साल में कुल 7,396 छात्रों ने आत्महत्या की है। जबकि आत्महत्या करने वाली छात्राओं की संख्या 5693 है। यानी चार साल में 13089 छात्रों ने अपनी जान दे दी है। एडवाइजरी के तहत नेशनल सुसाइड प्रिवेंशन स्ट्रेटजी को लागू करने का निर्देश दिया है। केंद्र सरकार के ओर से हैप्पीनेस और वेलनेस वर्कशॉप, योग क्लासेस और जागरूकता अभियान चलाकर छात्रों को तनाव से मुक्ति दिलाने का प्रयास किया जा रहा है।

# भारत-अमेरिका रक्षा सौदा : इंडियन नेवी के लिए 2400 करोड़ की डील

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** भारत और अमेरिका के बीच करीब 2400 करोड़ रुपए की रक्षा डील साइन की गई है। इसके तहत भारतीय नौ सेना के लिए नए मिसाइल और टारपीडो खरीदे जाएंगे। साथ ही एमएच-60 रोमियो चॉपर के लिए हथियारों का पैकेज डील भी की जाएगा। इस डील पर भी जल्दी ही साइन किए जाएंगे।



**सटीक टार्गेट वाले हथियार :** भारतीय नौसेना में हेलफायर मिसाइलों को शामिल करने की योजना है, जो कि सटीक टार्गेट वाले हथियार हैं। अमेरिकी सेना हाई वैल्यू वाले टार्गेट के खिलाफ इसका इस्तेमाल किया जाता है। इन प्रमुख हथियारों में एमके 54 लाइटवेट टारपीडो शामिल है। यह अमेरिकी जहाजों के साथ ही फिक्स्ड-विंग एयरक्राफ्ट और हेलीकॉप्टरों द्वारा उपयोग किए जाते हैं। यह अमेरिका के एंटी-सबमरीन वार वेपन हैं। इसे पहले से ही भारतीय नौसेना के पी-8आई पनडुब्बी रोधी युद्ध और निगरानी विमानों में शामिल किया गया है।

### अमेरिका से हथियार खरीदेगा भारत

भारत बहुत ही जल्द अमेरिका से हथियारों की खरीद करने वाला है। इसमें हेलफायर मिसाइल और मोर्क 54 एंटी सबमरीन टारपीडो की खरीद के लिए डील की गई है। यह भारत-अमेरिका के बीच मिलिट्री कूपरेशन के क्षेत्र में अगला कदम है। इन हथियारों को 24 एमएच-60 हेलीकॉप्टर पर तैनात किए जाएंगे, जो कि बहुत ही जल्द नेवी का हिस्सा होने वाला है। एमएच-60 के लिए इन हथियारों की खरीद वाली डील पर जल्द ही साइन किए जाएंगे। टॉप मिलिट्री अधिकारियों ने बताया कि यह विदेशी मिलिट्री के साथ कूपरेशन के क्षेत्र में बड़ा कदम होगा।

### 2020 में हुई थी 16000 की डील

भारत और अमेरिका के बीच 2020 में लॉकहीड मार्टिन से 24 एमएच-60 रोमियो हेलीकॉप्टर खरीदने के लिए 16,000 करोड़ रुपये से अधिक के सौदे पर हस्ताक्षर किए थे। वहीं 24 एमएच-60 रोमियो मल्टीमोड राडार और नाइट-विजन उपकरणों के साथ-साथ मिसाइलों, टॉरपीडो और अन्य हथियारों से लैस होंगे। एमएच-60 चॉपर सी किंग हेलिकॉप्टरों की जगह लेने जा रहे हैं जो बहुत जल्द सेना से बाहर कर दिए जाएंगे।

# आपदाओं को लेकर एक वैश्विक मानवीय दृष्टिकोण की जरूरत : मोदी

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आपदाओं में वैश्विक एवं मानवीय दृष्टिकोण अपनाये जाने पर जोर देते हुए मंगलवार को कहा कि इसके लिए प्रतिक्रियाओं का एकीकरण किये बिना प्रभावी परिणाम हासिल नहीं किये जा सकते हैं। पीएम मोदी ने एक वीडियो के माध्यम से आपदा प्रतिरोधी अवसंरचना 2023 पर 5वें अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन को संबोधित किया। इस वर्ष की थीम डिलीवरिंग रेजिलिएंट एंड इन्क्लूसिव इंफ्रास्ट्रक्चर है। उन्होंने कहा, सीडीआरआई एक वैश्विक दृष्टिकोण से उत्पन्न हुआ है कि निकटता से जुड़ी दुनिया में, आपदाओं का प्रभाव केवल स्थानीय नहीं होगा। इसलिए, हमारी प्रतिक्रिया को अलग-थलग नहीं एकीकृत करना होगा।



उन्होंने कहा कि कुछ ही वर्षों में, 40 से अधिक देश सीडीआरआई का हिस्सा बन गए हैं। यह सम्मेलन एक महत्वपूर्ण मंच बनता जा रहा है। उन्नत अर्थव्यवस्थाएं और विकासशील अर्थव्यवस्थाएं, बड़े और छोटे देश, वैश्विक उत्तर और वैश्विक दक्षिण, इस मंच पर एक साथ आ रहे हैं। यह भी उत्साहजनक है कि इसमें सिर्फ सरकारें ही शामिल नहीं हैं। वैश्विक संस्थान, डोमेन विशेषज्ञ और निजी क्षेत्र भी एक भूमिका निभाते हैं।

प्रधानमंत्री ने इस वर्ष की थीम के संदर्भ में आपदा से निपटने के लिए बुनियादी ढांचे को लेकर प्राथमिकताओं को रेखांकित करते हुए कहा, बुनियादी ढांचा न केवल प्रतिफल, बल्कि पहुंच और लचीलेपन के बारे में भी है। बुनियादी ढांचे को किसी को पीछे नहीं छोड़ना चाहिए और संकट के समय में भी लोगों की सेवा करनी चाहिए। प्रधान मंत्री ने बुनियादी ढांचे के समग्र दृष्टिकोण की आवश्यकता पर बल दिया क्योंकि सामाजिक और डिजिटल बुनियादी ढांचा उतना ही महत्वपूर्ण है जितना कि परिवहन संबंधी बुनियादी ढांचा।

श्री मोदी ने भारत की जी20 अध्यक्षता का उल्लेख करते हुए बताया कि कई कार्यकारी समूहों में सीडीआरआई को शामिल किया गया है। उन्होंने कहा, आप यहां जिन समाधानों की तलाश कर रहे हैं, उन पर वैश्विक नीति-निर्माण के उच्चतम स्तर पर ध्यान दिया जाएगा। उन्होंने विश्वास जताया कि आईसीडीआरआई 2023 में विचार-विमर्श एक अधिक लचीली दुनिया के साझा दृष्टिकोण को प्राप्त करने का मार्ग प्रदान करेगा।

## पीएम मोदी से मिले भूटान नरेश वांगचुक



**नयी दिल्ली।** भूटान के तीसरे राजा जिग्मे खेसर नामग्याल वांगचुक ने मंगलवार को दिल्ली में पीएम मोदी से मुलाकात की। इस दौरान दोनों नेताओं के बीच आर्थिक सहयोग समेत कई क्षेत्रों में द्विपक्षीय संबंधों को मजबूत करने के तरीकों पर भी चर्चा हुई। वांगचुक का यह दौरा, उस वक्त हो रहा है जब भूटान के पीएम ने पिछले हफ्ते डोकलाम को तीन देशों का विवाद बताया था। इस पर विदेश सचिव विनय मोहन क्वात्रा ने कहा कि भारत सरकार राष्ट्रहित से संबंधित सभी मुद्दों और स्थितियों पर बारिकी से नजर बनाए हुए है। इनकी सुरक्षा के लिए हम हर जरूरी कदम उठाएंगे। भारत और भूटान सुरक्षा हित सहित सभी साझा हितों के लिए एक साथ मिलकर काम करते रहेंगे। वहीं, भूटान के छात्रों से संबंधित एक सवाल पर विदेश सचिव ने कहा कि हमारे सहयोगी पड़ोसी देशों के छात्रों के लिए भारतीय शिक्षा प्रणाली में अवसर और उपलब्धता की शर्तों में कोई बदलाव नहीं किया गया है।

# जम्मू-कश्मीर के आरएसएस नेताओं को आतंकी ग्रुप की धमकी : हिटलिस्ट में 30 लीडर्स के नाम

**द रेजिस्टेंस फ्रंट ने कहा-अब हम इन नेताओं का बहाएंगे खून**

एजेंसी

**श्रीनगर।** उग्रवादी समूह द रेजिस्टेंस फ्रंट ने कश्मीर घाटी में फ्रर के नेताओं को धमकी दी है। खबरों के मुताबिक, टीआरएफ ने राष्ट्रीय स्वयंसेवक (आरएसएस) के सदस्यों पर हमले की योजना बनाई है। इसके अलावा करीब 30 नामों की सूची भी सार्वजनिक की है। इस साल जनवरी तक सरकार ने टीआरएफ को पहले ही यूएपीए के तहत एक आतंकवादी समूह के रूप में नामित कर दिया था।हाल ही में केंद्र सरकार की आतंकवादी संगठनों की सूची में टीआरएफ और चार अन्य समूहों को जोड़ा गया है। टीआरएफ लश्कर-ए-तैयबा का छायावादी आतंकवादी समूह है, जो जम्मू-कश्मीर में सुरक्षा बलों और नागरिकों की हत्या की साजिश में शामिल रहा है। बता दें कि टीआरएफ द्वारा जारी लिस्ट में अधिकांश नेता महिलाएं हैं। इस लिस्ट में मुहम्मद हारून (जम्मू-कश्मीर), इरशाद तांत्रे (कुलगाम) व अन्य का नाम शामिल है।

महिला नेताओं में संगीता आनंद (जम्मू-कश्मीर), करुणा छेत्री (जम्मू-कश्मीर) अफरोजा बानो (बारामूला), शमीमा बानो (जम्मू और कश्मीर), सुमैरा बानो (बारामूला), जमरूदा अख्तर (बारामूला), मुबीना अली (बारामूला), रुबीना बेगम (बारामूला), सकीना बेगम (बारामूला), अख्तर जहरा (बारामूला), स्नोबर निसार (जम्मू और कश्मीर), शबनम अख्तर (कश्मीर), उल्फत गस्से (जम्मू-कश्मीर), वहीदा (बारामूला), सुनीता वजीर (जम्मू), जरिया अख्तर और आफिदा (कश्मीर) का नाम शामिल है।

# उत्तर प्रदेश में नैनी, बांदा और बरेली जेल के सुपरिटेंडेंट सस्पेंड

एजेंसी

**लखनऊ।** उमेश पाल हत्याकांड के बाद से उत्तर प्रदेश की योगी आदित्यनाथ सरकार माफियाओं और उनसे गठजोड़ रखने वालों पर ताबड़तोड़ एक्शन ले रही है। मंगलवार को सरकार ने तीन जेलों के अधीक्षकों को सस्पेंड कर दिया। इनमें प्रयागराज की नैनी सेंट्रल जेल, बांदा और बरेली जेल के अधीक्षक शामिल हैं। आरोप है कि इन अफसरों ने माफिया अतीक अहमद और मुख्तार अंसारी को मदद पहुंचाई और उन्हें वीआईपी ट्रीटमेंट दिया है। यह कार्रवाई गोपनीय जांच रिपोर्ट के आधार पर की गई है।



डीजी जेल एसएन साबत ने इन तीनों जेलों की गोपनीय जांच कराई थी। जिसमें कैदियों को वीआईपी ट्रीटमेंट दिए जाने और मुलाकातियों को सहूलियत दिए जाने का आरोप लगाया गया था। जांच में बड़ा गड़बड़झाला सामने आया है। इसके बाद बरेली जेल अधीक्षक राजीव शुक्ला, नैनी जेल के वरिष्ठ जेल अधीक्षक शशिकांत सिंह और बांदा जेल के अधीक्षक अविनाश गौतम को सस्पेंड किया गया है। तीनों अफसरों को लापरवाही और अनुशासनहीनता का आरोपी बताया गया है।

**अनुशासनहीनता की रिपोर्ट के आधार पर हुआ एक्शन**

## दिल्लीवालों को मिलती रहेगी 'फ्री बिजली' : अरविंद केजरीवाल

**नयी दिल्ली।** दिल्लीवालों को पहले की तरह बिजली में छूट का लाभा मिलता रहेगा। दिल्ली सरकार की नए मंत्री आतिशी और सौरभ भारद्वाज ने संयुक्त प्रेस कॉन्फ्रेंस कर आज इसकी जानकारी दी है। आतिशी ने बताया कि दिल्लीवालो के लिए खुशखबरी! केजरीवाल सरकार की कैबिनेट ने अगले साल भी बिजली सब्सिडी जारी रखने का निर्णय लिया है। दिल्ली की आप सरकार ने कैबिने मीटिंग में बिजली सब्सिडी सहित कई अहम फैसलों को मंजूरी दी गई है। आतिशी ने प्रेस कॉन्फ्रेंस कर भारतीय जनता पार्टी पर फ्री बिजली रोकने का आरोप भी लगाया। केजरीवाल सरकार ने आज कैबिनेट बैठक में यं तो कई महत्वपूर्ण फैसले लिए हैं जिसमें बिजली सब्सिडी जारी रखने वाला फैसला अहम रहा। कैबिनेट मीटिंग के बाद दिल्ली सरकार के मंत्री आतिशी और सौरभ भारद्वाज ने मीडिया को संबोधित किया। आतिशी ने कहा कि दिल्लीवासियों के लिए खुशखबरी! षड्यंत्रकारियों की जी तोड़ कोशिशों के बावजूद, अरविंद केजरीवाल सरकार की कैबिनेट ने अगले साल भी बिजली सब्सिडी जारी रखने का निर्णय लिया है। पहले की तरह - उपभोक्ताओं को 200 यूनिट तक फ्री बिजली और 200-400 यूनिट तक बिल पर 50 प्रतिशत सब्सिडी मिलती रहेगी।

## माफिया अतीक के पत्नी शाइस्ता का मायावती ने काटा टिकट

**लखनऊ।** साबरमती जेल में उम्रकैद की सजा काट रहे माफिया अतीक अहमद को एक और झटका लगा है। निकाय चुनाव से पहले बसपा प्रमुख मायावती ने माफिया की पत्नी शाइस्ता परवीन का प्रयागराज से मेयर का टिकट काट दिया है। मायावती ने प्रयागराज से मेयर पद के लिए घोषित शाइस्ता की उम्मीदवारी को पूरी तरह से रद्द कर दिया है। दो अप्रैल को लखनऊ में हुई बसपा कार्यकताओं की बैठक में मायावती ने इसका औपचारिक तौर पर ऐलान भी कर दिया था। बसपा अब जल्द ही किसी और को प्रयागराज से मेयर का प्रत्याशी घोषित करेगी। बसपा नए प्रत्याशी की तलाश कर रही है। बतादें कि बसपा सुप्रीमो मायावती ने अतीक की पत्नी शाइस्ता परवीन को प्रयागराज मेयर का चुनाव न लड़ाने का फैसला किया गया है। उनके स्थान पर किसी दूसरे मुस्लिम उम्मीदवार को टिकट दिया जाएगा। सूत्रों का कहना है कि मायावती ने प्रयागराज मंडल प्रभारियों को इस संबंध में निर्देश दे दिया है। अगले एक हफ्ते में निकाय चुनाव उम्मीदवारों की घोषणा शुरू हो जाएगी। उमेश पाल हत्याकांड में नामजद अतीक की पत्नी शाइस्ता का मायावती ने टिकट काट दिया है। माना जा रहा है कि शाइस्ता को अब बसपा से भी निकाले जाने की तैयारी है।

## बाघों के शिकार में आई कमी सरकार ने संसद में पेश किए आंकड़े

**नयी दिल्ली।** बाघ को लेकर लगातार सरकार की तरफ से उसके संख्या बढ़ने का दावा किया जा रहा था। लेकिन अब चौंकाने वाली खबर सामने आई है। 2018 से 2022 बीच देश के बाघों की मौत की संख्या में वृद्धि दर्ज की गई है। सरकार ने संसद में जवाब देते हुए बाघ से जुड़े कई आंकड़े पेश किए है। उसमे बताया गया है कि 2022 में देश भर में 131 बाघों की मौत हुई है,जबकि बाघों का शिकार घटा है। 2022 में 108 बाघ प्राकृतिक और अन्य कारणों से मरे, जबकि शिकार की वजह से 10 बाघों की मौत हुई और अप्राकृतिक कारणों से 3 बाघों की मौत हुई। वहीं 2021 में 127 बाघ मरे हैं, जिसमे से शिकार की वजह से 18 बाघ मरे, अप्राकृतिक कारणों से 8 बाघ मरे वही प्राकृतिक और अन्य कारणों से 101 बाघों की मौत हुई है। जबकि 2020 में 106 बाघ मरे। जिसमें से शिकार की वजह से 15, अप्राकृतिक कारणों से 1 और प्राकृतिक वजह से 90 बाघों की मौत हुई है। 2019 में 96 बाघ मरे, जिसमें अवैध शिकार की वजह से 27, अप्राकृतिक कारण से 3 और प्राकृतिक और अन्य कारण से 66 बाघ मरे।

## वाणिज्य की खबरें

### यात्री वाहनों की खुदरा बिक्री मार्च में 14 प्रतिशत बढ़कर 3.35 लाख इकाई पर

**नयी दिल्ली।** इलेक्ट्रॉनिक कलपुर्जों की आपूर्ति में सुधार से देश में यात्री वाहनों (पीवी) की खुदरा बिक्री मार्च महीने में सालाना आधार पर 14 प्रतिशत बढ़कर 3,35,266 इकाई पर पहुंच गयी। वाहन डीलर संघों के महासंघ (फाडा) ने मंगलवार को यह जानकारी दी। पिछले महीने घरेलू बाजार में यात्री वाहनों का पंजीकरण का आंकड़ा 3,35,266 इकाई पर पहुंचा था। मार्च, 2022 में यह संख्या 2,93,016 इकाई रही थी। फाडा ने बयान में कहा कि दोपहिया वाहनों की खुदरा बिक्री भी पिछले महीने 12 प्रतिशत बढ़कर 14,45,867 इकाई हो गयी। एक साल पहले इसी महीने में 12,86,109 दोपहिया वाहन बिके थे। इसी तरह, वाणिज्यिक वाहनों की बिक्री भी पिछले महीने बढ़कर 92,790 इकाई रही। यह आंकड़ा पिछले साल मार्च के 84,124 इकाई से 10 प्रतिशत अधिक है।

### बायजू पुराने मूल्यांकन पर 70 करोड़ डॉलर जुटाने की प्रक्रिया में

**नयी दिल्ली।** शिक्षा प्रौद्योगिक मंच बायजू ने 70 करोड़ डॉलर (लगभग 5,750 करोड़ रुपये) जुटाने के लिए वित्तपोषण का दौर शुरू किया है। सूत्रों ने यह जानकारी दी। एक अन्य सूत्र ने बताया कि कंपनी 25 करोड़ डॉलर की राशि जुटाने की ओर बढ़ रही है और पूरा वित्तपोषण जुटाने की प्रक्रिया करीब दो सप्ताह में पूरी होने की उम्मीद है। एक सूत्र ने कहा, वित्तपोषण दौर का समापन करने के लिए बायजू अंतिम चरण की बातचीत कर रही है। यह लगभग 70 करोड़ डॉलर का होगा। हालांकि, अंतिम आंकड़े बाद में ही सामने आ पाएंगे। कंपनी यह राशि 22 अरब डॉलर के पुराने मूल्यांकन पर जुटा रही है। इससे पहले कंपनी ने मौजूदा निवेशकों तथा कतर इन्वेस्टमेंट अथॉरिटी से 25 करोड़ डॉलर जुटाए थे। मार्च, 2022 में घोषित 80 करोड़ डॉलर के वित्तपोषण दौर में कंपनी का मूल्यांकन 22 अरब डॉलर आंका गया था।




### ट्विटर से नीली चिड़िया का लोगो उड़ाकर कुत्ते को बना दिया आइकन

**नयी दिल्ली।** ट्विटर जिसका दूसरा पर्याय बन चुकी थी नीली चिड़िया जिसे कंपनी के मालिक एलन मस्क ने आजाद कर दिया है। ट्वीटर की नीली चिड़िया वाला लोगो अब बदल गया है। एलोन मस्क ने नीली चिड़िया को उड़ा कर उसकी जगह कुत्ते को दे दी है। वर्षों पुराना ट्विटर का लोगो बदलने को लेकर काफी चर्चा हो रही है। कहा जा रहा है कि जो कुत्ता लोगो पर लगाया गया है वो एलन मस्क के ही कुत्ते का लोगो है। इससे पहले इस कुत्ते को एलन मस्क सीईओ भी बना चुके है। जैसे ही ट्विटर यूजर्स ने नए लोगो को देखा तो ट्विटर पर #DOGE टॉप ट्रेंड करने लगा। जानकारी के मुताबिक ये डॉग फ्लोकी है जो कि शीबा इनु नस्ल का कुत्ता है। इस पोस्ट में मस्क ने लिखा था कि नए सीईओ का कमाल है। उन्होंने कहा था कि ये सीईओ दूसरे लोगों की तुलना में अच्छा है।



### भारतीय रिजर्व बैंक ने गुजरात में दो शहरी सहकारी बैंकों पर लगाया जुर्माना

**मुंबई।** भारतीय रिजर्व बैंक ने गुजरात के दो शहरी सहकारी बैंकों – वड़ोदरा स्थित श्री छानी नागरिक सहकारी बैंक और जामनगर पीपुल्स कोऑपरेटिव बैंक पर मौद्रिक दंड लगाया है। वड़ोदरा स्थित बैंक को अपने एक निदेशक से बीमा पॉलिसी खरीदते हुए पाया गया जो एक बीमा कंपनी के एजेंट के रूप में काम कर रहा था। केंद्रीय बैंक द्वारा आयोजित बैंक के वैधानिक निरीक्षण का उल्लेख करते हुए 3 मार्च, 2023 को आरबीआई के एक बयान में कहा गया है कि वड़ोदरा स्थित बैंक ने अपने कर्मचारियों के लिए अपने एक निदेशक से बीमा पॉलिसी खरीदी थी, जो एक एजेंट भी था।




# तुषार खन्ना ने अपनी पहली फिल्म 'स्टारफिश' के लिए स्कूबा डाइविंग सीखी

एजेंसी

**मुंबई।** टी-सीरीज की आगामी फिल्म स्टारफिश के साथ अपना फीचर फिल्म डेब्यू करते हुए, तुषार खन्ना बीना नायक के बेस्ट सेलर उपन्यास 'स्टारफिश पिकल' के रूपांतरण में प्रमुख भूमिका निभाते नजर आयेंगे। फिल्म समुद्र की गहराई में उतरती है, जिसके लिए तुषार खन्ना को कैरेक्टर के लिए स्कूबा डाइविंग सीखने की आवश्यकता थी। पहले कभी स्कूबा डाइविंग का प्रयास नहीं करने वाले तुषार खन्ना ने स्कूबा डाइविंग का अभ्यास करने के लिए चार दिनों की ट्रेनिंग के बाद लाइसेंस प्राप्त किया और स्कूबा डाइविंग सीखने के लिए विशेष प्रशिक्षण लिया।

चूंकि स्कूबा डाइविंग किरदार का एक अभिन्न हिस्सा है, अभिनेता माल्टा में 11 डिग्री के ठंडे तापमान में शूटिंग कर रहे हैं। एक पेशेवर डाइविंग सूट पहनने से लेकर पहनने के लिए साबुन के पानी में शरीर को ढंकने की आवश्यकता होती है, शरीर के तापमान को बनाए रखने के लिए नियमित रूप से अपने ऊपर गर्म पानी डालना, तुषार खन्ना शूट के लिए आवश्यक सभी उपाय कर रहे हैं। उसी के बारे में बात करते हुए, तुषार ने कहा, यह एक उत्साहजनक अनुभव रहा है। मैंने अपने जीवन में कभी स्कूबा डाइविंग का प्रयास नहीं किया, एक अभिनेता के रूप में, कैरेक्टर के लिए नए स्किल को सीखने के लिए खुद को चुनौती देना बेहद रोमांचक है।



# 'येंतम्मा गाना' पर राम चरण, सलमान और वेंकटेश ने एक साथ दिखाया स्वैग

एजेंसी

**मुंबई।** इन दिनों बॉलीवुड एक्टर सलमान खानअपनी अपकमिंग फिल्म किसी का भाई किसी की जान को लेकर खूब सुर्खियां बटोर रहे हैं। फैंस को भी सलमान खान की इस फिल्म का बहुत ही बेसब्री से इंतजार है। इस बीच अब सलमान की इस फिल्म का नया गाना 'येंतम्मा' रिलीज हो गया है।

**'येंतम्मा' गाना रिलीज**

बता दें कि किसी का भाई किसी की जान के नए गाने 'येंतम्मा' में सलमान खान के साथ साउथ के दो बड़े सुपरस्टार वेंकटेश और राम चरण भी थिरकते हुए नजर आ रहे हैं। वहीं, इस फिल्म में वेंकटेश अहम किरदार निभाते नजर आएंगे और राम चरण ने भाईजान की दोस्ती में इस गाने के लिए स्पेशल कैमियो किया है। बताते चलें कि जब सलमान ने राम चरण से येंतम्मा सॉन्ग के कैमियो के लिए कहा तो चरण मना नहीं कर पाए और कैमियो करने के लिए तैयार हो गए।



किसी का भाई किसी की जान के नए गाने 'येंतम्मा' को देखकर फैंस बहुत ही खुश हैं। ये गाना जबरदस्त बीट्स से लोगों को अपना दीवाना बना रहा है। साथ ही इसमें सलमान खान, राम चरण, वेंकटेश दग्गुबाती और पूजा हेगड़े एक साथ नजर आ रहे हैं। वहीं, ये गाना एंटरटेनमेंट से भरपूर हैं।

**फिल्म को लेकर बहुत ही एक्साइटेड हैं फैंस**

बता दें कि इस फिल्म को लेकर फैंस बहुत ही एक्साइटेड हैं और बेसब्री से इसका इंतजार कर रहे हैं। साथ ही इस गाने का म्यूजिक भी लोगों को खूब भा रहा है। इसके वीडियो में साफ दिख रहा है कि सलमान खान और वेंकटेश पहले बाइक पर लेटकर डांस करते हैं और फिर काला चश्मा लगाकर अपना स्वैग दिखाते हैं।

### 21 अप्रैल को रिलीज होगी फिल्म

बता दें कि किसी का भाई किसी की जान 21 अप्रैल को सिनेमाघरों में दस्तक देने वाली है। इस फिल्म में लमान और पूजा के साथ जस्सी गिल, राघव जुयाल और सिद्धार्थ निगम अहम रोल प्ले करते हुए नजर आएंगे।

